www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...

SUNDAY

नई दिल्ली, रविवार, 14 जनवरी, 2024

वर्ष – 16 | अंक –280 | पृष्ठ – 10

मूल्य –3.00 रु.

राष्ट्रीय संस्करण

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...

मंदिर का निर्माण कार्य पूरा होने से पहले प्राण ... पृष्ठ 02

■ पतंग महोत्सव में शिरकत करें लोग : उपराज्यपाल
■ एल्गी ने की सिमुलेटेड हाई-एल्टीट्यूड फिटनेस ... 03

■ गाजा के अस्पतालों में मानवीय सहायता पहुंचाना हो रहा मुश्किल
■ हमले जारी रहे तो होगी जवाबी कार्रवाई 07

साहित्य

बोलने वाले जानवर पृष्ठ 06

मोटे लोगों में ब्लड कैंसर होने का खतरा अधिक पृष्ठ 10

## सार संक्षेप

### बिरला ने मकर संक्रांति पर देशवासियों को दी बधाई



**नई दिल्ली।** लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला ने मकर संक्रांति, पोंगल, बिहू और अन्य त्योहारों की पूर्व संध्या पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। श्री बिरला ने कहा, मकर संक्रांति, पोंगल, उत्तरायण, माघ बिहू, शिशिर संक्रांति, खिचड़ी और पौष संक्रांति के अवसर पर लोगों को मेरी हार्दिक शुभकामनाएं।

### हिंदू महासभा ने की चंपत राय को हटाने की मांग



**नई दिल्ली।** फिल्म अभिनेता रणवीर कपूर और आलिया को राममंदिर प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण देने का विरोध करते हुए अखिल भारतीय हिंदू महासभा राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट (निर्माण समिति) के महासचिव चंपत राय पर सख्त नाराज हो गया है। प्रधानमंत्री को खत लिखकर हिंदू महासभा ने चंपत राय को उनके मौजूदा पद से हटाने की मांग की है। चेतावनी दी गई है कि अगर अगर चंपत राय को उनके पद से नहीं हटाया जाता है तो अखिल भारतीय हिंदू महासभा सड़क पर उतरने के लिए बाध्य हो जाएगा।

### सीमा सड़क संगठन के श्रमिकों का दस लाख का बीमा



**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सीमा सड़क संगठन और जनरल रिजर्व इंजीनियर फोर्स की ओर से विभिन्न परियोजना कार्यों के लिए नियोजित आकस्मिक भुगतान वाले श्रमिकों को 10 लाख रुपए की बीमा सुविधा के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। समूह (टर्म) बीमा योजना के तहत आकस्मिक भुगतान वाले श्रमिकों (सीपीएल) की किसी भी प्रकार की मृत्यु पर उनके परिवार या निकट संबंधियों को बीमा के रूप में 10 लाख रुपए मूल्य की बीमा राशि प्रदान की जाएगी।

### नौसेना के चीता, गुलदार और कुंभीर युद्धपोत सेवामुक्त



**नई दिल्ली।** भारतीय नौसेना के युद्धपोत चीता, गुलदार और कुंभीर को राष्ट्र की चार दशकों तक गौरवशाली सेवा के बाद सेवामुक्त कर दिया गया। रक्षा मंत्रालय ने शनिवार को बताया कि इन जहाजों को कार्य मुक्त करने के लिए पोर्ट ब्लेयर में एक पारंपरिक समारोह में आयोजित किया गया था।

### हमें धमकाने का लाइसेंस किसी के पास नहीं : मुइज्जू

**नई दिल्ली।** मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू चीन दौरे से वापस अपने देश लौट आए हैं। इसके बाद उन्होंने भारत पर अप्रत्यक्ष प्रहार किया है। उनका कहना है कि हम भले ही छोटा देश हो सकते हैं लेकिन इससे किसी को भी हमें धमकाने का लाइसेंस नहीं मिल जाता।

### भारत जोड़ो न्याय यात्रा की आज मणिपुर से होगी शुरुआत

# 'लोकतंत्र' को 'एकतंत्र' में बदलने की नीतियों के खिलाफ हो रही यात्रा : जयराम

## राज्य सरकार ने यात्रा में 1 हजार लोगों के शामिल होने की दी है अनुमति




- अब थौबुल से शुरू होगी यात्रा
- 6,700 किमी की दूरी तय करेगी
- यात्रा को खड़गे दिखाएंगे हरी झंडी




मोदी सरकार के 10 साल के कार्यकाल के दौरान देश की जनता ने अन्याय सहन किया है। इसी अन्याय के खिलाफ देश के लोगों को जोड़ने के लिए यह यात्रा हो रही है : **जयराम रमेश, कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी**

**इम्फाल,** 13 जनवरी (देशबन्धु)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा रविवार 14 जनवरी को मणिपुर की राजधानी इंफाल की बजाय राज्य के थौबल जिले के ऐतिहासिक खोंगजोंग से शुरू होगी। कांग्रेस ने श्री गांधी के नेतृत्व में यहां हप्ता कांगजेइबुंग पैलेस मैदान से यात्रा शुरू करने की अनुमति मांगी थी, लेकिन प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था का हवाला देते हुए सीमित लोगों के साथ यात्रा शुरू करने की अनुमति दी तो कांग्रेस ने इंफाल की बजाय राज्य के थौबल जिले से यात्रा शुरू करने का निर्णय लिया। राज्य सरकार ने यात्रा में 1 हजार लोगों के शामिल होने की अनुमति दी है।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने यात्रा की पूर्व संध्या पर आज यहां संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि श्री गांधी की यात्रा के लिए भले ही इंफाल से अनुमति नहीं दी गई लेकिन यात्रा रविवार को मणिपुर से ही शुरू होगी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे मणिपुर के थोबल जिले से यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे।

### इससे पहले कर चुके है भारत जोड़ो यात्रा

इससे पहले राहुल गांधी ने 7 सितंबर 2022 से 30 जनवरी 2023 तक भारत जोड़ो यात्रा की थी। 145 दिनों की यात्रा तमिलनाडु के कन्याकुमारी से शुरू होकर जम्मू-कश्मीर में खत्म हुई थी। तब राहुल ने 3570 किलोमीटर की यात्रा में 12 राज्यों और 2 केंद्र शासित प्रदेशों को कवर किया था।

### 15 राज्यों से होकर गुजरेगी यात्रा

राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा मणिपुर से शुरू होकर मुंबई में खत्म होगी। करीब 6,700 किलोमीटर दूरी तय करके यह यात्रा 15 राज्यों से होकर गुजरेगी। ये राज्य मणिपुर, नगालैंड, असम, मेघालय, पश्चिम बंगाल, बिहार, झारखंड, ओडिशा, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान, गुजरात और महाराष्ट्र हैं।

# केजरीवाल को ईडी से चौथी बार समन



- 18 जनवरी को पूछताछ के लिए बुलाया गया
- शराब घोटाला मामले में भेजा गया है समन

**नई दिल्ली,** 13 जनवरी (देशबन्धु)। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शनिवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को दिल्ली शराब नीति मामले में चौथी बार समन भेजकर 18 जनवरी को पूछताछ के लिए हाजिर होने का निर्देश दिया। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक श्री केजरीवाल को नई दिल्ली में ईडी के मुख्यालय में बुलाया गया है। इससे पहले उन्हें एजेंसी की ओर से तीन जनवरी, 21 दिसम्बर और दो नवंबर 2023 को एजेंसी के समक्ष हाजिर होने के लिए समन जारी किए गए थे। श्री केजरीवाल इन तीनों ही तिथियों पर बयान देने के लिए नहीं पहुंचे। श्री केजरीवाल का नाम ईडी की ओर शराब घोटाला मामले में दाखिल आरोपपत्र में कई बार आया है। एजेंसी उन्हें जांच के सिलसिले में बराबर तलब कर रही है। ईडी का कहना है कि दिल्ली सरकार की 2021-22 की तथाकथिति गड़बड़ियों वाली शराब नीति तैयार करने में श्री केजरीवाल भी संलिप्त थे। इस मामले के आपराधिक पक्ष की जांच केन्द्रीय जांच ब्यूरो कर रहा है। दिल्ली के तत्कालीन मुख्य सचिव की रिपोर्ट पर उप राज्यपाल ने आबकारी नीति का मामला केन्द्रीय जांच ब्यूरो को सौंपा है।

### प्रचार करने से रोकना चाहती है भाजपा : केजरीवाल

केजरीवाल इससे पहले भी दो नवंबर, 21 दिसंबर और फिर 3 जनवरी को ईडी के सामने पेश नहीं हुए थे। केजरीवाल ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार उन्हें आगामी लोकसभा चुनाव में प्रचार करने से रोकने के लिए गिरफ्तार करना चाहती है। उन्होंने कहा, मेरे वकीलों ने मुझे बताया कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समन गैरकानूनी हैं। भाजपा मुझे लोकसभा चुनाव में प्रचार करने से रोकने के लिए गिरफ्तार करना चाहती है।

# शीत लहर से ठिठुरी दिल्ली

- दिल्ली में मौसम की सबसे ठंडी सुबह रही
- न्यूनतम तापमान गिरकर 3.6 डिग्री सेल्सियस
- मौसमी औसत तापमान से चार डिग्री है कम



**नई दिल्ली,** 13 जनवरी (देशबन्धु)। शीत लहर के बीच शनिवार सुबह राष्ट्रीय राजधानी में घना कोहरा छाया रहा और न्यूनतम तापमान रिकॉर्ड तोड़ 3.6 डिग्री सेल्सियस तक गिर गया, जो मौसमी औसत से चार डिग्री कम है। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने कहा कि शनिवार की सुबह शहर में कई स्थानों पर घने से मध्यम कोहरा रहा। सुबह 7:30 बजे सफदरजंग में सबसे कम दृश्यता 300 मीटर थी, जबकि पालम में सुबह आठ बजे दृश्यता 350 मीटर दर्ज की गई। आईएमडी ने यह भी भविष्यवाणी की है कि अगले पांच दिन उत्तर भारत में घने से बहुत घने कोहरे की स्थिति बनी रहने की संभावना है। पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, राजस्थान के अधिकांश हिस्सों, उत्तर प्रदेश, दक्षिण राजस्थान के कुछ इलाकों में न्यूनतम तापमान 3-7 डिग्री सेल्सियस के बीच है।

### अभी और सताएगी शीत लहर

आईएमडी ने कहा है कि अगले दो दिन उत्तर भारत में शीत लहर से गंभीर शीत लहर की स्थिति होने की संभावना है, जबकि अगले तीन दिन उत्तर पश्चिम भारत के मैदानी इलाकों में शीत लहर से लेकर गंभीर शीत लहर की स्थिति होने की संभावना है और उसके बाद शीत लहर समाप्त हो जाएगी।

इंडिया गठबंधन की हुई वर्चुअल बैठक

# खड़गे बने 'इंडिया गठबंधन' के अध्यक्ष

## बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने संयोजक बनने से किया इनकार

**नई दिल्ली,** 13 जनवरी (देशबन्धु)। आखिरकार कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को इंडिया गठबंधन की बागडोर सौंप दी गई। उन्हें सर्व सम्मति से गठबंधन का अध्यक्ष बना दिया गया। वहीं नीतीश कुमार ने इंडिया गठबंधन का संयोजक बनने से इनकार कर दिया। इस बैठक से टीएमसी,शिवसेना उद्धव गुट व समाजवादी पार्टी सहित गठबंधन के कई प्रमुख दलों ने किनारा कर लिया। तकरीबन दो घंटे तक चली इस वर्चुवल बैठक में सीटों के बंटवारे पर भी चर्चा हुई।

**9 दलों के नेताओं ने लिया हिस्सा**

बैठक का उद्देश्य था कि गठबंधन के दलों के बीच संवादहीनता की स्थिति न रहे। फिलहाल 28 दलों के गठबंधन में से केवल 9 दलों के नेताओं ने ही हिस्सा लिया। इसमें कांग्रेस पार्टी की ओर से मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी, राजद से लालू प्रसाद व तेजस्वी यादव, जदयू की ओर से पार्टी अध्यक्ष व बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, आम आदमी पार्टी का प्रतिनिधित्व दिल्ली के मुख्य मंत्री व पार्टी संयोजक अरविंद केजरीवाल ने किया। वहीं नेशनल कॉन्फ्रेंस से फारूख अब्दुल्ला, सीपीएम से सीताराम येचुरी,एनसीपी से शरद पवार और डीएमके की ओर से पार्टी अध्यक्ष व तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने हिस्सा लिया। वहीं बैठक से दूरी बनाने वाले प्रमुख दलों में समाजवादी पार्टी, शिवसेना उद्धव गुट और टीएमसी रही।



- सीटों के बंटवारे पर भी चर्चा हुई
- तकरीबन दो घंटे तक चली बैठक
- बैठक में शामिल नहीं हुई ममता

### बैठक के बाद मिले खड़गे, राहुल व केजरीवाल

शनिवार को महत्वपूर्ण घटनाक्रम यह रहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री तथा आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल श्री खड़गे से मिलने उनके आवास पर पहुंचे। श्री केजरीवाल ने सीटों के बंटवारे को लेकर श्री खडगे तथा कांग्रेस नेता राहुल गांधी से कांग्रेस अध्यक्ष के आवास 10 राजाजी मार्ग व्यापक चर्चा की। समिति दिल्ली में सीटों के बंटवारे को लेकर आम आदमी पार्टी के नेताओं के साथ दो दौर की बैठक कर चुकी है। इन बैठकों के बाद श्री केजरीवाल, श्री खडगे तथा श्री गांधी की हुई मुलाकात को महत्वपूर्ण माना जाना जा रहा है।

अंतरिम बजट में सरकार कर सकती है कुछ बड़ी घोषणाएं

# स्वास्थ्य बीमा राशि को पांच लाख से बढ़ाकर साढ़े सात करने की तैयारी!

**नई दिल्ली,** 13 जनवरी (देशबन्धु)। चुनावी साल के अंतिम अंतरिम बजट में सरकार कुछ बडी घोषणाएं कर सकती है। इसके तहत स्वास्थ्य बीमा की राशि 5 लाख से बढ़ाकर साढ़े सात लाख की जा सकती है। मालूम हो कि आयुष्मान भारत योजना के तहत मिलने वाली बीमा राशि अभी पांच लाख है। लेकिन चुनावी बेला में इसे बढ़ाकर साढ़े सात लाख करने की तैयारी है। बतादें कि अभी अस्पताल में भर्ती होकर इलाज कराने के लिए प्रति परिवार पाच लाख रुपए की बीमा राशि तय की गई है। सूत्रों ने बताया कि इसमें 50 फीसदी बढ़ोतरी का प्रस्ताव दिया गया है। माना जा रहा है चुनावी साल में इस प्रस्ताव को स्वीकार किया जा सकता है। वहीं इस योजना के तहत अभी तक देश में 25.21 करोड आयुष्मान कार्ड बनाए गए है। जल्द ही यह संख्या बढ़ाकर 30 करोड़ किया जा सकता है। इसके दायरे में 5.68 करोड़ पंजीकृत अस्पताल हैं। साथ ही 26,617 अस्पतालों का अतिरिक्त नेटवर्क भी तैयार किया गया है।





### कर छूट का दायरा भी बढ़ा सकती है सरकार

इसके अलावा सरकार नई आयकर प्रणाली के तहत कर छूट का दायरा मौजूदा सात लाख से बढ़ाकर साढ़े सात लाख तक कर सकती है। साथ ही 50 हजार के स्टैंडर्ड डिडक्शन के बाद 8 लाख रुपए तक की सालाना आय वाले नौकरी-पेशा लोगों को वित्तवर्ष 2024-25 से आयकर नहीं देना होगा। एक फरवरी को पेश होने जा रहे अंतरिम बजट में वित्तमंत्री निर्मला सीतारमन इसकी घोषणा कर सकती हैं।


ब्रिटेन की राजनयिक ने की पीओके की यात्रा

# भारत ने आपत्ति दर्ज कराई, बताया संप्रभुता का उल्लंघन



**नई दिल्ली,** 13 जनवरी (एजेंसियां)। भारत ने पाकिस्तान में नियुक्त ब्रिटेन के उच्चायुक्त की पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर क्षेत्र के दौरे पर आपत्ति दर्ज करायी है और इसे भारत की संप्रभुता और अखंडता का उल्लंघन करार देते हुये कहा है कि इस तरह का उल्लंघन बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है। विदेश मंत्रालय ने शनिवार को जारी एक बयान में कहा है कि ब्रिटेन के राजनयिक का 10 जनवरी का यह दौरा भारत की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का उल्लंघन है। मंत्रालय ने कहा है कि इस तरह का उल्लंघन स्वीकार्य नहीं है। उल्लेखनीय है कि इस्लामाबाद स्थित ब्रिटेन की उच्चायुक्त जेन मैरियट 10 जनवरी को जम्मू-कश्मीर के पाकिस्तान के कब्जे वाले इलाके में मीरपुर शहर में गयी थीं और उन्होंने इस यात्रा में पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर क्षेत्र के तथाकथित राष्ट्रपति सुल्तान महमूद चौधरी से मुलाकात भी की थी। भारत ने इस घटनाक्रम को गंभीरता से लिया है। विदेश मंत्रालय के बयान में कहा गया है कि विदेश सचिव विनय क्वात्रा ने इस उल्लंघन के विरुद्ध नयी दिल्ली में ब्रिटेन के उच्चायुक्त में भारत की ओर से कठोर आपत्ति दर्ज करवाई है।

# दिग्गज गायिका प्रभा अत्रे का निधन



- दिल का दौरा पड़ने से 92 साल की उम्र में मौत

**नई दिल्ली,** 13 जनवरी (एजेंसियां)। प्रभा, नाम की तरह हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत को अपनी रचनात्मक किरणों से सजाने वाली डॉ प्रभा अत्रे अब हमारे बीच नहीं रहीं। किराना घराने की नायाब धरोहर को देश-दुनिया में लोकप्रिय बनाने वाली 92 साल की दिग्गज गायिका का निधन दिल का दौरा पड़ने से हुआ। अस्पताल ले जाते समय ही उन्होंने दुनिया को अलविदा कह दिया। 20वीं सदी की सबसे उम्दा कलाकारों में से एक डॉ प्रभा ने न केवल शास्त्रीय संगीत की परंपरा को बखूबी आगे बढ़ाया, बल्कि वो अकादमी, रिसर्च और लेखन क्षेत्र में भी बेहतरीन थीं। शास्त्रीय संगीत को लेकर उनका विजन मामूली नहीं था, इस जटिल विधा में भी उनके नित- नए प्रयोग ही उनकी पहचान बन गए।

तैयारी — *थल, नभ व जल से रखी जा रही है नजर*

# रामनगरी अयोध्या की सुरक्षा व्यवस्था की गई पुख्ता

**लखनऊ, 13 जनवरी (एजेंसियां)। योगी सरकार अयोध्या धाम की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अति संवेदनशील है। धाम की सुरक्षा को अभेद्य बनाने के लिए थल, नभ और जल से व्यवस्था पुख्ता की जा रही है। मैनुअल एजेंसियों की तैनाती के साथ टेक्नोलॉजी का भरपूर इस्तेमाल किया जा रहा है। धाम में एटीएस, एसटीएफ, पीएसी, यूपीएसएसएफ समेत यूपी पुलिस की भारी-भरकम फोर्स को तैनात किया गया है, वहीं, एआई, एंटी ड्रोन, सीसीटीवी कैमरों को लगाया गया है।**

सरयू नदी और घाटों पर एनडीआरएफ की टुकड़ी को तैनात किया गया है। अयोध्या में मेहमानों की सुरक्षा के लिए बार कोडिंग का इस्तेमाल किया जा रहा है। अयोध्या आईजी प्रवीण कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के मद्देनजर अयोध्या में पुलिस बल की तैनाती की गई है। धाम की सुरक्षा को लेकर इसे दो जोन रेड और येलो में बांटा गया है। केंद्रीय एजेंसी में सीआरपीएफ, एनडीआरएफ भी तैनात की गई है। इंटेलिजेंस ब्यूरो और रॉ का भी सहयोग लिया जा रहा है। धाम में प्रदेश के विभिन्न जिलों के 100 से अधिक डीएसपी, लगभग 325 इंस्पेक्टर और 800 उपनिरीक्षकों को तैनात किया गया है।



- धाम में भारी-भरकम फोर्स को तैनात किया गया
- एआई, सीसीटीवी कैमरों से की जा रही निगरानी

**मुख्य समारोह से पहले 11,000 जवान तैनात होंगे**

मुख्य समारोह से पहले पुलिस और अर्धसैनिक बलों के 11,000 जवान तैनात किए जाएंगे। वीआईपी सुरक्षा के लिए तीन डीआईजी, 17 एसपी, 40 एएसपी, 82 डीएसपी, 90 इंस्पेक्टर के साथ 1,000 से ज्यादा कान्सटेबल और 4 कंपनी पीएसी को तैनात किया गया है। आईजी ने बताया कि कार्यक्रम को देखते हुए और फोर्स को बढ़ाया जा रहा है। किसी भी स्थिति में चूक की कोई गुंजाइश न रहे, इसके लिए सुरक्षा कार्य में लगी सभी एजेंसियों के बीच बेहतर समन्वय हो, इस पर भी फोकस किया जा रहा है। चाक-चौबंद रेल सुरक्षा के लिए भी विशेष इंतजाम किए गए हैं। श्रद्धालुओं को दर्शनीय स्थलों की जानकारी देने के लिए 250 पुलिस गाइड की तैनाती की गई है। 14 जनवरी को डिजिटल टूरिस्ट ऐप को लॉन्च किया जाएगा।

# देश

उवाच "

प्रधानमंत्री मोदी राज धर्म का पालन नहीं करते हैं। वे सिर्फ चुनावी उद्देश्य को पूरा करने के लिए इसे राजनीतिक कार्यक्रम में बदल रहे हैं। हम अयोध्या और राम का बहिष्कार नहीं कर रहे हैं। हम सिर्फ कार्यक्रम का बहिष्कार कर रहे हैं।

-वीरप्पा मोइली, कांग्रेस नेता



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 15.0 | 05.0 |
| मुंबई | 30.0 | 24.0 |
| कोलकाता | 19.0 | 09.0 |
| चेन्नई | 28.0 | 24.0 |

# मंदिर का निर्माण कार्य पूरा होने से पहले प्राण प्रतिष्ठा गलत : कांग्रेस

**कोझिकोड,** 13 जनवरी (एजेंसियां)। कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर ने अपने एक बयान में कहा है कि राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा खुद करने से प्रधानमंत्री मोदी को ही नुकसान होगा। दरअसल शंकराचार्यों

■ **शंकराचार्यों की कथित नाराजगी पर बोल मणिशंकर अय्यर**

की कथित नाराजगी को लेकर मणिशंकर अय्यर ने यह बात कही। मणिशंकर ने कहा कि मोदी द्वारा खुद राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल होने और धार्मिक अनुष्ठान करने पर चार शंकराचार्यों ने नाराजगी जताई है। शंकराचार्यों का हिंदू धर्म में बहुत ऊंचा स्थान है। यह सब पीएम मोदी को ही नुकसान पहुंचाएगा। उन्होंने कहा कि मंदिर का निर्माण कार्य पूरा होने से पहले ही प्राण प्रतिष्ठा की जा रही है, जो कि शास्त्रों के अनुसार ठीक नहीं है। मणिशंकर अय्यर ने अपनी किताब पर भी चर्चा की। उन्होंने दावा किया कि पूर्व पीएम राजीव गांधी पर बोफोर्स घोटाले में लगे सभी आरोप झूठे थे और उनका कोई आधार नहीं था। बोफोर्स घोटाले के आरोपों के चलते ही साल 1989 में राजीव गांधी की



**शंकराचार्यों का हिंदू धर्म में बहुत ऊंचा स्थान यह सब मोदी को ही नुकसान पहुंचाएगा : मणिशंकर अय्यर**

कांग्रेस सरकार को लोकसभा चुनाव में हार का सामना करना पड़ा था। राजीव गांधी सरकार पर 1986 में 1,437 करोड़ रुपए के बोफोर्स तोप के सौदे में घोटाले के आरोप लगे थे। मणिशंकर अय्यर, राजीव गांधी की सरकार में प्रधानमंत्री कार्यालय के संयुक्त सचिव रहे थे। अय्यर ने बोफोर्स घोटाले में राजीव गांधी पर लगे आरोपों के लिए मीडिया को जिम्मेदार ठहराया।

गौरतलब है कि पुरी पीठाधीश्वर निश्चलनानंद सरस्वती शनिवार को पश्चिम बंगाल के गंगा सागर मेले में हिस्सा लेने पहुंचे। उन्होंने किसी का नाम लिए बिना ही, इशारों-इशारों में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा पर कई संदेश दिए। शंकराचार्य ने कहा कहा जाता है कि श्री राम जी यथा स्थान प्रतिष्ठित हों, आवश्यक है। लेकिन शास्त्र सम्मत विधि के अनुपालन करके ही उनकी प्राण प्रतिष्ठा हो, यह भी आवश्यक है।

जो प्रतिमा होती है, विग्रह होता है, मूर्ति होती है, विधिवत उसमें भगवत का सन्निवेश होता है। उन्होंने कहा विधिवत पूजा प्रतिष्ठा न होने पर उस प्रतिमा में अड़चन आती है। विग्रह में, मूर्ति में डाकनी, शाकनी, भूत प्रेत-पिशाच इन सबका प्रवेश हो जाता है। वे डाकनी, शाकनी, भूत-प्रेत, पिशाच विप्लव मचा देते हैं। शास्त्र सम्मत विधि से राम जी की प्रतिष्ठा हो। पूजन इत्यादि का प्रकल्प भी शास्त्र सम्मत विधा से हो। मैं एक संकेत करता हूं। संविधान का अर्थ ही होता है, विधि और निशेध। इतनी सी बात है। किसी शंकराचार्य में मतभेद नहीं है।

एक सवाल के जवाब में शंकराचार्य ने कहा था कि राजनेताओं की अपनी सीमा होती है, उनका दायित्व होता है। संविधान की सीमा में, धार्मिक, आध्यात्मिक क्षेत्र में विधि का पालन विधिवत हो। हर क्षेत्र में दखल करने में राजनेता का उन्माद माना जाता है।

## अधिकतर हिंदुओं ने कभी भी हिंदुत्व के लिए वोट नहीं किया : अय्यर

कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर ने कहा कि अधिकतर हिंदुओं ने कभी भी हिंदुत्व के लिए वोट नहीं किया है। यह हमारा चुनाव कराने का तरीका है जो बीते 10 सालों से हिंदुत्ववादी सत्ता में हैं। अय्यर ने कहा कि हिंदू धर्म भारत का सबसे प्राचीन धर्म है और देश के बहुसंख्यक समाज द्वारा इसका पालन किया जाता है। वहीं हिंदुत्व एक राजनीतिक दर्शन है। दरअसल ऐसा दावा किया जा रहा है कि उत्तराखंड स्थित ज्योतिर्मठ के शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने कहा है कि चारों शंकराचार्य अयोध्या में राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल नहीं होंगे।

# कोलकाता में दो फर्मों पर ईडी की छापेमारी

**कोलकाता,** 13 जनवरी (एजेंसियां)। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने महानगर कोलकाता के दो फर्मों के बैंक खातों और क्रिप्टो करेंसी में 64 लाख जब्त किए हैं। ईडी के सूत्रों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मेसर्स टीएम ट्रेडर्स और मेसर्स केके ट्रेडर्स से संबंधित बिनेंस क्रिप्टो एक्सचेंज में क्रिप्टो वॉलेट में पड़े थे। गुरुवार को धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के प्रावधानों के तहत तलाशी लेने के बाद यह रोक लगायी गयी।





■ **64 लाख रुपए जब्त**

ईडी ने दोनों फर्मों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत कोलकाता पुलिस द्वारा दर्ज प्राथमिकी के आधार पर जांच शुरू की। ईडी की जांच से पता चला कि प्रसेनजीत दास, शैलेश कुमार पांडे, तुषार पटेल और अन्य व्यक्तियों ने विभिन्न डमी कंपनियों/फर्मों/संस्थाओं के माध्यम से कथित तौर पर टीपी ग्लोबल एफएक्स के प्लेटफॉर्म/वेबसाइट का उपयोग करके विदेशी मुद्रा व्यापार में निवेश करने की आड़ में जनता को धोखा दिया। बाद में इन निधियों का उपयोग आरोपी व्यक्तियों के व्यक्तिगत लाभ/लाभ के लिए चल/अचल संपत्तियों की खरीद में किया गया। इससे पहले ईडी ने शैलेश कुमार पांडे, प्रसनजीत दास और विराज सुहास पाटिल को गिरफ्तार किया था, जो फिलहाल अलीपुर जेल में न्यायिक हिरासत में हैं।

# अयोध्या में राम मंदिर नए भारत का प्रतीक : राजनाथ सिंह

**नई दिल्ली,** 13 जनवरी (देशबन्धु)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को कहा कि अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण नए भारत का प्रतीक है। श्रीराम को अपने जन्म स्थान पर पहुंचने में 500 सौ साल का समय लग गया। श्रीराम भारत की चेतना हैं और अयोध्या सांस्कृतिक चेतना का केंद्र बन रही है।

दरअसल, दिल्ली विश्वविद्यालय में डेमोक्रेटिक टीचर्स फ्रंट की ओर से मकर संक्रांति और लोहड़ी मिलन में प्रबुद्ध पत्रकार बलबीर पुंज की पुस्तक ट्रिस्ट विद अयोध्या डिकोलोनाईजेशन ऑफ इंडिया का विमोचन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजनाथ सिंह थे।

उन्होंने कहा कि रामराज्य का मतलब लोकमंगल की स्थापना करना और आतंक का अंत कर समतामूलक समाज की स्थापना करना है। श्रीराम युग पुरुष हैं, संस्कार पुरुष और मर्यादा पुरुषोत्तम हैं। वे आदिवासी और स्त्री सम्मान के प्रतीक हैं। श्रीराम किसी विचारधारा से नहीं बंधे, बल्कि, वो सभी क्षेत्रों में आदर्श प्रस्तुत करते हैं। भगवान श्रीराम ने बिना किसी का हड़पे सभी को फलने-फूलने का अवसर दिया। राम पर सवाल उठाने वाले आज हाशिए पर चले गए हैं। रक्षा मंत्री ने कहा कि आज भारत के पुनर्जागरण का समय है। आर्थिक, धार्मिक और सांस्कृतिक सभी क्षेत्रों में पुनर्जागरण हो रहा है। भारत विश्व की पांचवी बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है और तेजी से विकास के पथ पर अग्रसर है। विश्व हिंदू परिषद के अंतराष्ट्रीय कार्य अध्यक्ष आलोक कुमार ने कहा कि 22 जनवरी को श्रीराम की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर मंदिर आंदोलन से जुड़े लोगों के साथ-साथ अन्य क्षेत्रों की



■ **पुस्तक ट्रिस्ट विद अयोध्या डिकोलोनाईजेशन ऑफ इंडिया का किया विमोचन**

प्रमुख हस्तियों को भी अयोध्या में आमंत्रित किया गया है। दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने कहा कि श्रीराम भारत के प्राण हैं। वह त्याग की मूर्ति हैं, जिन्होंने राजतिलक के अवसर पर सारा राजपाट त्याग दिया था। वे सदाचार, शील और दया के प्रतीक पुरुष हैं। पुस्तक के लेखक बलबीर पुंज ने कहा कि भारत के मानस से यदि श्रीराम को निकाल दिया जाए तो भारत अफगानिस्तान बन जाएगा। उनके लिए मनुष्यता सर्वोपरि है।

## सार संक्षेप

### कश्मीर में गोलीबारी की मजिस्ट्रेट जांच के आदेश

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर सरकार ने शनिवार को बारामूला जिले में हुई गोलीबारी की मजिस्ट्रेट से जांच के आदेश दिए, जिसमें लश्कर-ए-तैयबा का एक आतंकवादी मारा गया था। दक्षिण कश्मीर के यारहोल बाबापोरा कुलगाम का एक स्थानीय आतंकवादी आबिद वानी छह मई 2023 को बारामूला जिले के डार मोहल्ला करहामा कुंजर में हुई मुठभेड़ में मारा गया। बारामूला के जिला मजिस्ट्रेट ने गुलमर्ग के उप-विभागीय मजिस्ट्रेट को उस घटना की जांच करने के लिये विवेचना अधिकारी नियुक्त किया।

### केसीआर ने संक्रांति पर लोगों को दीं शुभकामनाएं

**हैदराबाद।** बीआरएस प्रमुख और तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव ने संक्रांति के अवसर पर राज्य के लोगों को शुभकामनाएं दीं। साथ ही उन्होंने कामना की कि संक्रांति का त्योहार लोगों के जीवन को आनंद और खुशियों से भर दे। बता दें कि तेलंगाना में, पारंपरिक उत्साह और उल्लास के साथ लोगों द्वारा आज भोगी मनाने के साथ संक्रांति उत्सव शुरू हो गया। फसल कटाई के बाद का तीन दिवसीय उत्सव पूरे राज्य में मनाया जा रहा है। पहला दिन भोगी मंटालू यानी सुबह जलाई गई अलाव के साथ शुरू हुआ। लोग बच्चों के साथ बड़ी संख्या में सडक़ों के किनारे और चौराहों पर अलाव जलाने के लिए निकले। बुरे और बुरे से छुटकारा पाने के प्रतीक के रूप में अपने पुराने और अप्रयुक्त सामानों को आग में जला दिया। लोग अपने घरों को पारंपरिक रूप से रंग-बिरंगी रंगोली और आम के पत्तों व फूलों से सजाकर समृद्धि की प्रतीक संक्रांति लक्ष्मी को आमंत्रित कर रहे हैं।

### पटेल 15 जनवरी को नागरिकों से नहीं मिल सकेंगे

**गांधीनगर।** गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल 15 जनवरी को नागरिकों से नहीं मिल सकेंगे। सरकारी सूत्रों ने बताया कि पटेल 15 जनवरी को अपनी अन्य पूर्वनिर्धारित व्यवस्तताओं के कारण जनता, नागरिकों तथा जनप्रतिनिधियों से मुलाकात के लिए उपलब्ध नहीं रह सकेंगे।

### बस में आग लगने से महिला की जलकर मौत

**हैदराबाद।** तेलंगाना के जोगुलंबा गडवाल जिले में शनिवार तड़के एक निजी बस में आग लगने से एक महिला जिंदा जल गई और चार अन्य यात्री घायल हो गए। बताया गया कि घटना हैदराबाद-बेंगलुरु राष्ट्रीय राजमार्ग पर एर्रावल्ली चौराहे के पास हुई। हैदराबाद से चित्तूर जा रही निजी ट्रैवल कंपनी की वोल्वो बस पलट गई व उसमें आग लग गई। बस में 40-50 यात्री सवार थे। यात्री खिड़कियों के शीशे तोड़कर बाहर कूद गए, लेकिन एक महिला आग की लपटों में फंस गई और जलकर मर गई।

# मणिपुर बिजली संयंत्र ईंधन रिसाव को लेकर विशेषज्ञ टीम गठित

**इंफाल,** 13 जनवरी (एजेंसियां)। मणिपुर के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक आशुतोष सिन्हा के नेतृत्व में लीमाखोंग बिजली संयंत्र ईंधन रिसाव की जांच के लिए तीन सदस्यीय टीम का गठन किया गया। यहां के स्थानीय निवासियों ने 10 जनवरी को स्टेशन से बिजली संयंत्र ईंधन का रिसाव होते देखा, जिसके बाद, उन्होंने संबंधित अधिकारियों को इसकी सूचना दी। सूचना मिलते ही, रिसाव को रोकने के लिए कार्य शुरू कर दिया गया। अधिकारियों, पुलिस और क्षेत्र के निवासियों ने इंफाल नदी की ओर प्रवाह रोक दिया। मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह ने अधिकारियों और पुलिस को तुरंत कार्रवाई करने और जांच शुरू करने का आदेश दिया। मुख्यमंत्री ने इस मामले पर मुख्य सचिव विनीत जोशी, आईआईटी संकाय, भारतीय तटरक्षक बल और विभिन्न विभाग के अधिकारियों के साथ इस पर चर्चा की। इस घटना से संबंधित जांच के लिए विशेषज्ञ टीम का गठन किया गया है और अतिरिक्त सुरक्षा उपाय भी किए गए हैं। रिसाव के कारण यहां के निवासी सुरक्षित जगह पर चले गए। मामला दर्ज कर लिया गया है और पर्याप्त सुरक्षा बलों के साथ क्षेत्र को पूरी तरह से सील कर दिया गया है।



# मप्र में लोस चुनाव की तैयारी में जुटी कांग्रेस

**भोपाल,** 13 जनवरी (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी की विधानसभा प्रभारियों की आवश्यक बैठक प्रदेश कार्यालय में शनिवार को हुई। इसमें कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी शामिल हुए। बैठक में आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर चर्चा हुई। इसके लिए पहले 18 से 24 जनवरी तक प्रत्येक विधानसभा में सम्मेलन कराने का

■ **प्रत्येक विधानसभा में 18 से 24 जनवरी के बीच होंगे सम्मेलन**

■ **भाजपा की जनविरोधी नीतियों को जनता तक पहुंचाया जाएगा**

निर्णय लिया गया। इसमें जिला स्तर के पदाधिकारियों के साथ ज्यादा से ज्यादा लोगों को जुटाने को कहा गया। इसके जरिए काबिज भाजपा के की जनविरोधी नीतियों को जनता तक पहुंचाने और पार्टी कार्यकर्ताओं को सक्रिय किया जाएगा। प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष, संगठन प्रभारी राजीव सिंह ने बताया कि पार्टी लोकसभा चुनाव से पहले विधानसभा स्तर पर सम्मेलन करेगी। कांग्रेस पार्टी लगातार



लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुटी हुई है। इसी सिलसिले में आज की पूरी बैठक हुई। विधानसभा प्रभारी जो बनाए गए हैं उनका संगठनात्मक दायित्वों की जानकारी भी दी गई है। उन्होंने बताया कि मतदाता सूची को लेकर काम चल रहा है। इसको लेकर भी कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को सक्रिय रहने को कहा गया है। ज्यादा से ज्यादा लोगों के नाम जुड़वाने को कहा गया है।

बैठक में बहुत कम प्रभारी पहुंचे। इसमें करीब डेढ़ सौ विधानसभा से ही प्रभारी बैठक में पहुंचे। इसको लेकर प्रदेश अध्यक्ष नाराज हुए। राजीव सिंह ने बैठक में कई प्रभारियों के अनुपस्थित रहने पर बताया कि शुक्रवार दोपहर में भी बैठक को लेकर सूचना दी गई, जिससे कई दूर रहने वाले साथी शामिल नहीं हो सकें। अलग-अलग कारणों से प्रभारी नहीं आए। उन सभी ने जानकारी दी है। बैठक में प्रभारियों ने अपने विधानसभा में गुटबाजी तो किसी ने अलग-अलग हार के कारण बताएं। इस पर प्रदेश अध्यक्ष ने सभी से हार की निराशा से उभर कर काम करने को कहा।

## प्रदेश के नौ जिलों से होकर गुजरेगी भारत जोड़ो न्याय यात्रा

प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष, संगठन प्रभारी राजीव सिंह ने बताया कि कांग्रेस के डोनेशन ड्राइव को लेकर भी दिशा निर्देश दिए गए हैं। वहीं, राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा को लेकर भी बैठक में चर्चा की गई है। न्याय यात्रा मध्य प्रदेश के नौ जिलों से होकर गुजरेगी।

# उदयनिधि को उपमुख्यमंत्री बनाने की खबर गलत : स्टालिन

**चेन्नई,** 13 जनवरी (एजेंसियां)। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके. स्टालिन ने शनिवार को उन अफवाहों को खारिज कर दिया कि उनके बेटे उदयनिधि स्टालिन को उपमुख्यमंत्री बनाया जा रहा है। उदयनिधि स्टालिन राज्य के खेल और युवा मामलों के मंत्री हैं। सीएम ने कहा कि उदयनिधि स्टालिन ने खुद अफवाहों को खारिज कर दिया है। द्रमुक (डीएमके) अध्यक्ष ने कहा कि पार्टी की युवा शाखा के सम्मेलन के उत्साह को कम करने के लिए अफवाहें फैलाई गईं। यह भी कहा गया कि मुख्यमंत्री के खराब स्वास्थ्य के बारे में झूठी अफवाहें फैलाई गईं, लेकिन वह पूरी तरह स्वस्थ होकर राज्य के लोगों के लिए काम कर रहे हैं।



# बेंगलुरु में यातायात उल्लंघन की निगरानी करेगा एआई : शिवकुमार

**बेंगलुरु,** 13 जनवरी (एजेंसियां)। कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार ने शनिवार को कहा कि शहर में यातायात उल्लंघनों पर नजर रखने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का इस्तेमाल किया जाएगा। उपमुख्यमंत्री ने कांतीरावा स्टेडियम में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह-24 के अवसर पर अपने भाषण के दौरान कहा कि पिछले तीन वर्षों में 6,000 से अधिक ड्राइविंग लाइसेंस रद्द किए गए हैं। एनसीआरबी के आंकड़ों के मुताबिक, ज्यादातर दुर्घटनाओं में दोपहिया वाहन शामिल होते हैं। यह महत्वपूर्ण है कि दोपहिया वाहन चालक अनिवार्य रूप से हेलमेट पहनें। उन्होंने कहा कि वाहन चलाते समय आत्मविश्वास होना चाहिए, लेकिन अति आत्मविश्वास नहीं। जीवन अनमोल है, यातायात नियमों का पालन करें। सड़क सुरक्षा के बारे में शिक्षा प्रदान करने की आवश्यकता पर जोर देते हुए उपमुख्यमंत्री ने युवाओं से आग्रह किया कि फुटपाथ पर सवारी और सिग्नल जंपिंग न करें। सरकार ने बच्चों में यातायात नियमों, अनुशासन, सहनशीलता आदि के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए मोलाकेयेले थिदिरी (प्रारंभिक वर्षों में उन्हें सुधारें) नामक एक पुस्तिका भी जारी की है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि पिछली कांग्रेस सरकार के दौरान उन्होंने दुर्घटना पीड़ितों को तत्काल इलाज मुहैया कराने के लिए सीएम सांत्वना हरीश योजना शुरू की थी।



■ **लोगों से की यातायात नियमों का पालन करने की अपील**

## पैदल चलने वालों के लिए हैं फुटपाथ

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि फुटपाथ पैदल चलने वालों के लिए हैं और उन पर रेहड़ी-पटरी वाले नहीं जा सकते। अधिकारियों के साथ वैध पंजीकरण के बाद स्ट्रीट वेंडरों को उपयुक्त स्थान पर व्यवसाय करने की अनुमति दी जाएगी। सरकार उन्हें वित्तीय सहायता भी देने को तैयार है।

# मकर संक्रांति हाट में लगी भीषण आग

**जमशेदपुर,** 13 जनवरी (एजेंसियां)। पूर्वी सिंहभूम जिले के चाकुलिया प्रखंड के केरुकोचा में मकर संक्रांति के मौके पर लगी हाट में शनिवार को भीषण आग लग गई। पटाखे की एक दर्जन दुकानों के साथ 13 बाइक और एक पिकअप वैन जलकर खाक हो गई। आग लगने से भगदड़ जैसी स्थिति बन गई, लेकिन, गनीमत यह रही कि कोई हताहत नहीं हुआ। हादसे की सूचना पाकर फायर ब्रिगेड की गाड़ी पहुंची, जिसने करीब डेढ़ घंटे की कोशिश के बाद आग पर काबू पा लिया।



■ **पटाखे की कई दुकानों के अलावा दर्जन भर बाइक और पिकअप राख**

बताया गया कि हाट में पटाखे की एक दर्जन दुकानें भी लगाई गई थी। एक दुकान से शुरू हुई आग देखते-देखते पूरे हाट में फैल गई। लोग अपने सामान लेकर किसी तरह भागे। पटाखों के लगातार विस्फोट से घबराए लोग इधर-उधर भागे। ऊंची लपटें उठने लगीं और दूर तक धुएं का गुबार फैल गया।

# बिहार में 96 हजार से अधिक शिक्षकों को सौंपे गए नियुक्ति पत्र

**पटना,** 13 जनवरी (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को नियुक्ति पत्र का वितरण किया। 70 दिनों के अंदर मुख्यमंत्री ने दूसरी बार नियुक्ति पत्र बांटे। बिहार लोक सेवा आयोजित द्वारा आयोजित शिक्षक भर्ती के दूसरे चरण की परीक्षा पास कर चयनित हुए 96 हजार 823 अभ्यर्थियों को यह पत्र दिया गया। इस दौरान बाहर के राज्य से आए नव चयनित शिक्षकों की भी भीड़ उमड़ पड़ी।

गांधी मैदान में दोपहर 12 बजे राज्य स्तरीय शिक्षक नियुक्त पत्र वितरण समारोह का आयोजन किया गया। 16 जिलों और अन्य राज्य के 26,925 नव चयनित शिक्षकों को यह पत्र दिया गया। सीएम पांच सौ से अधिक अभ्यर्थियों को पत्र दिया। अन्य नव चयनित शिक्षकों को उनके जिला मुख्यालय में यह पत्र दिया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार के अलावा दूसरे राज्यों एवं देश से बाहर के लोग भी आकर बिहार में शिक्षक बने हैं, यह प्रसन्नता का विषय है। बिहार के लोग भी बाहर जाकर अलग-अलग प्रदेशों में एवं देश के बाहर नौकरी करते हैं इसलिए हमने शुरू में ही कहा था कि बिहार के अलावा बाहर के लोगों को भी यहां होने वाली बहाली में शामिल होने का अवसर प्रदान किया जाएगा, इसको लेकर मेरी आलोचना भी हुई थी। इस समारोह में सीएम नीतीश कुमार के



**नीतीश ने नियुक्ति पर सवाल उठाने वालों को घेरा**

अलावा उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव, वित्त मंत्र विजय कुमार चौधरी, शिक्षा मंत्री प्रो. चंद्रशेखर और अन्य मंत्री मौजूद रहे। हालांकि, पिछले कुछ दिनों से चर्चा में रहने वाले सीनियर आईएएस केके पाठक इस समारोह में नहीं मौजूद रहे। वह फिलहाल छुट्टी पर हैं।

चिंता *कश्मीर में पिछले साल दिसम्बर से लंबे समय तक शुष्क मौसम बना चिंता का सबब*

# तापमान में अधिक बढ़ोतरी से अब ट्यूलिप पर संकट के आसार

■ सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू,** 13 जनवरी (देशबन्धु)। इस बार कश्मीर में चाहे बर्फ हो या नहीं, आने वाले महीनों में ट्यूलिप खिलने के लिए तैयार हैं, जो पर्यटकों और स्थानीय लोगों को मंत्रमुग्ध कर देंगे। यह दावा है ट्यूलिप गार्डन में कार्य करने वाले मालियों और उसके इंचार्ज का। हालांकि उन्हें। इस बात की चिंता जरूर थी कि अगर तापमान में ज्यादा बढ़ोतरी हुई तो इस पर संकट आ सकता है। यह चिंता इसलिए है क्योंकि मौसम विज्ञानी वर्ष 2024 में पिछले साल के मुकाबले ज्यादा और जल्दी गर्मी आने की संभावना जता रहे हैं। वर्तमान में, कश्मीर में पिछले साल दिसम्बर से लंबे समय तक शुष्क मौसम देखा जा रहा है, जबकि 40 दिनों की सबसे कठोर सर्दियों की अवधि, जिसे चिल्ले कलां के नाम से



■ **इस साल जल्दी गर्मी आने की संभावना**

जाना जाता है, अभी तक कोई राहत नहीं लेकर आई है क्योंकि अब तक अवधि के 23 दिन बिना बर्फ के समाप्त हो चुके हैं। विशेषज्ञों के अनुसार लंबे समय तक सूखा रहना चिंता का गंभीर कारण है क्योंकि आने वाले महीनों में इसके गंभीर परिणाम होंगे। हालांकि, ट्यूलिप के गार्डनर अली मुहम्मद ने कहा कि लगातार सूखे के कारण ट्यूलिप पर सबसे कम प्रभाव पड़ेगा। उनका कहना था कि ट्यूलिप को विशेष रूप से बर्फ या सूरज की आवश्यकता नहीं होती है। यह किसी भी स्थिति में बढ़ सकता है। इसके अलावा वे कहते थे कि कि जमीनी काम दिसम्बर के मध्य में ही पूरा हो चुका है और मौसम की स्थिति के आधार पर कुछ महीनों के बाद ट्यूलिप खिलना शुरू हो जाएंगे। ट्यूलिप गार्डन के प्रभारी जावेद मसूद ने बताया कि ट्यूलिप हर मौसम में उगने वाले फूल हैं और किसी भी स्थिति में उग सकते हैं।

इसे बढ़ने के लिए किसी विशिष्ट मौसम की स्थिति या अनिवार्य रूप से बर्फ की जरूरत नहीं है। वे कहते थे कि फूलों की क्यारियों में पानी डाला जा रहा है, जो ट्यूलिप के पूरी तरह खिलने के लिए पर्याप्त है। प्रासंगिक रूप से, आगामी सीजन में पांच और किस्मों के साथ, डल झील और जबरवान पहाड़ियों के बीच स्थित एशिया का सबसे बड़ा, इंदिरा गांधी मेमोरियल ट्यूलिप गार्डन ट्यूलिप गार्डन पहली बार 1.7 मिलियन ट्यूलिप बल्बों के खिलने का गवाह बनेगा। अधिकारियों ने कहा कि पिछले वर्ष की 68 किस्मों की तुलना में, उन्होंने इस सीजन में किस्मों की संख्या बढ़ाकर 73 करने का निर्णय लिया है। यह सच है कि कश्मीर को एक नई पहचान दिलवाने वाले ट्यूलिप गार्डन में माली अभी से भयानक सर्दी में इसलिए जुटे हुए थे क्योंकि वे चाहते हैं कि इस बार पिछले साल के मुकाबले अधिक ट्यूलिप के फूल खिलें और एक नया रिकार्ड बनाएं पहले ही ट्यूलिप गार्डन को देखने वाले हर साल एक नया रिकार्ड बना रहे हैं। अगर अधिकारियों पर विश्वास करें तो इस बार 17 लाख से अधिक ट्यूलिप के खिलने की उम्मीद है।

उल्टा पुल्टा

पत्नी : तुम्हारे इस नरक में तुम्हारी गुलामी करते-करते मैं तंग आ गई। लगता है पिछले जन्म में मैंने बहुत बुरे कर्म किए होंगे।
पति : तो अब तो अच्छे कर लो।
मायके जाओ और मेरे घर को स्वर्ग बनाओ...!!!
फिर हुई पतिदेव की जोरदार कुटाई...

# पतंग महोत्सव में शिरकत करें लोग : उपराज्यपाल

## यमुना किनारे बांसेरा में अंतरराष्ट्रीय पतंग उत्सव का आगाज

- अपने परिवार व दोस्तों के साथ इस त्योहार का आनंद उठाए
- विभिन्न राज्यों के तीस से अधिक पेशेवर पतंगबाजों ने लिया भाग



**नई दिल्ली,** 13 जनवरी (देशबन्धु)। लोहड़ी के अवसर पर यमुना किनारे सराय काले खां स्थित बांस थीम पार्क बांसेरा में अंतरराष्ट्रीय पतंग उत्सव शुरू हुआ। मकर संक्रांति तक चलने वाले इस उत्सव में देशभर से पेशेवर पतंगबाजों आए हैं। इन्होंने आकर्षक पतंग प्रस्तुत किए। इसमें सियाराम की छवि वाली पतंग सबसे आकर्षक रही।

शनिवार को दिल्ली के उपराज्यपाल वी.के.सक्सेना ने इस पहले अंतरराष्ट्रीय पतंग महोत्सव का उद्घाटन किया। रविवार तक चलने वाला यह महोत्सव सूर्य देव की उत्तरायण यात्रा और इससे जुड़े पर्व को दिखाता है। महोत्सव के दौरान विभिन्न विदेशी दूतों और राजनयिकों की मौजूदगी में एलजी सहित अन्य ने पतंगबाजी में अपने हाथ आजमाए। डीडीए के इस आयोजन में पतंगों के इतिहास को प्रदर्शित करने वाला एक थीम मंडप भी बनाया गया है। साथ ही लोगों के लिए पतंग खरीदने और उड़ाने के लिए एक शास्त्रीय पतंग बाजार और पारंपरिक भोजन और हस्तशिल्प स्टॉल भी लगाए गए हैं। समारोह में एलजी के अलावा केंद्रीय राज्य मंत्री मीनाक्षी लेखी, सांसद हर्ष वर्धन, रमेश बिधूड़ी, गौतम गंभीर, विधायक ओ पी शर्मा, दिल्ली के मुख्य सचिव नरेश कुमार और दिल्ली पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा सहित अन्य उपस्थित रहे। इसके अलावा, सेशेल्स, मंगोलिया, माली, बुरुंडी, बोलीविया, नाइजर, ऑस्ट्रिया, मालदीव, लीबिया और पेरू सहित अन्य देशों के विदेशी दूतों और राजनयिकों ने भी महोत्सव में भाग लिया।

पतंग उत्सव के दौरान एलजी वीके सक्सेना ने सभी लोगों से इन उत्सव में शामिल होने की अपील की। उन्होंने कहा कि लोग अपने परिवार और दोस्तों के साथ इस त्योहार का आनंद उठाए।

### विभिन्न राज्यों के तीस से अधिक पेशेवर पतंगबाज ले रहे भाग

इस महोत्सव में राजस्थान, सिक्किम, महाराष्ट्र, कर्नाटक, पंजाब, लक्षद्वीप और गुजरात के 30 से अधिक पेशेवर पतंगबाज शामिल हुए। यह दो दिनों तक अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे। त्योहार के दौरान तिरंगे, ट्रेन और चील सहित विभिन्न आकृतियों, आकारों और रंगों की पतंगें उड़ रही हैं। बासेरा को महज छह माह में तैयार किया गया है। इसमें असम सहित अन्य जगहों से लाए गए 30 हजार से अधिक विशेष प्रकार के बांस के पौधे यहां लगाए गए हैं। इसकी नींव अगस्त 2022 में रखी गई थी। डीडीए यमुना के बाढ़ क्षेत्र को सुंदर बनाकर इसका कायाकल्प कर रहा है। बता दें कि यहां सितम्बर 2023 में एक संगीतमय फव्वारे भी शुरू किया गया था। यह यमुना नदी के तट पर बनाई गई अपनी तरह की एक सार्वजनिक मनोरंजन सुविधा है।

# आम आदमी पार्टी को खत्म करने में लगी है भाजपा : शैली ओबरॉय

### मैं भी केजरीवाल जन संवाद के तहत पटेल नगर की जनता के साथ की बातचीत



**नई दिल्ली,** 13 जनवरी (देशबन्धु)। आम आदमी पार्टी की ओर से वार्ड 86 में आज मैं भी केजरीवाल जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें आम आदमी पार्टी की वरिष्ठ नेत्री और दिल्ली की मेयर डॉ. शैली ओबरॉय ने अन्य वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ हिस्सा लिया।

शैली ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी इस षड्यंत्र में लगी हुई है कि कैसे आम आदमी पार्टी को खत्म कर दिया जाए। यह पूरा भाजपा का चुनावी स्टंट है, जिसके तहत झूठे शराब घोटाले में हमारे एक-एक नेता को जेल में भेजने में लगे हुए हैं। जनसंवाद के दौरान लोगों ने एक स्वर में कहा कि सीएम अरविंद केजरीवाल को फर्जी मामले में यदि भाजपा की एजेंसियां गिरफ्तार करती हैं तो उन्हें जेल से सरकार चलानी चाहिए। दिल्ली के कामकाज रूकने नहीं चाहिएं। दिल्ली की जनता आने वाले लोकसभा और विधानसभा चुनावों में भाजपा को वोट की ताकत से मुंहतोड़ जवाब देगी।

इस दौरान लोगों को संबोधित करते हुए मेयर शैली ओबरॉय ने कहा कि मैं भी केजरीवाल जन संवाद के तहत आज पटेल नगर की जनता के साथ बातचीत की है। मैं भी केजरीवाल जनसंवाद में बड़ी संख्या में लोग आ रहे हैं। इससे साफ है कि लोग भाजपा की करतूतों को समझ चुके हैं। जिस तरह से लोगों ने जन संवाद में प्रतिक्रिया दी है उससे हमें यकीन हो गया है कि दिल्ली की जनता आम आदमी पार्टी और सीएम अरविंद केजरीवाल से बहुत प्यार करती है। सीएम अरविंद केजरीवाल को अपना बेटा मानती है। हमने पटेल नगर की जनता से पूछा कि अगर सीएम अरविंद केजरीवाल को भाजपा ईडी का गलत नोटिस देकर जेल में डालती है तो क्या उन्हें जेल से सरकार चलानी चाहिए।

दिल्ली की जनता ने साफ-साफ बोला है कि सीएम अरविंद केजरीवाल को इस्तीफा नहीं देना चाहिए। अगर उन्हें जेल में डाल दिया जाता है तो जेल से ही सरकार चलानी चाहिए। दिल्ली की जनता भाजपा के षड्यंत्र को जान चुकी है। उन्होंने कहा कि पंजाब और एमसीडी में जब से भाजपा को करारी हार मिली है, तब से उनके नेता बौखला गए हैं। अब भाजपा सरकार बौखलाहट में आम आदमी पार्टी के एक-एक नेता को फर्जी शराब घोटाले में जेल में डालने में लगी है।

**सार संक्षेप**

### टैलेंटस्प्रिंट लॉन्च करेगा महिला इंजीनियर कार्यक्रम का 6वां बैच

**नई दिल्ली।** बेहतरीन डीपटेक प्रोग्राम बनाने वाली ग्लोबल एडटेक कंपनी टैलेंटस्प्रिंट अग्रणी तकनीकी कंपनियों के साथ गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और प्रीमियम कैरियर के अवसरों तक पहुंच को आसान बनाने के लिए कार्य कर रही है। निष्पक्ष टेक लैंडस्केप बनाने और वैश्विक कंपनियों के डीईआई विविधता, इक्विटी और समावेश मिशनों को सामने लाने के अपने मूल दर्शन के अनुरूप, टैलेंटस्प्रिंट ने गूगल के सहयोग से अपने महिला इंजीनियर कार्यक्रम के छठे बैच के शुभारंभ की घोषणा की है। छठी बैच देश भर की अलग-अलग सामाजिक आर्थिक पृष्ठभूमि से आने वाली प्रथम वर्ष की महिला इंजीनियरिंग छात्राओं के लिए 200 सीटें प्रदान करेगी। कार्यक्रम में 100 प्रतिशत छात्रवृत्ति शामिल है जो प्रोग्राम फीस को कवर करती है, और साथ ही अतिरिक्त रूप से 100,000 रुपए की नकद छात्रवृत्ति भी प्रदान की जाती है। गूगल के वीपी,जीएम शिव वेंकटरमन ने कहा कि हमें टैलेंटस्प्रिंट फॉर विमेन इंजीनियर्स प्रोग्राम का समर्थन करने में खुशी है क्योंकि यह इस इंडस्ट्री से जुड़ी हर जरूरत को संबोधित करता है, यह प्रक्रिया लिंग भेद के अंतर को कम करते हुए यह भी सुनिश्चित करती है कि अनुभवों और दृष्टिकोणों की विविध तकनीक के भविष्य को नया आकार देती है।

### फिजिक्स वाला ने नए कोर्स शुरू किए

**नई दिल्ली।** भारत की प्रमुख एडटेक कंपनी फिजिक्स वाला पीडब्ल्यू ने छात्रों को इंडस्ट्री के काबिल कौशल देकर सशक्त बनाने के लिए दो नए कोर्स शुरू किए हैं। ये कोर्स बिल्कुल किफायती हैं। पहला एक विशेष नर्सिंग कोर्स है, जो नर्स और स्वास्थ्यकर्मी बनने के इच्छुक उम्मीदवारों के लिए मार्गदर्शन और सहायता देने के लिए बनाया गया है, जबकि दूसरा पीडब्ल्यू के स्किलिंग वर्टिकल, पीडब्ल्यू स्किल्स द्वारा बैंकिंग, वित्तीय सेवाओं और बीमा बीएफएसआई में एक व्यापक पोस्ट ग्रेजुएट सर्टिफिकेशन कोर्स है। विशेष नर्सिंग बैच कोर्स अच्छी नर्सिंग शिक्षा की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए शुरू किया गया है। पीडब्ल्यू के ये विशेष बैच तीन अलग-अलग बैचों आरोग्यम, आयुष्मान और नाइटिंगेल के माध्यम से पूरा मार्गदर्शन और सहायता करते हैं। बीएफएसआई में पोस्ट ग्रेजुएट सर्टिफिकेट कोर्स छात्रों को तरह-तरह के कौशल सीखने के लिए खास बनाया गया है। जिससे वे बीएसएफआई के क्षेत्र में अपनी क्षमताओं का सही उपयोग कर सके और इस इंडस्ट्री के काबिल बन सके। यह तीन महीने का ऑनलाइन कोर्स इंडस्ट्री में सबसे किफायती है, जिसमें इंडस्ट्री से जुड़े विशेषज्ञ छात्रों का मार्गदर्शन और उनकी प्लेसमेंट में सहायता करेंगे। कोर्स के लिए न्यूनतम योग्यता स्नातक अंतिम वर्ष के डिग्री छात्रों के लिए 50 प्रतिशत अंक और अधिकतम 25 वर्ष आयु है।

### पावरग्रिड ने सीएसआर के तहत 1.42 करोड़ के उपकरण सौंपे

**नई दिल्ली।** पावर ग्रिड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड पावरग्रिड ने सीएसआर के तहत सांबा जिले के लिए चार व्हीकल माउंटेड रोड वैक्यूम स्वीपर मशीन, एक बैलिस्टिक सेपरेटर और एक जेसीबी लोडर जिला विकास आयुक्त, सांबा को सौंपे। पावरग्रिड की कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व सीएसआर पहल के तहत पावरग्रिड के अभय कुमार, मुख्य महाप्रबंधक ए एम, और विनोद पी. बखला महाप्रबंधक एचआर ने जम्मू-कश्मीर सरकार के आवास एवं शहरी विकास विभाग की कमीशनर सचिव मनदीप कौर और सांबा के जिला विकास आयुक्त श्री अभिषेक शर्मा को उपकरण सौंपे। पावरग्रिड और सांबा जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी इस अवसर पर उपस्थित थे। सौंपे गए उपकरणों की लागत लगभग 1.42 करोड़ रुपए है।

# सनातनी भारतीयों के संस्कार पोषण में महर्षि बाल्मीकि रचित रामायण की बड़ी भूमिका : सचदेवा

**नई दिल्ली,** 13 जनवरी (देशबन्धु)। दिल्ली के सभी 360 गांवों एवं शहरी क्षेत्रों में बसे बाल्मीकि समाज के लोग प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार द्वारा अयोध्या नगरी में नवनिर्मित एयरपोर्ट का नाम महर्षी बाल्मीकि अंतराष्ट्रीय एयरपोर्ट रखे जाने से हर्षित हैं। आज दिल्ली में बाल्मीकि समाज के वरिष्ठ नेता कर्म सिंह कर्मा के नेतृत्व में रोहिणी में बाल्मीकि समाज का बड़ा सम्मेलन आयोजित हुआ जिसमें दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा सम्मलित हुऐ और उन्होने सम्मेलन मंच पर जाने से पहले स्थानिय बाल्मीकि मंदिर में महर्षी बाल्मीकि की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। सम्मेलन में भाजपा के जिलाध्यक्ष सत्यनारायण गौतम एवं सियाराम शरण के अतिरिक्त स्थानीय पार्षद एवं मंदिर प्रकोष्ठ पदाधिकारी आदि भी सम्मलित हुऐ। सम्मेलन मे



कर्म सिंह कर्मा , सुभाष बाल्मीकि, नरेश जी 360 गांव प्रधान, भगवान सिंह, सुरेंद्र अमरोही, अशोक बिड़लान, विरेन्द्र राय, सूरज कुमार, सुशील कुमार, अमन भट्ट आदि बाल्मीकि समाज से जुड़े वक्ताओं ने अयोध्या एयरपोर्ट का नाम महर्षी बाल्मीकि के नाम पर रखने के लियें प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार प्रकट किया। इस अवसर पर वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा की जहां सनातनी भारतीयों के संस्कार पोषण में महर्षी बाल्मीकि रचित रामायण की बड़ी भूमिका तो वहीं बाल्मीकि समाज का देश के विकास में बड़ा महत्वपूर्ण योगदान है। सचदेवा ने कहा की जहां कुछ दशक पहले तक बाल्मीकि समाज की स्वच्छता कार्य में बड़ी भूमिका थी तो गत कुछ दशक में शिक्षा प्रसार के साथ बाल्मीकि समाज के युवा भारतीय सेना, पुलिस, प्रशासनिक एवं न्यायिक क्षेत्रों में अपना पूरा योगदान दे रहे हैं। सचदेवा ने कहा इतिहास गवाह है की जब जब सनातन धर्म पर हमला हुआ है या धर्म विरोधियों द्वारा किसी मंदिर पर हमला करने की कोशिश हुई है तो बाल्मीकि समाज के युवाओं ने धर्म पताका फैला कर सनातनियों की रक्षा की है इसीलिए सभी समाजों के लोग बाल्मीकि समाज का अभिनंदन करते हैं।



नई दिल्ली में कड़ाके की सर्दी के बीच फ्लाईओवर के नीचे आग जलाकर ठंड से निजात पाते लोग। राजधानी में गिरते तापमान के चलते कोहरा छाया रहा जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। फोटो इम्तियाज खान

### प्रोस्टेट कैंसर स्क्रीनिंग के मानकों को किया पुनर्परिभाषित

**नई दिल्ली,** 13 जनवरी (देशबन्धु)। भारत में प्रोस्टेट कैंसर केयर को आगे बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए अपोलो हॉस्पिटल्स ने अपने नवीनतम अध्ययन स्वस्थ भारतीय पुरुषों के लिए आयु-विशिष्ट प्रोस्टेट-विशिष्ट एंटीजन का निर्धारण में अभूतपूर्व निष्कर्षों का खुलासा किया है, जिसे प्रतिष्ठित इंडियन जर्नल ऑफ यूरोलॉजी ने प्रकाशित किया है। क्रमशः अपोलो चेन्नई और अपोलो हैदराबाद के डॉ. एन रागवन और डॉ. संजय अडला के नेतृत्व में अध्ययन में भारत के विभिन्न आयु समूहों और क्षेत्रों के लगभग 100,000 स्वस्थ पुरुषों को शामिल किया गया, जिससे विशिष्ट भारतीय जनसांख्यिकीय के लिए प्रोस्टेट-स्पेसिफिक एंटीजन के लिए नई रेफरेंस वैल्यूज स्थापित की गईं। अपोलो हॉस्पिटल्स की ज्वाइंट मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. संगीता रेड्डी ने कहा कि यह ऐतिहासिक अध्ययन भारत के प्रोस्टेट कैंसर केयर परिदृश्य में एक परिवर्तनकारी क्षण की शुरुआत करने जा रहा है, जो हर संभव टचप्वाइंट पर कैंसर पर विजय पाने के हमारे मिशन के साथ पूरी तरह से मेल खाता है। एक ऐतिहासिक अध्ययन में सभी उम्र के भारतीय पुरुषों के लिए नए प्रोस्टेट कैंसर स्क्रीनिंग मानकों को स्थापित करना कैंसर केयर को पुनर्परिभाषित करने वाली अग्रणी प्रगति के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

# एल्गी ने की सिमुलेटेड हाई-एल्टीट्यूड फिटनेस ट्रेनिंग फैसिलिटी की शुरुआत

**नई दिल्ली,** 13 जनवरी (देशबन्धु)। दुनिया के अत्याधुनिक अग्रणी एयर कंप्रेसर निर्माताओं में से एक द एल्गी इक्विपमेंट्स ने मियामी स्थित फिटनेस स्टूडियो, एयरलैब फिटनेस की शुरुआत की है, जो एल्टीट्यूड पर मजबूत, कंडीशनिंग और एचआईटीटी क्लासेज की पेशकश करते हुए प्रत्येक ग्राहक के लिए प्रशिक्षण से होने वाले लाभ और रिकवरी प्रक्रिया को गति देगा।

सिम्युलेटेड हाई-एल्टीट्यूड वातावरण ऑस्ट्रेलियाई-आधारित एल्टीट्यूड ट्रेनिंग सिस्टम्स (एटीएस) से हाइपोक्सिक एयर चैंबर्स के भीतर एल्गी की ईजी 37 श्रंखला स्क्रू एयर कंप्रेसर से संचालित है, जो एल्टीट्यूड टेक्नोलॉजी में अग्रणी है।



एयरलैब फिटनेस के को-सीईओ, वरुण जय वरदराज ने कहा, एयरलैब में, हमारे प्रशिक्षण दर्शन की बुनियाद ट्रेन हाई, लिव लो है। हमारा स्टूडियो तेज रिकवरी सुनिश्चित करने के लिए मियामी के वातावरण का लाभ उठाते हुए हमारे मेंबर्स को हाई एल्टीट्यूड सेशंस के दौरान आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करता है। एल्गी एकमात्र कंपनी के रूप में सामने आई, जिसने हमें इस आकार और पैमाने पर कम लागत में कंप्रेस्ड एयर सॉल्यूशंस मुहैया कराया। एल्गी की उच्च-गुणवत्ता और ऊर्जा-कुशल कंप्रेस्ड एयर सिस्टम कम परिचालन लागत की क्षमता से युक्त है, जो हमारे जैसे स्टार्ट-अप के लिए सर्वाधिक अहम पहलू है। उनकी अपटाइम गारंटी के साथ, हमें निरंतर समर्थन का आश्वासन मिलता है। कंप्रेस्ड एयर आस पास के परिवेश में मौजूद हवा को खींचने और उसे हाइपोक्सिक कक्ष तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है; जो हवा को नाइट्रोजनीकृत करके और इसकी ऑक्सीजन सांद्रता को कम करते हुए ऊंचाई पर मौजूद कम ऑक्सीजन स्तर वाले हाइपोक्सिक वातावरण का निर्माण करता है।

### अपहरण के मामले में दो भाइयों को गिरफ्तार किया

**नई दिल्ली,** 13 जनवरी (देशबन्धु)। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने 24 साल बाद दो भाइयों को गिरफ्तार किया। दोनों चांदनी चौक इलाके में एक दुकान के कर्मचारी के अपहरण के मामले में वांछित थे। आरोपियों की पहचान हरियाणा के गुरुग्राम निवासी पुनीत अग्रवाल और पीतमपुरा निवासी विनीत अग्रवाल के रूप में हुई है। अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि गिरफ्तारी से बचने के लिए दोनों आरोपी लगातार अपना ठिकाना बदल रहे थे। पुलिस के मुताबिक 29 जनवरी 2000 को कोतवाली थाने में सूचना मिली कि दिल्ली में चांदनी चौक के किनारी बाजार से श्रीनाथ नाम के एक व्यक्ति का अपहरण कर लिया गया है। विशेष पुलिस आयुक्त (अपराध) रवींद्र सिंह यादव ने कहा कि तीस जनवरी 2000 को श्रीनाथ अपने दुकान के मालिक के साथ कोतवाली पुलिस स्टेशन पहुंचे और आरोप लगाया कि सुनीत अग्रवाल, पुनीत और विनीत नाम के व्यक्तियों ने उनकी दुकान से उनका अपहरण कर लिया था।

**अभियान** *युवा नाट्य समारोह का किया गया आयोजन*

# सावंत परिवार में बदलती गतिशीलता को किया उजागर

**नई दिल्ली, 13 जनवरी (देशबन्धु)। दिल्ली के एलटीजी ऑडिटोरियम में पांच दिवसीय युवा नाट्य समारोह 2024 कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन साहित्य कला परिषद द्वारा आयोजित किया गया था। 8 से 12 जनवरी तक पांचों दिन कई रोमांचक और दिलचस्प नाट्य का आयोजन किया गया। पांचवें और अंतिम दिन गीत चतुर्वेदी के उपन्यास पर आधारित और संदीप रावत द्वारा निर्देशित मनोरंजक नाटक सावंत आंटी की लड़कियां ने 90 के दशक के दौरान सावंत परिवार में बदलती गतिशीलता को उजागर किया।**

यह नाटक उदारीकरण के बीच एक भारतीय परिवार की विकसित होती संस्कृति पर प्रकाश डालता है। इसके बाद प्रताप सहगल द्वारा लिखित और हिमांशु यादव द्वारा निर्देशित रामानुजन थी। रामानुजन भारतीय गणितीय प्रतिभा, श्रीनिवास रामानुजन के असाधारण जीवन और उपलब्धियों का जश्न मनाने वाला एक सम्मोहक नाटक है। पांचवे दिन के साथ इस नाट्य समारोह का समापन हुआ, जिसमें रंगमंच पर कई गहराईयों और विविधताओं का प्रदर्शन किया गया। ताकि लोगों में जागरुकता फैल सके। इससे पहले, चौथे दिन डॉ. मीरा कांत की मार्मिक रचना और राघवेंद्र तिवारी के कुशल निर्देशन कांधे पर बैठा था शाप का मंचन हुआ। इसके बाद विवेक मिश्रा द्वारा लिखित और विकास रवि द्वारा निर्देशित रेजांग ला का मनोरंजक चित्रण किया गया, जो थिएटर में बैठे दर्शकों को 1962 में रेजांगला के युद्धक्षेत्र में ले गया। वहीं, चौथे दिन का समापन इन बहादुर बेटों के बलिदान के शक्तिशाली संदेश के साथ हुआ। तीसरे दिन भगवती चरण वर्मा के मौलिक उपन्यास चित्रलेखा पर आधारित नाटक का मंचन हुआ। यह उपन्यास 1934 में प्रकाशित हुआ, जो पाप और पुण्य की जटिलताओं पर प्रकाश डालती है।



सावंत आंटी की लड़कियां और रामानुजन नाटक के मंचन के साथ युवा नाट्य समारोह हुआ संपन्न

इसके बाद सुनील राज द्वारा लिखित और सुनील चौहान द्वारा निर्देशित नाट्य प्रस्तुति पापा का मंचन हुआ, जिसमें आधुनिक रिश्तों के जटिल जाल का उजागर किया गया था। दूसरे दिन अविनाश सिंह द्वारा निर्देशित नाटक चेहरे का मंचन हुआ, जिसमें भारी बारिश के दौरान ग्रामीणों द्वारा एक खंडहर इमारत में शरण लेने की मनोरंजक घटनाएं सामने आईं।

### फोगसी ने रन फॉर जेंडर इक्वेलिटी जागरूकता अभियान का किया आयोजन

**नई दिल्ली,** 13 जनवरी (देशबन्धु)। फेडरेशन ऑफ ऑब्स्टेट्रिक एंड गायनेकोलॉजिकल सोसाइटीज ऑफ इंडिया फोगसी ने इंडिया गेट में रन फॉर जेंडर इक्वेलिटी अभियान का समापन किया, जिसमें कई शहरों के डॉक्टरों और नर्सों की भागीदारी शामिल थी। लैंगिक समानता, एनीमिया, हड्डी रोगों और आरएच टीकाकरण के बारे में जागरूकता बढ़ाने पर केंद्रित इस पहल की देश भर में गूंज हुई और इसे चिकित्सा समुदाय और नागरिकों दोनों से उत्साहजनक प्रतिक्रिया मिली। पूरे भारत में हजारों लोगों द्वारा समर्थित इस अभियान ने महत्वपूर्ण स्वास्थ्य मुद्दों को संबोधित करने में देश को सफलतापूर्वक एक साथ ला दिया। समापन समारोह के बाद आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में महिलाओं के प्रजनन स्वास्थ्य मुद्दों के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए पूरे भारत से प्रमुख फोगसी सदस्य शामिल थे।

उत्तर रेलवे
आज़ादी का अमृत महोत्सव
निविदा सूचना
ई-टेंडरिंग द्वारा निविदा आमंत्रण (ई-प्रोक्योरमेंट प्रणाली)

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम व स्थान | सहायक अधिशांषी अभियंता पुल लाइन/मुरादाबाद के क्षेत्राधिकार में सहारनपुर-मुरादाबाद खंड के पुल संख्या 1252 UP (10x22.40m) & DN (10x23.20M) व पुल संख्या 1259 UP (16X21.65m) & DN (16X21.65) पर साइड पाथवे का कार्य |
| 2 | कार्य की अनुमानित लागत | रु. 3,39,11,072.05 |
| 3 | धरोहर राशि | रु. 3,19,600.00 |
| 4 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 06 (छह) महीने |
| 5 | निविदा जमा करने व खुलने का समय | 05.02.2024 को 15:00 बजे तक। उसी दिन 15:00 बजे के बाद निविदा खोलना |
| 6 | वेबसाइट विवरण जहां निविदा व्याख्या का देख व डाउनलोड किया जा सकता है | उपरोक्त निविदा आईआरईपीएस साइट अर्थात् www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। |

निविदा सूचना संख्या 32-W-BR-1252-1259-MB दिनांक 12.01.2024 161/24
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# कैपिटल ज़ोन

**उवाच** "शहर हित में लगातार नगर आयुक्त शासन की योजनाओं पर रफ्तार से कार्य कर रहे हैं जिसके क्रम में सेफ सिटी के अंतर्गत 1500 कैमरों का इंटीग्रेशन का कार्य, लूपिंग के लिए पुलिस कमिश्नरेट द्वारा दी गई। लगभग 9000 कैमरे की सूची, जोनल प्रभारी द्वारा दिए गई लगभग 4800 कैमरा की सूची पर कार्य प्रारंभ कर दिया गया है।

**विक्रमादित्य सिंह मलिक, नगर आयुक्त**

## अवैध निर्माण पर चला प्राधिकरण का बुलडोजर

**नोएडा,** 13 जनवरी (देशबन्धु)। अवैध कब्जे को लेकर नोएडा प्राधिकरण सख्त है। शनिवार को नोएडा प्राधिकरण की सर्किल-10 ने गांव गुलावली के खसरा नंबर-834 पर अवैध निर्माण को ध्वस्त किया। यहां प्लाट की चारदीवारी कर कॉलोनाइजर द्वारा कब्जा किया जा रहा था। पहले भी इसी प्लाट पर अवैध निर्माण करने का प्रयास किया गया था। यहां पहुंचे नोएडा प्राधिकरण के जेसीबी ने बाउंड्री वाल को गिराया। फेंसिंग कर जमीन को कब्जे में लिया।



■ 1000 वर्ग मीटर जमीन को कराया खाली, औद्योगिक इकाई के लिए थी आवंटित

प्राधिकरण ने बताया कि ये जमीन गुलावली गांव की है। मास्टर प्लान 2031 के अनुसार इस जमीन को नियोजित करते हुए सेक्टर-162 में शामिल किया गया। ये इंडस्ट्रियल सेक्टर है और ई ऑक्शन के तहत कंपनी को आवंटित है।

इस जमीन का एरिया करीब 1000 वर्गमीटर है। इसकी अनुमानित लागत करीब एक करोड़ रुपए है। जमीन को अवैध तरीके से अपनी जमीन बताकर अतिक्रमण का प्रयास किया जा रहा था। जानकारी मिलते ही सर्किल-10 के वरिष्ठ प्रबंधक की अगुवाई में प्राधिकरण पुलिस और जेसीबी का दस्ता मौके पर पहुंचा और अवैध निर्माण को हटाया।

साथ ही अतिक्रमणकर्ताओं को चेतावनी दी गई कि यदि दोबारा से वे अवैध निर्माण या प्राधिकरण की अधिसूचित जमीन पर कब्जा करने का प्रयास करते है तो उनके खिलाफ सख्त कार्यवाही करते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई जाएगी।

## त्योहारों पर पुख्ता इंतजाम के लिए नगर आयुक्त ने अधिकारियों के साथ बनाई रूपरेखा

**गाजियाबाद,** 13 जनवरी (देशबन्धु)। त्योहारों पर पुख्ता इंतजाम के लिए नगर आयुक्त ने अधिकारियों के साथ बनाई रूपरेखा तैयार की।

उन्होंने निर्देश दिए कि इस दौरान कोई खामी नहीं रहनी चाहिए।

नगर आयुक्त ने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देश के क्रम 22 जनवरी को धार्मिक स्थलों के आसपास विशेष व्यवस्था की जानी है जिसमें सफाई, प्रकाश, पेयजल के अन्य कई व्यवस्थाओं पर कार्य होना है। 22 जनवरी पर शहर में कई धार्मिक अनुष्ठान भी आयोजित होंगे उनके लिए अलग से टीम बनाकर जोनल स्तर पर कार्यवाही की जानी है।

धार्मिक कार्यक्रमों के साथ-साथ जन जागरूकता पर भी प्रभावपूर्ण कार्यक्रम आयोजित होने हैं,। सभी विभागीय अधिकारियों ने अपने-अपने क्षेत्र में कार्यवाही प्रारंभ भी



■ 14 से 26 जनवरी तक शहर में वृहद स्तर पर चलेंगे जन जागरूकता अभियान

कर दी है। बैठक में समस्त विभागीय अधिकारी, ज़ोनल प्रभारी उपस्थित रहे कई सामाजिक संस्थाएं भी आयोजन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेंगे उनके साथ भी लगातार बैठक जारी है। मकर संक्रांति, 22 जनवरी, 26 जनवरी, व अन्य महत्वपूर्ण दिवसों पर शहर में हर्ष उल्लास के साथ कार्यक्रम आयोजित हो जिसकी तैयारी नगर निगम कर रहा है, सफाई व्यवस्था सुदृढ़ करने, मार्गो को प्रकाश युक्त बनाने, चौराहों को सुंदर बनाने पर बल देते हुए नगर आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए, निर्माण विभाग को मार्गो को पूर्ण रूप से व्यवस्थित करने के लिए कहा गया।

## नोडल अधिकारी लक्ष्मी वीएस ने किया गौ आश्रय स्थलों का निरीक्षण

**गाजियाबाद,** 13 जनवरी (देशबन्धु)। नोडल अधिकारी व ग्रेटर नोएडा की मुख्य कार्यपालक अधिकारी लक्ष्मी वीएस ने शनिवार को गौ आश्रय स्थलों का निरीक्षण किया गया एवं 1 नवम्बर 2023 से प्रारम्भ निराश्रित गौवंश संरक्षण अभियान की मुख्य विकास अधिकारी गाजियाबाद के साथ समीक्षा की ।

उन्होंने सबसे पहले नंदनी पार्क गौशाला नगर निगम का निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय साफ सफाई संतोषजनक पाई गई। ठंड से बचाव के इंतजाम किए गए थे। गोबर से लट्ठे बनाने एवं वर्मी कंपोस्ट खाद तैयार करने का कार्य किया जा रहा है । गौ आश्रय के गेट पर विजिट रजिस्टर नहीं पाया गया। इस संबंध में निर्देशित किया गया की गोआश्रय से सम्बंधित सभी अभिलेख तैयार रखे जाएं एवं गेट पर विजिट रजिस्टर बनाया जाए। गेट पर एक चौकीदार नियुक्त किया जाए । जो लोग गोआश्रय में गोवंश को रोटी गुड़ आदि दान करने के लिए आते हैं, उनका भी मोबाइल नंबर नाम वाहन नंबर आदि नोट किया जाए।

इसके बाद नगर पंचायत डासना की गौशाला का निरीक्षण किया। गौ आश्रय पर 79 गौवंश पाए गए। हरे चारे एवं भूसा की व्यवस्था एवं दाना की व्यवस्था मौके संतोषजनक पर मिली। आश्रय स्थल पर शेड विस्तारीकरण के लिए पर्याप्त स्थान है। लेकिन बरसात में जल भराव की स्थिति बताई गई। मौके पर उपस्थित अधिशासी अधिकारी को जल भराव की स्थिति से बचाव के इंतजाम करने के निर्देश दिए गए एवं दैनिक



समीक्षा बैठक भी ली

रूप से पशुओं के स्वास्थ परीक्षण करने, गौ आश्रय स्थल पर कार्यरत केयर टेकर से पूछताछ में पाया गया कि दिसम्बर तक वेतन का भुगतान हो गया है।

विकास भवन में खंड विकास अधिकारियों, पशु चिकित्सा अधिकारियों, अधिशासी अधिकारियों, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, के साथ अभियान की समीक्षा मुख्य विकास अधिकारी की उपस्थिति में की गई। जनपद के संरक्षण के लक्ष्य 1000 के सापेक्ष 974 गोवंश संरक्षित पाए गए। जनपद में नए शेड बनाने की आवश्यकता बताई गई। मुख्य विकास अधिकारी ने नए शेड निर्माण हेतु एस्टीमेट प्रस्तुत करने के लिए सभी अधिकारियों को निर्देश दिए गए।

## सार संक्षेप

### बाइक सवार बदमाशों ने लूटा मोबाइल

**नोएडा।** कंपनी से काम समाप्त कर घर लौट रहे युवक का बाइक सवार बदमाशों ने होजरी कांप्लेक्स के पास मोबाइल लूट लिया। बदमाशों ने युवक को धक्का देकर नीचे गिराने का भी प्रयास किया। पीड़ित की शिकायत पर फेज दो पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। शिकायत में भंगेल निवासी शौरव कुमार ने बताया कि वह सेक्टर-84 स्थित जैटी आई कंपनी में काम करते हैं। बीते शुक्रवार को जब वह कंपनी से काम समाप्त कर लौट रहे थे तभी पीछे से आए बाइक सवार बदमाशों ने झपट्टा मारकर शिकायतकर्ता का मोबाइल लूट लिया। वारदात शाम साढ़े छह बजे की है। पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाल रही है।

### घर से नाराज होकर गया बच्चा बरामद

**नोएडा।** सेक्टर 49 क्षेत्र में रहने वाला 11 वर्षीय बच्चा मां की डांट से नाराज होकर घर से चला गया। जिसको परिजनों ने काफी तलाश किया लेकिन वह उनको नहीं मिला। घटना की सूचना पर सेक्टर 49 थाना पुलिस ने जांच करते हुए बच्चे को सकुशल बरामद कर लिया है। थाना प्रभारी ने बताया कि मामले में जांच के दौरान पुलिस की टीम को सेक्टर 51 क्षेत्र में एक बच्चा घूमता हुआ मिला। जिसको पुलिस के टीम ने अपने पास लेकर उससे परिजनों के बारे में पूछताछ किया। इसके बाद बच्चे के परिजनों से संपर्क करके उनको सौंप दिया गया है। अपने मासूम बच्चे को सकुशल पाकर परिजनों ने पुलिस का आभार जताया है।

### नाले में एक व्यक्ति का शव मिला

**नोएडा।** सेक्टर 63 स्थित बहलोलपुर नाले में शनिवार को एक व्यक्ति का शव बहता हुआ मिला। घटना की सूचना पर मौके से पहुंची सेक्टर 63 थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरु कर दी है। थाना प्रभारी ने बताया कि शनिवार को पुलिस को सूचना मिली कि बहलोलपुर के नाले में एक व्यक्ति का शव बहता हुआ आया है। घटना की सूचना पर मौके से पहुंची पुलिस की टीम ने स्थानीय लोगों की मदद से शव को बाहर निकाला और उसकी जांच पड़ताल शुरु की। जांच के दौरान मृतक युवक की शिनाख्त देवेंद्र सिंह 31 वर्ष निवासी सिरसारी जिला एटा के रूप में हुई है। जो हाल में बहलोलपुर में किराए के मकान में रह रहा था। थाना प्रभारी ने बताया कि शुरुआती जांच में मृतक के शरीर पर कोई जाहिरा चोट के निशान नहीं मिले हैं। स्थानीय लोगों से पूछताछ में पता चला है, कि मृतक शराब पीने का आदी था। जिससे प्रथम दृष्टया नाले में गिरकर मौत होने की बात निकल कर आ रही है। पुलिस अन्य पहलुओं से भी मामले की जांच कर रही है। इसके साथ ही मृतक के परिजनों को घटना की जानकारी दे दी गई है।

## नगर आयुक्त ने कैमरा इंटीग्रेशन कार्य प्रारंभ करने के लिए दी हरी झंडी

**गाजियाबाद,** 13 जनवरी (देशबन्धु)। राज्य स्मार्ट सिटी योजना अंतर्गत गाजियाबाद नगर के सेफ सिटी के अंतर्गत सीसीटीवी कैमरो का इंटीग्रेशन तथा लूपिंग का कार्य नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के नेतृत्व में शुरू कर दिया गया है। पुलिस कमिश्नरेट द्वारा गाजियाबाद नगर निगम सीमा के अंतर्गत 1500 कैमरा की सूची उपलब्ध कराई गई जिनको कंट्रोल सेंटर से इंटीग्रेटेड का कार्य करने के लिए निविदा आमंत्रित करने के उपरांत, कार्य मैसर्स टेक्नोसिस इंटेग्राटेड सलूशन्स प्रा.लि.को दिया गया है। जिसके लिए नगर आयुक्त की अध्यक्षता मे बैठक हुई तथा मॉनिटरिंग के कार्यों के लिए निर्माण विभाग की टीम को निर्देश भी दिए गए। नगर आयुक्त ने



■ 1500 सीसीटीवी कैमरो का इंटीग्रेशन तथा अन्य का लूपिंग कार्य शुरू, शहर वासी करें सहयोग : विक्रमादित्य सिंह मलिक

बताया कि शहर हित में लगातार नगर आयुक्त शासन की योजनाओं पर रफ्तार से कार्य कर रहे हैं जिसके क्रम में सेफ सिटी के अंतर्गत 1500 कैमरों का इंटीग्रेशन का कार्य, लूपिंग के लिए पुलिस कमिश्नरेट द्वारा दी गई। लगभग 9000 कैमरे की सूची, जोनल प्रभारी द्वारा दिए गई लगभग 4800 कैमरा की सूची पर कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। जिसमें लूपिंग हेतु संबंधित प्राइवेट संस्थान/आवासों व सार्वजनिक स्थलों पर स्थापित भवन स्वामियों से फीड प्राप्त करने की सहमति करते हुए कार्य कराए जाने हेतु टीम भी बनाई गई है।

सीसीटीवी कैमरो को कंट्रोल सेंटर से इंटीग्रेटेड कराए जाने का कार्य तेजी से तथा सफलतापूर्वक कराया जा सके इसके लिए नगर आयुक्त ने निर्माण विभाग ने तकनीकी सुपरवाइजरों की टीम तैयार की है, प्रत्येक दिवस की कार्यवाही रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए भी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं।

## कड़ाके की ठंड में गाजियाबाद में दिखाई दी फुटबॉल की गर्मी





■ अन्तरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त फ्रीस्टाइल फुटबॉलर्स पैट्रिक और अगुस्का ने किया तीन जगह जोरदार प्रदर्शन


**गाजियाबाद,** 13 जनवरी (देशबन्धु)। फुटबॉल को लोगों के बीच में लोकप्रिय बनाने, उससे जुड़ी जानकारियां देने और हर वर्ग के लोगों को फुटबॉल से जोड़ने के लिए यह मिशन शनिवार को संस्थान में शुरु हो गया। आज अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल खिलाड़ी पैट्रिक बाउरर एवं अगुस्का मनिच ने तीन स्थानों पर किया। इन फुटबॉल खिलाड़ियों ने अपना पहला प्रदर्शन गाजियाबाद के आदर्श खेल गांव खुर्रमपुर, मुराद नगर में किया। ठंड की परवाह न करते हुए हजारों की संख्या में ग्रामीण और बच्चे उपस्थित हुए। इस मिशन के सूत्रधार आईएमटी गाजियाबाद स्पोर्ट्स रिसर्च सेन्टर के हैड डॉ. कनिष्क पाण्डेय ने फुटबॉल की बहुत सी जानकारी ग्रामीणों के बीच साझा की। ग्राम प्रधान खुर्रमपुर विनोद ने कहा कि आईएमटी गाजियाबाद की यह एक अनूठी पहल है कि आज इस गांव में प्रथम बार कोई अन्तरराष्ट्रीय खिलाड़ी आये और बच्चों को फुटबॉल की बारीकियों से अवगत करवायाा। अब बच्चे अवश्य ही खेलों की ओर अग्रसर होंगे। फ्रीस्टाईल फुटबॉल का दूसरा पड़ाव आईएमटी गाजियाबाद में था। इस अवसर पर गाजियाबाद फुटबॉल एकेडमी, गाजियाबाद फुटबॉल एसोसिएशन तथा आईएमटी के स्टाफ एवं छात्र उपस्थित थे। फीस्टाईल फुटबॉलर ने अपने एक घण्टे के फ्रीस्टाईल प्रदर्शन से लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रम के बाद डॉण् कनिष्क पाण्डेय ने बताया कि एक गहन अध्ययन और शोध के बाद इस निष्कर्ष पर पहुंचे हैं कि फुटबॉल को लेकर गाजियाबाद में अपार सम्भावनाएं है। इसके लिए एक मेगा प्लान तैयार किया जा रहा है। जिसमें फुटबॉल कॉर्निवल, हर घर फुटबॉल, रिवर बैंक फुटबॉल जैसे कार्यक्रम लॉन्च किये जाएंगे। पैट्रिक बाउरर एवं अगुस्का मनिच ने बताया कि गाजियाबाद में फुटबॉल के प्रति आकर्षण देखकर हम भविष्य में भी गाजियाबाद के साथ जुड़े रहेंगे। पैट्रिक बाउरर एवं अगुस्का मनिच को आईएमटी गाजियाबाद का फुटबॉल का ब्रान्ड एम्बेसेडर, गाजियाबाद फॉर फुटबॉल मिशन के लिए बनाने का निर्णय लिया है। फ्रीस्टाईल फुटबॉल का तीसरा पड़ाव आज इन्दिरापुरम हैबिटेट सेन्टर में हजारों लोगों की उपस्थिति में हुआ। जिसमें दोनों खिलाड़ियों ने लोगों के बीच में फ्रीस्टाईल फुटबॉल की विभिन्न कलाओं का प्रदर्शन किया।

## 'श्री राम मंदिर के लिए रामभक्तों में ऐसा था जुनून'

**गाजियाबाद,** 13 जनवरी (देशबन्धु)। 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन की पूरे देश भर में तैयारी चल रही हैं। इस दिन को देश के लाखों लोग सपना देख रहे थे। जो पूरा होने जा रहा है। ऐसे ही एक शख्स देशराज देसी है जो राम मंदिर निर्माण के लिए दीवानगी की हद तक पहुंच गए थे। देशराज देसी 1990 में राममंदिर आंदोलन के दौरान अपनी 6 माह की मासूम बेटी 3 साल के बेटे और पत्नी को छोड़कर जेल चले गए थे और वहां से करीब 20-22 दिन बाद लौटे थे। देशराज देसी आज उसे दिन को याद करते हैं और कहते हैं कि हमारी जो तपस्या थी और जो अयोध्या में राम मंदिर का सपना था वह 22 जनवरी को पूरा हो रहा है। उनका कहना है कि इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और आरएसएस व पूरी भाजपा की मेहनत है।

वह बताते हैं कि 18 अक्टूबर 1990 को राम मंदिर निर्माण के लिए भाजपा के तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष लालकृष्ण आडवाणी को बिहार में गिरफ्तार कर लिया गया था। जिसके बाद देश भर में लाखों की संख्या में आक्रोशित राम भक्त सड़क पर उतर आए थे। वह बताते हैं कि इन राम भक्तों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस दिन-रात एक किए हुए थी और 19 अक्टूबर से 24 अक्टूबर तक पुलिस ने उनके घर पर भी छापेमारी की थी और वह फरार रहे। इसके बाद 25 अक्टूबर को उन्होंने राम





भक्त मुकेश त्यागी, राजेश्वर भूपेंद्र शर्मा, श्यामसुंदर मल्होत्रा, बुद्ध देव शर्मा व शरद शर्मा आदि के साथ घंटाघर पर जाकर उन्होंने पुलिस के समक्ष गिरफ्तारी दी। उन्हें गिरफ्तार करके जेल ले जाया गया और 26 अक्टूबर 1992 को उन्हें सहारनपुर की सेंट्रल जेल ले जाया गया। बाद में सरकार के आदेश पर सभी राम भक्तों को रिहा कर दिया गया। उन्होंने कहा कि वह दिन आज भी हमें याद है जब हम राम मंदिर के लिए सब कुछ त्यागने के लिए तैयार थे।

## कंपनी का कर्मचारी बताकर 90 हजार ठगे

**नोएडा,** 13 जनवरी (देशबन्धु)। सेक्टर 18 में रहने वाले एक व्यक्ति को साइबर अपराधियों ने कंपनी का कर्मचारी बता करके उनके साथ 90 हजार रुपए की ठगी कर ली है। इसको लेकर पीड़ित ने सेक्टर 20 थाने में केस दर्ज कराया है। पुलिस को दी गई शिकायत अखिलेश सिंह ने बताया कि 11 जनवरी को उनके पास एक व्यक्ति ने कॉल किया। जिसने खुद को एक ई- कॉमर्स कंपनी का कर्मचारी होने की बात कही। इस दौरान आरोपी ने अपने झांसे में लेकर उनके फोन में एक ऐप को डाउनलोड करा दिया। पीड़ित के मुताबिक ऐप को डाउनलोड करते ही जालसाजों ने उनके फोन को हैक कर लिया। इसके बाद ऑनलाइन यूपीआई के जरिए उनके क्रेडिट कार्ड से तीन बार में कुल 90 हजार रुपये निकाल लिए। बैंक से रुपये कटने का मैसेज आने के बाद उनको ठगी की जानकारी हुई। शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

## फर्जी दस्तावेज बनाकर प्लॉट बेचने वाले 3 गिरफ्तार

**नोएडा,** 13 जनवरी (देशबन्धु)। फर्जी दस्तावेज तैयार कर प्लॉट बेचने वाले तीन लोगों को कोतवाली सेक्टर-39 पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इन तीनों ने हाल ही में एक सेक्टर-40 में डी-155 के मालिक के फर्जी दस्तावेज तैयार किए और एक कंपनी के नाम बैनामा कर उसे बेच दिया। ये सौदा इन तीनों ने 6 करोड़ 12 लाख रुपए में किया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज किया। पुलिस ने उपरोक्त के खातों में जमा करीब 1 करोड़ 36 लाख रुपए भी फ्रीज कराए।

इनकी पहचान शोएब, संदीप गोयल और शमशेर सिंह हुई है।



थाना सेक्टर 39 पुलिस ने लोकल इंटेलिजेंस एवं गोपनीय सूचना के आधार पर सेक्टर 49 चौराहा से गिरफ्तार किया। पूछताछ में बताया कि तीनों की नजर डी-155 सेक्टर-40 के प्लाट पर थी। इन तीनों ने जानकारी हासिल की इसके बाद पीड़ित के पिता के नाम से फर्जी आधार कार्ड व अन्य जमीनी कागजात तैयार किए। आरोपी शमशेर ने वाई जानकी रमैया बनकर उपरोक्त प्लॉट का कंपनी इमेन्स पावर प्रालि. को 6 करोड़ 12 लाख रुपये लेकर फर्जी बैनामा कर बेच

■ 6.12 करोड़ में कंपनी को बेच दिया प्लाट, पुलिस ने 1.36 करोड़ कराए फ्रीज

देना।

इन तीनों का एक साथी राजकुमार चौहान उर्फ प्रधान द्वारा अपने बेटे शोएब के साइबर कैफे पर फर्जी आधार कार्ड व उक्त प्लाट के फर्जी कागजात तैयार करता था। अपने साथी शमशेर व संदीप गोयल आदि के साथ मिलकर धोखाधड़ी से बैनामा करते थे। राजकुमार चौहान उर्फ प्रधान पहले भी इस तरह की धोखाधड़ी कर चुका है। इसकी गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे है।

## 20 जनवरी को होगा एनईए चुनाव, विपिन मल्हन पैनल ने खोला चुनावी कार्यालय

**नोएडा,** 13 जनवरी (देशबन्धु)। नोएडा एंटरप्रिन्योर्स एसोसिएशन के चुनाव का बिगुल फूंक चुका है। इस चुनाव में वर्तमान अध्यक्ष विपिन मल्हन 7वीं बार अपनी दावेदारी पेश कर रहे हैं। विपिन मल्हन 2011 से एसोसिएशन के अध्यक्ष के पद पर काबिज हैं। शनिवार को विपिन मल्हन-वीके सेठ पैनल ने सेक्टर 6 में अपने चुनावी कार्यालय का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उनके

■ 15 जनवरी को नामांकन, उद्यमियों के एक पैनल ने खोला चुनावी कार्यालय

समर्थक उद्यमी एक बार फिर उनकी जीत का दावा कर रहे हैं। इस बार उनके पैनल में 145 उद्यमी है। एनईए चुनाव के लिए विपिन मल्हन-वीके सेठ पैनल ने शनिवार को सेक्टर-6 में अपने चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया। इस दौरान एनईए चुनाव में अध्यक्ष पद के उम्मीदवार विपिन मल्हन ने कहा कि एनईए के सदस्यों ने शहर में वातावरण को शुद्ध रखने में अपना योगदान को ध्यान में रखते हुए करीब 20 फीसदी जनरेटरों को डीजल से सीएनजी में कनवर्ट कर दिया गया है। जल्द ही संख्या दोगुना से ज्यादा हो जाएगी। उद्यमियों की समस्याओं को हर मंच पर उठाया गया। यहां उद्यमियों की



समस्याओं को पूरी ईमानदारी के साथ हल कराया जाता है। समय समय पर विभिन्न विभागों द्वारा सेमिनार का आयोजन कराना हो, विभागों में चक्कर खा रही फाइलों को शीघ्र निपटान कराना हो, सड़क, सीवर पानी, बिजली या पीएनजी की लाइन की समस्याओं पर विभाग से सीधे समन्वय कर उनका निदान कराना हो, एनईए हमेशा उद्योगों के साथ खड़ी रहती है वहीं एनईए अपनी सामाजिक ज़िम्मेदारियों को निभाने में हमेशा आगे रहती है फिर चाहें मुफ्त ट्राई साइकिल वितरण हो, टीबी के मरीजो का गोद लेना एवं उनकी दवा एवं खान पान खर्च उठाना हो एनईए हमेशा आगे रहा है। शहर के फैक्ट्री मालिकों की समस्याओं को संगठित तौर पर उठाने के उद्देश्य से 1978 में अस्तित्व में आए नोएडा एंटरप्रिन्योर्स एसोसिएशन एक प्रतिष्ठित संगठन है। वर्तमान में इसके 3000 से ज्यादा सदस्य हैं। चुनाव में 1700 फैक्ट्री ऑनर्स को ही मतदान का अधिकार प्राप्त है। एक पैनल के 146 लोगों में से एसोसिएशन के अध्यक्ष, वरिष्ठ उपाध्यक्ष, उपाध्यक्ष, महासचिव और कोषाध्यक्ष पदों के उम्मीदवारों के लिए वोटर्स अपने मताधिकार का इस्तेमाल करेंगे। बाकी सभी कार्यकारिणी के सदस्य होंगे।

### 20 जनवरी को होगी वोटिंग


चुनाव के लिए 15 जनवरी को नामांकन किया जाएगा। 16 को नामांकन पत्रों की जांच और 17 को नाम वापसी होगी। 20 जनवरी को वोट डाले जाएंगे। चुनाव अधिकारी सुभाष सिंघल, अनिल अग्रवाल, योगेष आनन्द, राकेश कत्याल और जूमा विश्वास नाग की देखरेख में पूरी निर्वाचन प्रक्रिया संपन्न होगी

### शुल्क में 80 फीसदी तक कटौती

एसोसिएशन के वर्तमान अध्यक्ष विपिन कुमार मल्हन ने बताया कि चुनाव में अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित हो, इसलिए शुल्क में करीब 80 फीसदी तक की कटौती की गई है। उन्होंने बताया कि चुनाव लड़ने की फीस पदाधिकारियों के लिए 11,000 से घटाकर 2100 रुपए कर दी गई है जबकि सदस्यों के लिए फीस 5000 से घटाकर 1100 रुपए और फार्म का मूल्य 500 से घटाकर 100 रुपए कर दिया गया है।

## थाना समाधान दिवस में तीन शिकायतों का हुआ निस्तारण

**बुलंदशहर,** 13 जनवरी (देशबन्धु)। शिकारपुर कोतवाली में आयोजित समाधान दिवस में चार फरियादी अपनी समस्या लेकर अधिकारियों के सामने पहुंचे। इस दौरान तीन शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। पुलिस और भूमि से जुड़े विवादों के समाधान के लिए शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन हुआ थाना दिवस में शिकारपुर सीओ दिलीप सिंह, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार चतुर्वेदी ने फरियादियों की समस्या सुनी थाना दिवस में चार शिकायतें आई जिसमें तीन का मौके पर ही समाधान किया गया कोतवाली में सीओ दिलीप सिंह, और कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार चतुर्वेदी, की मौजूदगी में फरियादियों ने अपनी पीड़ा बताई जमीन विवाद से जुड़े मामलों के समाधान के लिए सीओ ने मौके पर राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम भेजी थाना दिवस में सीओ दिलीप सिंह, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राजेश चतुर्वेदी, एसएसआई अंकित



कुमार चौहान, एस आई बलराज सिंह, कस्बा इंचार्ज वीरपाल सिंह, एस आई विजय सिंह, एस आई विपिन कुमार आर्य, एस आई राजवीर सिंह, एस आई चन्द्रपाल सिंह, एस आई राजवीर सिंह, कपिल चौधरी, राजकुमार, सुनील चौहान, प्रियांशु चौधरी, सहित लेखपाल मौजूद रहे।

उवाच

गन्ना समर्थन मूल्य 450 रुपए प्रति कुंतल व एमएसपी गारंटी कानून बनाया जाए। उन्होंने कहा कि यूरिया खाद की बोरी का वजन 45 किलो से जगह 40 किलो कर दिया गया है, जबकि कीमत कम नही की गई है, जिसका उन्होंने विरोध जताया तथा किसानों व मजदूरों की आवाज को बुलंद करने के लिए संगठन का विस्तार करते हुए बीकेयू भानू को छोड़कर आए ठाकुर राजन सिंह को राष्ट्रीय सचिव के पद पर मनोनीत किया गया है।

**ठाकुर धर्मेंद्र सिंह, भारतीय किसान यूनियन महाशक्ति राष्ट्रीय अध्यक्ष**

# कैपिटल ज़ोन

## ग्रेनो प्राधिकरण ने संस्थागत आवंटियों को इकाई चालू करने का दिया अंतिम मौका



■ **31 दिसम्बर 2024 तक मानचित्र स्वीकृति और क्रियाशील नहीं कराया तो आवंटन होगा निरस्त**

**ग्रेटर नोएडा,** 13 जनवरी (देशबन्धु)। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने संस्थागत आवंटियों को निर्देश जारी कर दिया कि अगर 31 दिसम्बर तक कंप्लीशन व फंक्शनल सर्टिफिकेट नहीं लेते है उनका आवंटन निरस्त कर दिया जाएगा। इसके बाद आवंटियों को कोई मौका नहीं दिया जाएगा। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की 26 दिसम्बर को बोर्ड बैठक हुई थी। जिसमें बोर्ड ने निवेश व रोजगार को ध्यान में रखते हुए अब तक कंप्लीशन व फंक्शनल सर्टिफिकेट न ले पाने वाली संस्थागत आवंटियों को बड़ी राहत दी थी। इन इकाइयों को कंप्लीशन सर्टिफिकेट व फंक्शनल सर्टिफिकेट प्राप्त करने के लिए 31 दिसम्बर 2024 तक का समय दे दिया है। इसका लाभ लेने के लिए इन इकाइयों को निर्धारित शुल्क देना होगा। अब तक पंजीकरण न करा पाने वाली इकाइयों को सशुल्क 31 दिसम्बर 2024 तक का समय दे दिया है। इसी तरह मानचित्र स्वीकृति व कंप्लीशन के लिए सशुल्क 31 दिसम्बर 2025 तक का समय दिया गया है।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की तरफ से बोर्ड फैसले को लेकर संस्थागत आवंटियों को आदेश जारी कर दिया गया है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के ओएसडी संस्थागत सौम्य श्रीवास्तव ने आदेश जारी किया है कि 31 दिसम्बर 2011 से पहले आवंटित संस्थागत को नोटिस जारी किया है। जिसमें सभी आवंटियों को मानचित्र स्वीकृति एवं कार्यपूर्ति प्रमाण पत्र हासिल करना होगा। कार्यपूति प्रमाण पत्र एवं मानचित्र स्वीकृति प्रमाण हासिल करने के लिए संस्थागत आवंटियों को 31 दिसम्बर 2024 तक सभी देय जमा करना होगा। इस श्रेणी में आने वाले समस्त संस्थागत आवंटियों को 31 दिसम्बर 2022 से समस्त विस्तरण शुल्क 29 फरवरी 2022 तक देय होगा। उसके उपरान्त 31 दिसम्बर 2024 तक समय विस्तरण शुल्क प्रति वर्ष की कुल प्रमियम का 4 फीसदी अनुपातिक रूप में देय होगी। प्राधिकरण इन प्रकरणों को केस टू केस देखगा। इसके बाद आवंटियों को कोई मौका नहीं दिया जाएगा, उनका आवंटन निरस्त करने की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएग। सोम्य श्रीवास्तव ने बताया कि जिन आवंटियों ने गलत तरीके से क्रियाशील प्रमाण पत्र ओर मानचित्र स्वीकृति कराया उनकी भी जांच की जा रही है। संस्थागत के करीब सौ से ज्यादा ऐसे आवंटी है।



## प्राधिकरण के पंप कर्मचारियों ने किसान मजदूर संघर्ष मोर्चा के सामने रखी अपनी समस्याएं

**ग्रेटर नोएडा,** 13 जनवरी (देशबन्धु)। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के जल निगम के ट्यूबवेल ऑपरेटर ने किसान मजदूर संघर्ष मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर विकास प्रधान के आवास चाई-4 पहुंच कर ज्ञापन के माध्यम से पम्प ऑपरेटर के साथ हो रही समस्याओं के बारे में अवगत कराया। जिसमें मुख्य मांगे पम्प ऑपरेटर को 8 से 10 महीने में सैलरी मिलना, किसी भी ऑपरेटर के पास प्राधिकरण का कोई कार्ड नहीं है। अगर किसी पंप ऑपरेटर के साथ में कोई दुर्घटना घटती है तो प्राधिकरण की तरफ से कोई दुर्घटना बीमा नहीं है। उन्होंने समस्याओं को लेकर अपनी बात रखी।

इसका संज्ञान लेते हुए किसान मजदूर संघर्ष मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर विकास प्रधान और उपाध्यक्ष आलोक नागर ने कहा कि आपकी सभी मांगे जायज है और इन सभी मांगों को ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ को ज्ञापन के माध्यम से रखेंगे, अगर ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण पंप ऑपरेटर की सभी समस्याओं का जल्द समाधान नहीं करेगा तो ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण पर तालाबंदी कर अनिश्चितकालीन प्रदर्शन करेंगे। इस मौके पर संगठन के उपाध्यक्ष आलोक नागर, महासचिव कृष्ण नागर, कोषाध्यक्ष लोकेश भाटी, संस्थापक सदस्य नरेंद्र भाटी, ट्यूबवेल ऑपरेटर जितेंद्र भाटी, दिलशाद, ओमप्रकाश नागर आदि लोग मौजूद रहे।

## उत्तराखंडी समाज ने ग्रेनो वेस्ट में दिखाई सांस्कृतिक झलक

■ **मकर सक्रांति पर ईको विलेज-2 में आयोजित होगा सांस्कृतिक कार्यक्रम**



**ग्रेटर नोएडा,** 13 जनवरी (देशबन्धु)। भगवान भाष्कर के उत्तरायण और मकर संक्रांति का त्योहार बड़ी ही धूम-धाम से 14-15 जनवरी को ईको विलेज-2 में मनाया जाएगा। इससे पहले शनिवार 13 जनवरी को ग्रेटर नोएडा वेस्ट के सुपरटेक ईको विलेज-2 में उत्तराखंडी समाज ने दूसरे शरदोत्सव का आयोजन किया। सोसाइटी में रहने में उत्तराखंड के कुमाऊं और गढ़वाल अंचल के लोगों ने अपने पारंपरिक वस्त्रों में सज-धजकर सोसाइटी में झांकी निकाली। इस झांकी के लिए उत्तराखंड के पुरुषों ने जहां कुर्ता-पायजामा के साथ पहाड़ी टोपी पहनी हुई थी। वहीं महिलाओं ने साड़ी और पिछोड़ा ओढ़कर सोसाइटी में उत्तराखंड की झलक पेश की। झांकी सोसाइटी में मौजूद मंदिर से शुरू हुई। इस झांकी का मुख्य आकर्षण पहाड़ी बैंड और छोलिया डांस रहे। सोसाइटी में मौजूद अन्य समाज के लोगों ने भी इस झांकी में बढ़चढ़कर हिस्सा लिया और पहाड़ी संस्कृति की सुगंध को महसूस किया।

पहाड़ी बैंड में नगाड़ा, दमऊ, बीनबाज (बैगपाइपर), रणसिंग, छोलिया और निशाण ने लोगों को ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। झांकी के बाद शाम को सोसाइटी के क्लब में पहाड़ी समाज ने रंगारंग कार्यक्रम किया। इस कार्यक्रम में महिलाएं, बच्चे और पुरुष पहाड़ी गानों पर न सिर्फ थिरके, बल्कि कई बच्चों और महिलाओं ने पहाड़ी गाने गाकर अपनी संस्कृति की मिसाल पेश की।

## दाऊजी मंदिर परिसर में लगने वाले साप्ताहिक बाजार को स्थांतरित करने की मांग

**जेवर,** 13 जनवरी (देशबन्धु)। कस्बे के दाऊजी मंदिर परिसर मे लगने वाले साप्ताहिक रविवार बाजार से परेशान होकर मोहल्ले के लोगो ने जिलाधिकारी से शिकायत कर इसे किसी दूसरे स्थान पर स्थानांतरित करने की मांग की है। जेवर के मौहल्ला होली चौक निवासी प्रेमचंद शर्मा ने जिलाधिकारी मनीष वर्मा को शिकायती पत्र के द्वारा अवगत कराया कि प्रत्येक रविवार को दाऊजी मंदिर परिसर में साप्ताहिक बाजार पैंठ लगती है। जिस कारण मंदिर मे दर्शन को जाने वाली महिलाओं को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है और कुछ दुकानदार लड़कियों को देखकर कमेंट भी करते है। साथ ही उन्होंने बताया कि यहां दुकानदारों मे झगड़ा गाली गलौच भी होती रहती है। मंदिर को जाने वाले मार्ग पर भी दुकान लगाने से जाम की स्थित बनी रहती है जिससे मौहल्ले के लोगो को भारी परेशानी होती है। मौहल्ले के ही दीपक, राहुल, सुंदर, विकास, सोनू आदि ने भी उनकी मांग का समर्थन किया है।

## औद्योगिक क्षेत्र की समस्या व साइबर अपराध को लेकर उद्यमियों ने पुलिस के साथ की बैठक

**ग्रेटर नोएडा,** 13 जनवरी (देशबन्धु)। औद्योगिक क्षेत्र की समस्या को लेकर उद्यमियों ने ग्रेटर नोएडा पुलिस कार्यालय में सहायक पुलिस कमिश्नर सुनीति, डीसीपी सेंट्रल हृदयेश, एसीपी सुमित शुक्ला के साथ औद्योगिक क्षेत्र की समस्याओं पर समन्वय स्थापित करने हेतू विस्तृत चर्चा की। जिसमें मुख्यत: डीजिटल अपराध साईबर क्राइम, मुख्य मार्गों पर ट्रैफिक के कुशल संचाल पर चर्चा हुई। सुनिती ने कहा कि समय समय पर छोटी-छोटी कार्यशाला औद्योगिक इकाइयों मे आयोजित कर कर्मचारियों व श्रमिकों को जागरुक करने के कार्यक्रम किये जाएंगे।



एसोसिएशन आफ इंडियन मैन्यूफैक्चर (एआईएम) ने साइबर क्राइम को रोकने व इनका निदान प्राथमिकता से कराने का आग्रह किया। नोएडा दादरी मुख्य मार्ग पर कुलेसरा हल्द्वानी मोड, घंटा चौक, सूरजपुर व यामहा तिराहे पर तिलपता गोलचक्कर पर अक्सर जाम अनियंत्रित आटो चालकों द्वारा जाम से निपटने व उन्हें नियत स्थान से संचालन कराने के लिए अनुरोध किया गया। संस्था से पी. के. तिवारी, जितेंद्र पारिख, ए.डी. पांडे, सर्वेश गुप्ता, प्रमोद गुप्ता, एस.पी. शर्मा. अमरेश झा. दिनेश सिंह, रणवीर सिंह आदि सदस्य शामिल हुए।

## बारहवीं के विद्यार्थियों के लिए दीक्षांत समारोह आयोजित

**ग्रेटर नोएडा,** 13 जनवरी (देशबन्धु)। जी.डी. गोयंका पब्लिक स्कूल, स्वर्ण नगरी में कक्षा बारहवीं के सत्र 2023-24 के छात्रों को अपनी उच्चतर माध्यमिक शिक्षा पूर्ण करके उच्चशिक्षा प्राप्त करने हेतु समाज में प्रविष्ट होने के शुभ अवसर को यादगार बनाने के लिए दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय की प्रधानाचार्या डा. रेणू सहगल द्वारा तैत्तिरीयोपनिषद पद्धति का अनुसरण करते हुए मंत्रोच्चारण के साथ दीक्षा प्रदान की गई। इस समारोह के साक्षी व आशीर्वाद देने हेतु मुख्यातिथि संजय सिंह, प्रसारण पत्रकारिता और सामाजिक क्षेत्र में अद्वितीय पृष्ठभूमि, अभिभावकगण एवं समस्त शिक्षकगण थे। मुख्य अतिथि व अभिभावकगण ने कार्यक्रम की प्रशंसा की और कहा कि इस तरह के कार्यक्रम निश्चित रुप से छात्रों को जीवनोपयोगी शिक्षा देते हैं। साथ ही अतिथिगण ने छात्रों के उज्ज्वल भविष्य एवं उत्तरोत्तर वृद्धि हेतु शुभकामनाएं दी।



## बच्चों के विवाद में महिला टीचर को घर में घुसकर पीटा

**दनकौर,** 13 जनवरी (देशबन्धु)। दनकौर कोतवाली क्षेत्र के सलारपुर गांव में बच्चों के विवाद को लेकर एक महिला टीचर को घर में घुसकर पड़ोसियों ने पीटकर घायल कर दिया। इस संबंध में पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ कोतवाली में शिकायत की है। आरोप है कि शिकायत के बाद पुलिस ने इस मामले में अभी कोई कार्रवाई नहीं की है। पीड़ित दीपमाला एक प्राइवेट स्कूल में टीचर है। पुलिस को दी शिकायत में उन्होंने कहा है कि कई दिन पहले उनके बच्चे का पड़ोस के बच्चों से विवाद हो गया था। पीड़ित का कहना है कि जब वह घर पर अकेली थी। उसी दौरान आरोपी पक्ष के लोगों ने घर में घुसकर उन पर लाठी डंडों से हमला कर उनको घायल कर दिया। इस घटना में पीड़ित के सिर समेत शरीर के अन्य के हिस्सों में गंभीर चोट आई है जिनका दनकौर के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र इलाज भी चल रहा है। पीड़ित का कहना है कि इस संबंध में उन्होंने आरोपियों को नामजद करते हुए पुलिस से शिकायत की है। लेकिन पुलिस ने अभी कोई कार्रवाई नहीं की है। पीड़ित पक्ष का कहना है कि आरोपी शिकायत को वापस करने की भी धमकी दे रहे हैं। कोतवाली प्रभारी संजय सिंह का कहना है पीड़ित की शिकायत पर जांच की जा रही है। जिसके बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।





## सावित्री बाई फूले बालिका इण्टर कॉलेज में मनाया गया लोहड़ी उत्सव

**ग्रेटर नोएडा,** 13 जनवरी (देशबन्धु)। सावित्री बाई फूले बालिका इण्टर कॉलेज में लोहड़ी पर्व अत्यंत हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रभारी उपप्रधानाचार्य प्रीति फोगाट ने लोहड़ी की पवित्र अग्नि प्रज्ज्वलित करके किया। सभी ने अग्नि की परिक्रमा की तथा उसमें मूंगफली, रेवड़ी की आहुति देकर मंगल कामना की। स्कूल में ढोल की थाप पर सामूहिक नृत्य किया। सभी ने लोहड़ी के गानों के साथ इस खास मौके का आनंद लिया। प्रभारी उपप्रधानाचार्या ने छात्राओं को लोहड़ी पर्व के महत्व के बारे में बताया और इसे मनाने के पीछे के उद्देश्य से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि यह पर्व पंजाबियों का मुख्य पर्व है, यह पंजाब में पुरानी फसल काटने तथा नई फसल बोने के कारण मनाया जाता है। इसे किसानों का नया साल भी कहा जाता है। इस अवसर पर मूंगफली, रेवड़ी प्रसाद के रूप में वितरित की गई।

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय के सपने को साकार कर रही है सरकार : डॉ. महेश शर्मा





■ **विकसित भारत संकल्प यात्रा में पात्र लाभार्थियों को दिया गया योजनाओं का लाभ**

**ग्रेटर नोएडा,** 13 जनवरी (देशबन्धु)। विकसित भारत संकल्प यात्रा कासना मंडल के जमालपुर एवं दलेलपुर गांव पहुंची यात्रा पहुंचने पर यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। जमालपुर गांव में मुख्य अतिथि पूर्व केंद्रीय मंत्री लोकसभा सांसद डॉक्टर महेश शर्मा रहे। उन्होंने लोगों को विकसित भारत संकल्प के लिये शपथ दिलायी और इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह सरकार पंडित दीनदयाल उपाध्याय का सपना था उसको साकार करने के लिए लगी हुई है। जन कल्याणकारी राज्य की परिकल्पना को चरितार्थ करने का कार्य मोदी सरकार कर रही है। सरकारी योजनाओं का लाभ सीधा लाभार्थियों तक पहुंच रहा है।

पहले की सरकारों में जो योजनाएं केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा बनाई जाती थी, बिचौलिए उन पर भ्रष्टाचार करते थे, लेकिन जब से केंद्र में मोदी सरकार प्रदेश में योगी सरकार आई है योजनाओं का सीधा लाभ गरीब जनता तक पहुंच रहा है मोदी जी गारंटी की गाड़ी गांव गांव जाकर लोगो को योजनाओं की जानकारी और लाभार्थियों को लाभ देने का काम कर रही है। 2047 तक भारत को विकसित बनेगा उसके लिए मोदी के नेतृत्व में देश आगे बढ़ रहा है। इस अवसर पर अभियान के जिला संयोजक रवि जिंदल ने बताया कि दो गर्भवती महिलाओं की गोद भराई दो बच्चों को अन्नाप्राशन किसान सम्मन निधि 162 उज्ज्वल 26 शौचालय लाभार्थी 156 विधवा पेंशन 30 वृद्धा पेंशन 63 दिव्यांग पेंशन 8 राशन कार्ड धारक 269 अंत्योदय कार्ड 28 आयुष्मान कार्ड 220 पशुपालन टीका का करंट ढाई सौ गर्भवती महिला टीकाकरण 120 बच्चे 5 वर्ष तक के 345 आंगनवाड़ी धात्री 8 गर्भवती महिला 6 7 माह से 3 वर्ष तक 60 30 वर्ष से 6 वर्ष तक 21 तक को हाथ लाभार्थी कार्ड वितरित किये। इस अवसर पर अभियान संयोजक रवि जिन्दल, दिनेश भाटी, हरिदत्त शर्मा, जिला मीडिया प्रभारी कर्मवीर आर्य, महेश शर्मा, राहुल पंडित, ओमकार भाटी, सोनू वर्मा, पंकज कौशिक, श्याम शर्मा, नोडल अधिकारी जीतेन्द्र सिंह गौड़, आलोक रंजन आदि सैकड़ों लाभार्थी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## बिना भेदभाव कार्य कर रही केंद्र व प्रदेश सरकार : शर्मा

**रबूपुरा।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत शनिवार को कस्बा रबूपुरा समेत क्षेत्र के भाईपुर ब्रह्मनान, मोहम्मदाबाद खेडा, समेत क्षेत्र के कई गांवों में कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद डॉ महेश शर्मा मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान डॉक्टर महेश शर्मा ने बताया कि हमारा संकल्प विकसित भारत के उद्देश्य से विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया है। उन्होंने सरकार की विभिन्न योजनाओं किसान सम्मन निधि, उज्जवला गैस योजना, अंतोदय राशन, शौचालय, मुफ्त राशन, वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन साथ ही आयुष्मान के पात्रों को कार्ड वितरण किए गए समेत अन्य योजनाओं से लोगों को लाभान्वित किया जा रहा है। डॉ महेश शर्मा ने कहा कि केंद्र व प्रदेश की सरकार बिना किसी भेदभाव के काम कर रही है। वहीं दूसरी ओर क्षेत्र के कस्बा रबूपुरा समेत गांव फ्लेदा, ताकीपुर बांगर, मोहम्मदाबाद खेड़ा और चक जलालाबाद में हुए कार्यक्रम में भी मुख्य अतिथि के रूप में डॉ महेश शर्मा व भाजपा कार्यकर्ताओं की मौजूदगी में कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि सत्यपाल सिंह तालान, पूर्व जिला महामंत्री धर्मेंद्र भाटी, रबूपुरा के मंडल अध्यक्ष सुनील कुमार, चौधरी उदयवीर सिंह, श्री राम रावत, मनीराम शर्मा समेत काफी संख्या में भाजपाई व ग्रामीण मौजूद रहे।




पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
पश्चिमी उतर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संम्पर्क करें
खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता
फोनः- 0120-4270009

देशबन्धु
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें
क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा
Mob: 9411492655

Shiv Mahima Enterprises
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off.-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida


## भगवान राम का नाम 3.5 करोड़ बार लिखकर राज कुमार गुप्ता ने पेश की राम भक्ति की मिशाल

**ग्रेटर नोएडा,** 13 जनवरी (देशबन्धु)। भक्ति के पथ पर अद्वितीय यात्रा कर रहे हैं 70 वर्षीय राज कुमार गुप्ता, जिन्होंने पिछले 22 वर्षों में भगवान राम का नाम 3.5 करोड़ बार लिखा है। उनकी इस यात्रा का आरंभ उनकी पत्नी, स्वर्गीय सुनीता गुप्ता के साथ हुआ था।



सुपरटेक अपकंट्री, यमुना एक्सप्रेस वे निवासी राजकुमार गुप्ता 25 वर्ष पहले, एक गंभीर बीमारी और स्ट्रोक के बाद, गुप्ता को उनकी पत्नी ने इस अद्वितीय भक्ति की राह पर प्रेरित किया था। गुप्ता ने बताया कि मेरी पत्नी का मानना था कि भगवान राम का नाम लेने से मुझे नई ऊर्जा और शक्ति मिलेगी। उनकी पत्नी के निधन के बाद, उन्होंने इस परंपरा को और भी गहराई से अपनाया। उनकी इस अनूठी भक्ति के पीछे उनके पुत्र, डॉ. अमित गुप्ता (डायबिटोलॉजिस्ट), बहू स्वाति गोयल और पोती मान्या गुप्ता का पूर्ण समर्थन है। डॉ. अमित गुप्ता कहते हैं, मेरे पिताजी की भक्ति और समर्पण ने हम सभी को प्रेरित किया है। उनका जीवन हमें दिखाता है कि आस्था और समर्पण किसी भी बाधा को पार कर सकते हैं। राजकुमार गुप्ता की अब एक इच्छा है, वह है अयोध्या में नवनिर्मित राम मंदिर की यात्रा करना। मेरा सपना है कि मैं भगवान राम के इस दिव्य मंदिर में जाकर अपनी भक्ति की अर्पण करूं। उनका मानना है कि यह यात्रा उनकी आध्यात्मिक यात्रा का एक महत्वपूर्ण हिस्सा होगी। इस भक्ति यात्रा की सबसे विशेष बात यह है कि राजकुमार गुप्ता ने हर रोज नियमित रूप से भगवान राम का नाम लिखा, चाहे कोई भी परिस्थिति हो। उनकी इस निरंतरता और लगन ने उन्हें एक अलग पहचान दी है। श्री गुप्ता की कहानी न केवल उनके परिवार के लिए, बल्कि पूरे समाज के लिए एक मिसाल है। उनकी भक्ति और दृढ़ संकल्प से प्रेरणा लेकर कई लोगों ने अपने जीवन में आध्यात्मिकता को महत्व देना शुरू किया है। जब अयोध्या में भगवान राम के नए मंदिर का उद्घाटन हो रहा है, उनका मानना है कि यह मंदिर न सिर्फ एक पवित्र स्थल है, बल्कि उनकी आस्था और समर्पण का भी प्रतीक है।

■ **पत्नी के निधन के बाद उनकी प्रेरणा से 22 वर्ष पहले शुरु हुई भगवान राम की भक्ति**



## किसानों की समस्याओं को लेकर बीकेयू महाशक्ति की पंचायत आयोजित

**जेवर,** 13 जनवरी (देशबन्धु)। यमुना एक्सप्रेस वे के साबौता अंडर पास पर शनिवार को किसानों की समस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन महाशक्ति के कार्यकर्ताओं ने पंचायत का आयोजन किया। संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए ठाकुर राजन सिंह को सर्वसम्मति से राष्ट्रीय सचिव मनोनीत किया गया। भारतीय किसान यूनियन महाशक्ति के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि गन्ना समर्थन मूल्य 450 रुपए प्रति कुंतल व एमएसपी गारंटी कानून बनाया जाए। उन्होंने कहा कि यूरिया खाद की बोरी का वजन 45 किलो से जगह 40 किलो कर दिया गया है, जबकि कीमत कम नही की गई है, जिसका उन्होंने विरोध जताया तथा किसानों व मजदूरों की आवाज को बुलंद करने के लिए संगठन का विस्तार करते हुए बीकेयू भानू को छोड़कर आए ठाकुर राजन सिंह को राष्ट्रीय सचिव के पद पर मनोनीत किया गया है। जिनका कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर विष्णु दत्त त्यागी, एडवोकेट अमित राणा, धर्मेंद्र सिसोदिया, पिंटू राघव, संदीप भाटी, दिनेश सोलंकी, ऋषि प्रताप सिंह, बंटी सिंह लोधी, ठा चन्द्रकान्त सिंह फौजी आदि मौजूद रहे।


ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण
भूखण्ड संख्या-1, सैक्टर नॉलेज पार्क-4, ग्रेटर नौएडा, जिला गौतमबुद्ध नगर, उ0प्र0

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि Flat No. 1262, 12th Floor, Tower-D, Area-144.93 Sqm., GC-01/1st Avenue, Gaur City Sector-04, Greater Noida जो कि Sh. Amal Shyam & Mrs. Narzi Shyam # Magager (Prog.) EPINET, Forword Base ONCG Ltd., Badarghat Complex, Agratala के नाम पर उप निबंधन कार्यालय, सदर गौतमबुद्ध नगर में दिनांक-29.04.2016 को पंजीकृत है। Sh. Amal Shyam की मृत्यु के उपरान्त उनकी पत्नी ने उक्त भूखण्ड/भवन में अपने पति के भाग का नामांतरण अपने पक्ष में करने हेतु म्यूटेशन प्रपत्र प्रस्तुत किये है। अतः इस म्यूटेशन के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन तिथि के 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में Mrs. Narzi Shyam W/o Late Sh. Amal Shyam का नाम दर्ज कर दिया जायेगा।

प्रबन्धक (बिल्डर्स)
ग्रेटर नोएडा औ0 वि0 प्राधिकरण

ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण
भूखण्ड संख्या-01,सैक्टर-नॉलेज पार्क-4,ग्रेटर नोएडा
जपनद-गौतमबुद्ध नगर

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम बिसरख जलालपुर तहसील-दादरी, जिला गौतमबुद्धनगर स्थित खसरा संख्या-421 क्षेत्रफल-2530 वर्ग मीटर के आबादी व्यवस्थापन/लीज बैक का निर्णय प्राधिकरण बोर्ड की 102वीं बैठक में श्रीमती सरिता सिंह पत्नी आजाद सिंह निवासी ग्राम के पक्ष में निर्णय लिया गया है। श्रीमती सरिता सिंह पत्नी आजाद सिंह की मृत्यु हो जाने के उपरान्त उनके वारिसान श्री आजाद सिंह, श्री नवीन चौधरी, श्री दीपक चौधरी ग्राम बिसरख जलालपुर तहसील दादरी जिला- गौतमबुद्धनगर के पक्ष में नामान्तरण करने हेतु नामान्तरण प्रपत्र एवं शपथ पत्र प्रस्तुत किये गये है।
अतः इस नामान्तरण के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति प्राधिकरण के भूलेख विभाग में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखो में इनके नाम दर्ज किये जाने की कार्यवाही की जायेगी।

(रजनीकान्त)
विशेष कार्याधिकारी

# साहित्य

कहानी

# बोलने वाले जानवर

■ गुलशेर ख़ाँ शानी



छोटे डोंगर के पास ही सख्त काली चट्टान, नीला आँचल, बर्फ सी उजली धारा और कलगी-लगी घास के सब्ज बार्डरवाली माड़िन नदी भी नहीं दिखती। नदी, सरसों की पीली चुन्नटवाले खेतों का दामन वहाँ कहाँ है बस, एक छोर से दूसरे छोर तक फैली मौन पहाड़ियों ने एक गोल दायरे में हमें बाँध-भर लिया है। सामने की पहाड़ी में हरियाले-से फैलाव के बीच उखड़े हुए जंगलों की जगह चमक रही है – शायद वहाँ किसी दूसरे गाँव वालों के कोसरा के खेत होंगे...।

मिसेज जोन्स शायद पहाड़ी चढ़ते-चढ़ते थकने लगी थीं, मेरे पीछे रह जाने के कारण जानने के बहाने रुककर लौटीं और मेरी ओर देखकर धूप और कुम्हलाहट से पपड़ाए होंठों से मुस्कराकर बोलीं, 'क्या बात है?'

फिर मेरे उत्तर की प्रतीक्षा किए बिना ही पास आकर रुकीं, चारों ओर निगाहें चालीं और गर्दन से झूलते बाइनाकुलर को आँखों से लगाकर, जिधर मैं देख रहा था, उधर देखने लगीं।

मिस्टर जोन्स गाँव के लोगों से बातें करते हुए बहुत आगे निकल गए थे। हम लोग पीछे रह गए, यह देखकर वह जरा रुके और पलटकर आवाज दी। आँखों से बाइनाकुलर हटाकर, बड़े ही उत्साहवर्धक लहजे में मिसेज जोन्स मुझसे बोलीं, 'थकिए मत, अब सामने ही खेत है।'

और दाहिना हाथ बढ़ाकर मुझे अपने साथ ले लिया।

लेकिन खेत आने में अभी भी देर थी। देखता हूँ कि मिस्टर जोन्स की साँस तक अभी नहीं भरी, लेकिन मैं थक रहा हूँ और मिसेज जोन्स के पाँव अब आड़े-टेढ़े पड़ने लगे हैं। धूप की सारी चमक उनके स्कर्ट से अलगी-अलगी साफ, उजली और गठी हुई पिंडलियों पर लोट रही है। पोनी टेल स्टाइल में बँधे उनके भूरे-भूरे सूखे बाल अधर में टँगे हुए हैं। सफेद नाइलोन की उनकी शर्ट का कलर रह-रहकर गर्दन के पास खुलने और मुड़ने लगता है... मिसेज जोन्स गाढ़े नीले रंग के हैड-स्कार्फ और अमरीकन पैटर्न के चश्मे में कितनी भली लगती हैं।

सामने बाँसों का जंगल दूर-दूर तक चला गया था। उनमें रंग-बिरंगे पंखों वाले जंगली परिंदों की चहचहाहट हम लोगों की आहट सुन थोड़ी देर के लिए थमी और मिसेज जोन्स के पहुँचते-न-पहुँचते बाँस के नुकीले पत्तों और डगालियों को एकबारगी कँपाती उड़ गई।

आगे खेत था। सरसों की तरह बारीक दोनों वाले कोसरा की झुकी-झुकी बालियाँ ढलवान से लेकर पहाड़ी के चढ़ाव तक फैली हुई थीं। जगह-जगह उड़द के सूखे पौधों का ढेर, अधकटे पेड़ों के सिरों पर लदा हुआ था और जिर्रा भाजी के नन्हे पौधों में लगे खट्टे फूलों की सुर्क कलगियाँ हिल-हिलकर खींचती थीं।

खेत के सिर पर बनी झोंपड़ी के पास पहुँचकर मिस्टर जोन्स रुके और उनके रुकने के साथ ही उनके साथ के एक गाँव वाले ने जरा आगे बढ़कर जंगल में चारों ओर मुँह करके आवाज लगानी शुरू कर दी। आवाज सुनसान जंगल में गूँजती हुई पहाड़ियों से टकराई और लौट आई। मिसेज जोन्स वहाँ पहुँचकर शाल के पेड़ की छाँव में बैठ गईं और चारों ओर देख, एक तृप्ति का साँस लेती हुई बोलीं –

'आई लव दिस कंट्री!'

उस बात का समर्थन मिस्टर जोन्स ने केवल मुस्कराकर किया और पास खड़े स्कूल मास्टर से पूछने लगे, 'हम लोग तो ठीक अबूझमाड़ में हैं न?'

'नहीं यह तो छोर का एक गाँव है।'

स्कूल मास्टर पिछले आठ-दस बरसों से उस क्षेत्र में रह रहा है। शायद उन लोगों के जीवन को बहुत निकट से जानता है। आज इस पहाड़ी पर खेती है तो नीचे का आठ झोंपड़ी वाला गाँव भी बसा है। दो बरस बाद आकर देखिए तो यह पहाड़ी छोड़ लोग दूसरी जगह चले जाएँगे और यह गाँव खाली हो जाएगा। मिसेज जोन्स को इन बातों से कोई दिलचस्पी न थी, उकताकर वह उठीं, थोड़ी दूर तक टहलती रहीं फिर आँखों में बाइनाकुलर चढ़ा लिया। थकावट से मेरी टाँगें और लपकें दोनों भारी होने लगीं। छाँव में बैठा। दरख्त के तने से टिकटे ही सो जाऊँगा यह डर होते हुए भी अपने को सँभाल नहीं पाया। तन-मन दोनों स्वप्निल होने लगे...

थोड़ी देर पहले जब नीचे के गाँव में आए तो मिसेज जोन्स सबके आगे थीं। उनके स्वभाव में अजीव बात है। मन प्रसन्न होता है, और मूड़ में होती हैं तो बच्चों सी शरारत और चंचलता उनमें भर जाती है लेकिन किसी बात पर खिन्न होती हैं तो मि. जोन्स भी बातें करने की साहस नहीं कर पाते। मिसेज जोन्स कलाकार हैं। उन्हें प्रकृति का सौंदर्य चाहिए। सुंदर और सजीव लैंड-स्केप के लिए एक जगह वह कई-कई घंटे बिता देना चाहती थी पर उनके मिस्टर की बात और है। अपने देश से इतनी दूर बस्तर की प्रकृति पर मुग्ध होकर – नहीं, एंथ्रापालाजिस्ट की हैसियत से लोगों की और आकर्षित होकर आए थे।

अबूझमाड़ में दोपहर को गाँव गाँव नहीं, श्मसान हो जाता है। सड़क से कोई तीन मील जंगल में घुसने के बाद एक ऊँची जगह पर चार-आठ झोंपड़ियाँ दीखीं – यही गाँव था। लौकी की बेलें सभी झोंपड़ियों पर छाई थीं और पिछले आँगन के मंडप भर में फैली-बिखरी सेम की लताओं में नन्हे और प्यारे बैंगनी फूल सज रहे थे। कुछ दूर पर सलपी का बड़ा पेड़ खड़ा था जिसकी गर्दन में चँगी मटकी में रिसकर रस भर रहा था। उसके पास से ही सरककर सरसों के पीले खेतों का आँचल कोई तोरई के फूल की तरह लहराता था और इन सबकी पृष्ठभूमि में कोहरा-ढँपी नीली-नीली पहाड़ियों का जादू-भरा दायरा...

मिसेज जोन्स मोह में भरी खड़ी रह गईं। थोड़ी देर तक मंत्र-मुग्ध सी निहारती रहीं फिर पास के एक टीले पर जा कैमरे का एक स्नेप लेकर, राइटिंग-बोर्ड के एक कागज में पेन से स्केच खींचने लगीं। मिस्टर जोन्स ने कहा 'पूरा गाँव खाली है, सब लोग कहाँ गए?'

'दिन में लोग गाँव में नहीं मिलते। सुबह होते ही पहाड़ी पर चढ़े जाते हैं और वहाँ से शाम के पहले नहीं लौटते।'

मिसेज जोन्स ने टीले से ही स्केच खींचते-खींचते रुककर पूछा – 'इनके खेत कहाँ हैं?'

'पहाड़ी में ही तो खेत होते हैं।' कहकर स्कूल मास्टर के सामने की एक पहाड़ी के एक उखड़े हुए भाग की ओर इशारा कर दिया जो वहाँ से ऐसे दिखता था जैसे ऊँची-ऊँची घास के मैदान के बीच थोड़ी सी जगह किसी ने छील दी हो।

'चार माह ही जी तोड़कर ये लोग काम करते हैं। बाकी आठ माह पुरुष जंगल-जंगल शिकार करते भटकते हैं और औरतें जंगल में कंद-मूल और महुए के फूल इकट्ठे करती है।'

मिसेज जोन्स वहाँ से उठकर एक झोंपड़ी के पास तक उठकर चली गई थीं। दरवाजे की दराज से भीतर झाँकती हुई अनायास ही पुकार उठीं –

'यह देखो तो क्या है?'

झोंपड़ी के भीतर देखने को क्या था? बाहर खड़े रहकर पहाड़ियों, सलपी के पेड़ और सरसों के पीले खेतों के बैकग्राउंड में फोटो लेना या स्केच खींचना अच्छा लगता है, पर भीतर देखने पर सुंदरता के बदले कुरूपता झाँकती है। आदमी आज भी ऐसा जीवन जीता है।

मैंने मिसेज जोन्स का साथ दिया। कुछ नहीं, बाँस की एक-दो चटाइयाँ, उन पर एक-दो चिथड़े (शायद वह बिस्तर था), दो-तीन माटी की काली-काली हाँडियाँ, दीवार से लटका एक मांदर (बड़ा ढोल) और कुछ सूखी तूंबियाँ...

लेकिन मिसेज जोन्स कुछ और दिखा रही थीं – जहाँ चूल्हा था उसके ठीक ऊपर धुएँ से अँटा एक बाँस छुँचा हुआ था और उसमें मांस की बड़ी-बड़ी बोटियाँ सूखने के लिए लटक रही थीं।

मैंने कहा, 'यह गाय का मांस है, सुखाया जा रहा है।'

मिसेज जोन्स शायद आश्चर्य प्रकट करतीं लेकिन तभी उस मोटी सूअरनी का एक पिल्ला भटककर उनके पास तक आ गया था और उनके लौटते ही तेजी से भागा। खुशी से उछलकर उस पिल्ले की ओर देखती हुई बोलीं, 'लुक एट दैट पपी!'

मिसेज जोन्स जानवरों को बहुत प्यार करती हैं। जहाँ भी जाती हैं दो-एक कुत्ते-बिल्ली या बंदर अपने गिर्द जरूर समेट लेती हैं। अपने खाने में से भी आधा निकालकर वह उन जानवरों को दे डालती हैं भले ही वह मरियल या बीमार कुत्ते ही क्यों न हों।

जिधर वह पिल्ला भागा था – मिसेज जोन्स उधर ललचाई दृष्टि से ताक रही थीं। उनका बस चलता तो दौड़कर उसे पकड़ लेतीं और बड़े प्यार से उसे गोद में बिठाकर चुमकारतीं, सहलातीं और शायद उसके नर्म जिस्म पर अपने गाल तक धर देतीं।

लेकिन मिस्टर जोन्स कह रहे थे कि अब पहाड़ी पर चलना चाहिए। इससे उनके खेतों का देखना तो होगा ही, गाँव के सभी लोगों से भेंट भी हो जाएगी। सुनकर वहाँ से मिसेज जोन्स बच्चों की तरह दौड़ी हुई आईं और सबसे आगे अपने के कर, पुलकती हुई बोलीं–

'तो लो, पहाड़ी पर चढ़ने के लिए सबसे पहले मैं तैयार हूँ।'

पहाड़ी की चढ़ाई लगभग एक मील की थी। आधा फासला मिसेज जोन्स गुनगुनाती हुई तय कर गईं –

अकस्मात पास की झाड़ी में सूखे पत्ते तड़-तड़ टूटने लगे, बाँस की नुकीली टहनियाँ थरथराईं, छेदावरी काँटे का नाजुक पौधा कई बार काँपा, जिर्रा के सुर्ख फूल हिले... हिले और एक गेंहुएँ रंग की भरपूर जवान औरत बाँस की झाड़ी के पास आकर खड़ी हो गई – मांसल और खुली। तभी पटेल आया, गाँव के आठ-दस लोग इधर-उधर से सिमटते दिखाई दिए और मिसेज जोन्स ने मुझे आवाज दी।

चील के बादामी फल की तरह भरे पपोटों से निकली पलकें छेदावरी काँटे-सी होती हैं, फिर बनजामी के छेदावरी का एक पौधा अपने कान में क्यों खोंस रखा है? जिर्रा की कोई नस छिटककर उसकी पुतलियों में डोर बन गई है। भारी-भारी देखती हुई मिस्टर जोन्स, मिसेज जोन्स और फिर मेरी पत्तल पर ठहर जाती हैं और उन काँटों से लहू-लुहान करती हुई पूछती हैं, 'और दूँ? और दूँ.. ?'

मिसेज जोन्स कोसरा का रेत मिला भर्ता खा रही हैं – उनसे नहीं खाया जाता। जिर्रा का इतना खट्टा शोरबा भी हलक के नीचे नहीं उतरता। लेकिन मिस्टर जोन्स एंथ्रपालाजिस्ट हैं। इन्हीं आदिम जातियों के बीच रहकर उन्हें काम करना है।

उनका खाना वह सबसे पहले खाने के अभ्यस्त हो जाना चाहते हैं। कोसरा के बारीक दानों और रेत के रंगों में अंतर नहीं होता। उन्हें चुनकर अलग-अलग करना कठिन है। रेत समेत चबाने पर भी मिस्टर जोन्स के चेहरे पर शिकन नहीं अलबत्ता मिसेज जोन्स बरबस मुस्करा रही हैं।

कुछ देर पहले जब जली हुई अँगीठी के राख फैले ढेर के पास तीन पत्तल बिछे और खाना बन जाने की सूचना के साथ हमें ले चलने के लिए बनजामी निकट आ खड़ी हुई तो मिसेज जोन्स ने भरपूर आँखों से बनजामी की ओर देखा और तत्काल ही अपने पर नजरें फिसलाती दूसरी और ताकने लगी। मिसेज जोन्स पूरी तरह क्यों नहीं देख पाईं? शायद उन्हें लगा हो कि बनजामी एक जवान लड़की है और इतने सारे पुरुषों के बीच इतने कम कपड़ों में – लगभग-नंगी खड़ी है।

मिस्टर जोन्स गाँव के लोगों से बातें करते हुए बहुत आगे निकल गए थे। हम लोग पीछे रह गए, यह देखकर वह जरा रुके और पलटकर आवाज दी। आँखों से बाइनाकुलर हटाकर, बड़े ही उत्साहवर्धक लहजे में मिसेज जोन्स मुझसे बोलीं, 'थकिए मत, अब सामने ही खेत है।'
और दाहिना हाथ बढ़ाकर मुझे अपने साथ ले लिया।

सबने उठकर बनजामी का पीछा किया और राख बिखरी अँगीठी के पास आए। मिसेज जोन्स के पूछने पर मैं बताता हूँ कि बनजामी पहाड़ी के नीचे वाले गाँव की लड़की है। बाप नही है अकेली बूढ़ी माँ है अत: खेत का सारा काम अकेले करती है। किसी ने बताया कि बनजामी के लिए ही मारवी परलकोट की पहाड़ियों का साँवला, बलिष्ठ और हँसमुख मारवी क्या हर जगह मिल सकेगा? फिर सात महीने में दिन-रात साथ रहकर भी मारवी बनजामी को जीत क्यों नहीं पा रहा? बनजामी के मन में क्या कोई और है?

अँगीठी तक मारवी भी मेरे साथ आया। देखता हूँ कि बनजामी से अधिक संकोच शायद मारवी में है। जब वह निकट होती है तो पलक उठाकर बनजामी की ओर देखते मारवी से नहीं बनता लेकिन जब जरा दूर हो जाती है तो एकटक ताकता है। शायद कायर है।

सजे हुए पत्तल के पास पहुँचकर मिसेज जोन रुक गईं। अँगीठी के एक ओर बिल्कुल जर्जर बुढ़िया बैठी हुई थी। उसीके पास शायद उसकी बहू थी। तेईस से अधिक की नहीं होगी। एक बच्चा जनकर ही बूढ़ी हो रही थी।

मिसेज जोन्स ने केवल क्षणकाल के लिए उधर देखा फिर अपने पति की ओर शिकायत-भरी आँखों से देखने लगीं, 'यहाँ कैसे खाया जाएगा?'

खाने के दौरान मारवी को टटोलने के लिए पूछता हूँ, 'मारवी, घोटुल जाते हो?'

'हाँ'

'और वनजामी?'

'वह भी जाती है।'

'तुम दोनों साथ-साथ नाचते हो?'

'हाँ।'

'घोटुल में वनजामी तुम्हारे साथ सोती है?'

'नहीं,' मारवी झेंपकर हँसने लगता है, 'नाचने के बाद घर चली जाती है।'

मैं कहता हूँ, 'मारवी, जब तुम वनजामी को इतना प्यार करते हो तो उसे लेकर भाग क्यों नहीं जाते?'

उस बात का जवाब उसके पास नहीं, बस हँसता है।

दोपहर की साँस उखड़ चुकी थी। बदली के एक टुकड़े ने इधर छाँह कर दी लेकिन दूसरी तरफ की पहाड़ी में फैली रौशनी का आँचल और तेजी से लकलकाने लगा। मेरे बार-बार आग्रह करने पर बड़े ही संकोच-सहित मारवी ने एक गीत गाया लेकिन गीत की पंक्ति सुनकर ही वनजामी उठ कर चल दी।

नीचे उतरने में देर न थी। सारा सामान जो पिछले दो-तीन घंटों से बिखरा हुआ था, समेटा जाने लगा। थोड़ी देर के बाद वहाँ के हरे-हरे दरख्तों और नीली पहाड़ियों पर सुरमई आँचल डालकर कोई पलकों में खुमारआलूद नशा घोलेगा। उस आँचल को आहिस्ते-आहिस्ते सरकाकर यहीं कहीं से – आँगन में सूखते धान-सा चाँद जब अनायास ठिठक जाएगा तो यह पहाड़ी कैसी लगेगी?

सब विदा देने आए – पटेल, मारवी, जर्जर बुढ़िया, खेत में इधर-उधर फैले लोग, औरत और उसका बीमार बच्चा लेकिन वनजामी दिखाई न दी। जाते-जाते सब लोगों से घिरकर मुझे अनायास कुछ स्मरण आया, मैंने जोन्स से कहा – 'ये लोग बख्शीश माँगते हैं।'

मिस्टर जोन्स के कुछ कहने से पहले ही मिसेज जोन्स ने मेरी ओर आश्चर्य से देखते हुए पूछा, 'किस बात की?'

उस बात का जवाब देना मेरे लिए कठिन हो गया।

मिस्टर जोन्स ने पूछा – 'इन दो-चार रुपयों का ये लोग क्या करेंगे?'

'सब मिलकर शराब पीएँगे।' स्कूल मास्टर ने कहा। तत्काल मिसेज जोन्स बोलीं –'यह तो अच्छी बात नहीं,' उनके होंठों पर वही सूखी कठोरता घिर आई। मुझसे कहने लगीं, 'हमें पैसा देना अखर रहा है, यह बात नहीं। आप खुद सोचिए न, यूँ माँगकर पीना और पैसे बरबाद करना क्या अच्छा लगता है?'

मैं कुछ कह सकने की स्थिति में नहीं। यह सब उन्हें समझा नहीं सकता। सोचता हूँ अभी थोड़ी देर पहले मिसेज जोन्स इन लोगों की कितनी प्रशंसा कर रही थीं – इनकी सादगी, व्यवहार, भोलापन और मेहमाननवाजी की... और अब क्या हो गया?

मिस्टर जोन्स को कुछ न कहकर धीरे से मुस्कराते हुए रुपए निकालते देख उनके होंठों का सूखापन और गहरा हो गया। रुपए लेकर सलाम करते लोगों की ओर एक बार भी देखे या सलाम का जवाब दिए बिना वह तेजी से पलटीं और नीचे उतरने लगीं। औरत की गोद में बच्चे को देखर मैं सोचता हूँ कि सूअरनी का पिल्ला इस बच्चे से निश्चय ही खूबसूरत होगा नहीं तो मिसेज जोन्स इसे प्यार क्यों नहीं करतीं।

---

■ डॉ घनश्याम बादल

# सपनों को हवा देती उड़ान पतंग की !

एक ओर मकर सक्रांति को दान, पुण्य एवं मोक्षदायक पर्व कहा जाता है दूसरी तरफ उत्तर भारत में विशेष तौर पर राजस्थान, गुजरात, हरियाणा, मध्य प्रदेश आदि में यह युवाओं एवं बड़े बूढ़ों तक के लिए यह पतंग उड़ाने का महापर्व बनकर आता है ।

जी हां, मकर संक्रांति का पर्व और पतंग की कहानी एक दूसरे से जुड़ी हुई है। बच्चों की पतंग,, कवि बिहारी की 'गुड़ी' अंग्रेजों की 'काइट' अलग अलग देशों व प्रदेशों में अलग अलग नामों से जाने जाने वाली पतंग इन दिनों शबाब पर होती है । कभी चार आने में चार मिलने वाली पतंगें अब भले ही महंगाई की मार झेल रही है, फिर भी न केवल जिंदा है , अपितु ठसक के साथ उड़ान पर है ।

आइए देखते हैं पतंग का भूत वर्तमान व भविष्य पतंगबाजी के मौसम में ।

पुराने ज़माने में मनुष्य की आसमान में उड़ने की आकांक्षा को संतुष्ट करने और डोर थामने वाले की उमंगों को उड़ान देने वाली पतंग दुनिया के विभिन्न भागों में अलग-अलग मान्यताओं परम्पराओं तथा अंधविश्वास की वाहक रही है । पर , आज इसने विज्ञान के सहारे ऊंचाइयां छू रखी हैं अब पतंग की उड़ान पूरी तरह मनोरंजन व विज्ञान की कहानी बन गई है ।

पतंग का इतिहास लगभग 2300 वर्ष पुराना है । चीन के बाद पतंगों का प्रसार जापान, कोरिया, थाईलैंड, बर्मा, भारत, अरब, उत्तर अफ्रीका तक हुआ। यूरोप में मार्कोपोलो के आने के बाद पतंग उड़ाना शुरु हुआ। मार्को पालों पूर्व की यात्रा से पतंग उडाने का कौशल यूरोप लाया था । उसके बाद यूरोप और फिर अमेरिका के लोगों ने वैज्ञानिक और सैन्य उद्देश्यों की पूर्ति के लिए पतंग का प्रयोग किया। ब्रिटेन के प्रसिद्ध वैज्ञानिक डाक्टर नीडहम ने अपनी पुस्तक 'ए हिस्ट्री आफ चाइनाज साइंस एण्ड टेक्नोलोजी' में पतंग को चीन द्वारा यूरोप को दी गई एक प्रमुख खोज बताया था ।



आसमान की ऊंचाइयों पर उड़ने वाली पतंग अनेक अनूठे प्रयोगों का सबब रही है। डोर पर सवार उड़ती पतंग ने अपने अलग-अलग रूपों में दुनिया को न केवल एक रोमांच दिया, बल्कि यह विश्व की विभिन्न सभ्यताओं और संस्कृतियों में रच-बस गई है । पतंग भारत समेत दुनिया के अनेक देशों में आशाओं वआकांक्षाओं को बल और कल्पनाशीलता के पंख देती है।

मानव की महत्वाकांक्षा को आसमान की ऊँचाईयों तक ले जाने वाली पतंग कहीं शगुन और अपशकुन से जुड़ी है तो कहीं ईश्वर तक अपना संदेश पहुंचाने के माध्यम के रूप में प्रतिष्ठित है। प्राचीन दंतकथाओं पर विश्वास करें तो चीन और जापान में पतंगों का उपयोग सैन्य उद्देश्यों के लिये भी किया जाता था। चीन में पतंग का अंधविश्वासों में विशेष स्थान है। वहां किन राजवंश के शासन के दौरान पतंग उड़ाकर उसे छोड़ देने को अपशकुन माना जाता था। साथ ही किसी की कटी पतंग को उठाना भी बुरे शकुन के रूप में देखा जाता था। जबकि थाईलैंड में पतंग धार्मिक आस्थाओं के प्रदर्शन का माध्यम रही है। थाइलैंड में हर राजा की अपनी विशेष पतंग होती थी जिसे जाड़े के मौसम में भिक्षु और पुरोहित देश में शांति और खुशहाली की आशा में उड़ाते थे। थाइलैंड के लोग अपनी प्रार्थनाओं को भगवान तक पहुंचाने के लिए वर्षा ऋतु में पतंग उड़ाते थे। कोरिया में पतंग पर बच्चे का नाम और उसके जन्म की तिथि लिखकर उड़ाया जाता था ताकि उस वर्ष उस बच्चे से जुड़ा दुर्भाग्य पतंग के साथ ही उड़ जाए।

डोर के सहारे उड़ने वाली पतंग तब हवा में उठती है जब हवा का प्रवाह पतंग के ऊपर कम और नीचे अधिक होता है। यह दबाव हवा की दिशा के साथ डोर का खिंचाव भी उत्पन्न करता है मूलत: पतंग की उड़ान हवा के दबाव व धागे के तनाव पर निर्भर करती है । इसमें पतंग का आकार भी मुख्य भूमिका निबाहता है जो उससे बंधे धागे के खिंचने पर नीचे के हवा के दबाव को उसे ऊपर धकेलता है । पतंग आमतौर पर हवा से भारी होती है, लेकिन हैलिकाइट हवा से हल्की पतंग होती है । यह पतंग हवा के बिना भी उड़ सकती हैं। हैलिकाइट पतंगे स्थिरता सिद्धांत पर काम करती हैं क्योंकि हैलिकाइट हीलियम-स्थिर और हवा-अस्थिर होती हैं ।

पतंग उड़ाने का शौक चीन, कोरिया और थाइलैंड आदि दुनिया के कई अन्य भागों से होकर भारत में पहुंचा। देखते ही देखते यह शौक यहां की संस्कृति और सभ्यता में रच-बस गया। खाली समय का साथी बनी पतंग को खुले आसमान में उड़ाने का शौक बच्चों से लेकर बूढ़ों तक के सिर चढ़कर बोलने लगा। भारत में पतंगबाजी इतनी लोकप्रिय हुई कि इस पर गीत व कविताएँ तक लिखी गई । जैसे 'ना कोई उमंग है , ना कोई तरंग है , मेरी ज़िंदगी है क्या एक कटी पतंग है ....' और उड़ी उड़ी रे पतंग मेरी उड़ी रे , 'हो के डोर पे सवार चली बादलों के पार ....'' और कविताओं में ' कुछ छोटी कुछ बड़ी पतंगें , आसमान में उड़ी पतंगें ...... ,' बच्चों की कल्पना देखिए ' मुझको पतंग बना दे कोई , बिन पंखों मुझे उड़ा दे कोई , आसमान में जाऊंगी मैं , नहीं लौटकर आऊंगी मैं .....''

दुनिया के कई देशों में पतंग उड़ाओ दिवस 'फ्लाई ए काइट डे' के रूप में मनाते हैं। जापान के हिगाशियोमी में योकाइची नामक विशाल पतंग महोत्सव, हर वर्ष मई के चौथे रविवार को मनाया जाता है। राजस्थान में हर वर्ष मकर संक्रांति के दिन पर्यटन विभाग

की ओर से तीन दिवसीय पतंगबाजी प्रतियोगिता होती है जिसमें जाने-माने पतंगबाज भाग लेते हैं। जयपुर में तो पूरे साल ही पतंग उत्सव का माहौल रहता है वहां पर कई पतंग क्लब हैं। दिल्ली और लखनऊ में भी पतंगबाजी के प्रति काफी आकर्षण है। लखनऊ में दीपावली के अगले दिन आसमान में पतंगों की कलाबाजियां देखते ही बनती हैं। दिल्ली में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पतंग उड़ाने का विशेष चलन है।

एक समय मनोरंजन के प्रमुख साधनों में से एक, पतंगबाजी का शौक अब कम होता जा रहा है। समय का अभाव और खुले स्थानों की

कमी तथा बढ़ती महंगाई जैसे कारणों के चलते पतंगबाजी की कला अब इतिहास में सिमटती जा रही है और कुछ विशेष दिनों में ही

पतंगों के दर्शन हो पाते हैं। पर उम्मीद करें कि इन संकटों के बावजूद भी पतंग और पतंग बाजी दोनों बने और बचे रहेंगे।

**डॉ0 घनश्याम बादल**
**9412903681**

---

कविता

# फिर एक हिलोर उठी

■ शमशेर बहादुर सिंह

फिर वह एक हिलोर उठी—
गाओ
वह मज़दूर किसानों के स्वर
कठिन हठी !
कवि हे, उनमें अपना हृदय
मिलाओ !
उनके मिट्टी के तन में है
अधिक आग,
है अधिक ताप =

अपने विरह मिलन के पाप
जलाओ !
काट बूर्जुआ भावों की
गुमठी को—
गाओ !
अति उन्मुक्त नवीन प्राण
स्वर कठिन हठी !
कवि हे, उनमें अपना हृदय
मिलाओ !

सड़े पुराने अंध-कूप गीतों
के
अर्थहीन हैं भाव, मूक मीतों
के—
उन्हें अपरिचय का लाँछन दे
बिल्कुल आज भुलाओ !

नूतन प्राण-हिलोर उठी !
तुम, वह जिस ओर उठी,
उठ जाओ !
कवि हे !..

प्रकाशक, मुद्रक : राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए 506, आई.एन.एस. बिल्डिंग, 9, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं बीएफएल इंफोटेक लि., सी 9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। सम्पादक : राजीव रंजन श्रीवास्तव, (पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)। आर.एन.आई. नं. DELHIN/2008/24216. दिल्ली कार्यालय :फोन: 011-23718195,23357784, फैक्स: 011-43581404, नोएडा कार्यालय: फोन: 0120-4114404 फैक्स: 0120-4273770
ई-मेल: deshbandhudelhi@gmail.com वेब: www.deshbandhu.co.in

# देश विदेश

## कोयला खदान दुर्घटना में 10 श्रमिकों की मौत

**झेंग्झौ।** चीन के हेनान प्रांत के पिंगडिंगशान शहर में एक कोयला खदान में शुक्रवार को हुई दुर्घटना में 10 श्रमिकों की मौत हो गई और छह अन्य लापता हैं। स्थानीय अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। हादसा दोपहर 2:55 बजे हुआ। शुक्रवार को पिंगडिंगशान तियानान कोल माइनिंग कंपनी लिमिटेड की एक कोयला खदान में प्रारंभिक जांच से पता चला है कि कोयला और गैस के विस्फोट के कारण हुए हादसे में 10 लोगों की मौत हो गई। दुर्घटना के समय कुल 425 लोग भूमिगत काम कर रहे थे।

### संयुक्त राष्ट्र ने की इजरायल निंदा

# गाजा के अस्पतालों में मानवीय सहायता पहुंचाना हो रहा मुश्किल

**जेनेवा,** 13 जनवरी (एजेंसियां)। इजरायल लगातार उत्तरी गाजा में मानवीय काफिलों को रोकने से यहां के अस्पतालों में जरूरी ईंधन और अन्य सहायता पहुंचाना मुश्किल हो गया है। संयुक्त राष्ट्र ने शनिवार को यह जानकारी दी।

उत्तर में सहायता मिशन की योजना बनाने के बाद, संयुक्त राष्ट्र एजेंसियों ने कहा कि उनके काफिलों को इजरायल की ओर से आगे बढ़ने से रोक दिया गया है।फ़िलिस्तीनी क्षेत्रों में संयुक्त राष्ट्र सहायता एजेंसी ओसीएचए के कार्यालय के प्रमुख एंड्रिया डी डोमेनिको ने कहा, उत्तर में सहायता पहुंचाना लगभग मुश्किल होता जा रहा है।

■ यूएन एजेंसियों को 21 अनुरोधों में से तीन मिशनों को आंशिक रूप से मंजूरी मिली

उन्होंने कहा, हाल के दिनों में एजेंसी को 21 अनुरोधों में से तीन मिशनों को आंशिक रूप से मंजूरी मिल गई है। फिलिस्तीनी क्षेत्रों में यूनिसेफ की विशेष प्रतिनिधि लूसिया एल्मी ने भी अफसोस जताया कि हमें पर्याप्त सहायता नहीं मिल सकती। निरीक्षण प्रक्रिया धीमी और अप्रत्याशित बनी हुई है और कुछ सामग्रियां जिनकी हमें सख्त जरूरत है, वे बिना किसी स्पष्ट औचित्य के प्रतिबंधित हैं। श्री डोमेनिको ने कहा कि इजरायली सेना गाजा के अस्पतालों में ईंधन मुहैया नहीं कराना चाहती है। उन्होंने कहा, हमें अस्पतालों का समर्थन करने की इजाजत नहीं देने के लिए वे बहुत व्यवस्थित रहे हैं। कुछ ऐसा है जो अमानवीयता के स्तर तक पहुंच रहा है और मेरे लिए समझ से परे है। संयुक्त राष्ट्र के विश्व स्वास्थ्य संगठन ने कहा कि उन्होंने सात असफल प्रयासों के बाद आखिरकार गुरुवार को दो सप्ताह से अधिक समय में पहली बार अल शिफा अस्पताल पहुंचने में कामयाब रहा। डब्ल्यूएचओ प्रमुख टेड्रोस एडनोम घेबियस ने एक्स पर लिखा कि मिशन ने 9,300 लीटर ईंधन सहित बेहद जरूरी सहायता पहुंचाने की अनुमति दी है। प्रमुख टेड्रोस ने कहा कि अस्पताल में अब 60 चिकित्सा कर्मचारी हैं।

## गाजा में इजरायली हमलों में मरने वालों की संख्या बढ़कर 23,708 हुई

**गाजा।** गाजा पट्टी में इजरायली हमलों में मरने वाले फिलीस्तीनियों की संख्या बढ़कर 23,708 हो गई है। गाजा स्थित स्वास्थ्य मंत्रालय ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय ने बताया कि पिछले 24 घंटों के दौरान इजरायली सेना के हमले में 151 फिलिस्तीनियों की मौत हो गयी जबकि 248 अन्य घायल हुए हैं। मंत्रालय के मुताबिक गत सात अक्टूबर को इजरायल-हमास संघर्ष शुरू होने के बाद से इजरायली हमलों के कारण 60,005 फिलिस्तीनी घायल हुए हैं। काफी संख्या में पीड़ित अभी भी मलबे के नीचे हैं और एम्बुलेंस तथा नागरिक सुरक्षा दल उन तक नहीं पहुंच सकते हैं । प्रत्यक्षदर्शियों और स्थानीय सूत्रों ने बताया कि इजरायली विमानों ने पहले मध्य गाजा पट्टी के दीर अल-बलाह शहर के पश्चिम में अल-अक्सा शहीद अस्पताल के पास एक आवासीय घर को निशाना बनाया, जिसमें 11 लोगों की मौत हो गई।

# यूक्रेन, ब्रिटेन ने सुरक्षा समझौते पर हस्ताक्षर किए



**कीव,** 13 जनवरी (एजेंसियां)। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की और यूक्रेन के दौरे पर आए ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने एक सुरक्षा समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने बताया कि जेलेंस्की ने शुक्रवार को कहा कि 10 साल के समझौते में निर्धारित गारंटी तब तक रहेगी जब तक यूक्रेन उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) में शामिल नहीं हो जाता। जेलेंस्की ने कहा, हम सभी क्षेत्रों में सुरक्षा पर ब्रिटेन के साथ सहमत हैं - जमीन पर, हवा में, समुद्र में और साइबरस्पेस में। राष्ट्रपति के अनुसार, इस समझौते में हथियार, प्रतिबंध, यूक्रेन की सीमा और संघर्ष के बाद की क्षतिपूर्ति से संबंधित मुद्दे शामिल हैं। अपनी ओर से, सुनक ने कहा कि समझौते के तहत, ब्रिटेन यूक्रेन को नौसैनिक तथा अन्य हथियार प्रदान करेगा, और रूस को यूक्रेन के साथ संघर्ष के लिए आर्थिक कीमत चुकाने के लिए मजबूर करेगा। दिन में कीव पहुंचे सुनक ने यह भी वादा किया कि ब्रिटेन यूक्रेन को 2.5 अरब पाउंड (लगभग 3.2 अरब डॉलर) की नई रक्षा सहायता प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि सहायता में टैंक रोधी हथियार, मिसाइलें, तोप के गोले और यूक्रेनी सैनिकों के लिए सैन्य प्रशिक्षण शामिल होगा।

**ब्रिटेन यूक्रेन को 2.5 अरब पाउंड रक्षा सहायता प्रदान करेगा**

## सुडोकू 6436

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | 6 | | 4 | | | 5 |
| 8 | | | | 5 | | | 6 | 3 |
| | | 5 | 3 | | | | | 8 |
| 5 | | | | | | | | |
| | 9 | | | | | | 4 | |
| | | | | | | | | 2 |
| 1 | | | | | 8 | 2 | | |
| 6 | 5 | | | 7 | | | | 1 |
| 7 | | | 9 | | 6 | | 8 | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ **बेजान दारूवाला**

ग्रह स्थिति : रविवार 14 जनवरी, 2024 पौष शुक्ल पक्ष 3

### राशिफल

मेष -आज दोस्तों के साथ आप काफी व्यस्त रहने वाले हैं। दोस्तों से भेंट उपहार मिलेंगे। आप भी दोस्तों पर अनावश्यक खर्च करेंगे। नई दोस्ती के कारण भविष्य में लाभ भी हो सकता है। संतान से भी लाभ होगा।

वृषभ -आज का दिन नौकरी करने वालों के लिए शुभ है। नए काम का आयोजन सफलतापूर्वक कर सकेंगे। अधिकारियों की कृपादृष्टि आप पर बनी रहेगी। पदोन्नति के योग बन रहे हैं। गृहस्थ जीवन में मधुरता आएगी।

मिथुन -किसी भी नए काम की शुरुआत के लिए आज का दिन अच्छा नहीं है। शरीर में थकान और आलस्य रहने से किसी भी काम में आपका मन नहीं लगेगा। पेट संबंधी किसी रोग से परेशान हो सकते हैं।

कर्क -आप का दिन प्रतिकूलताओं से भरा प्रतीत होता है। आज किसी नए काम का आरंभ ना करें। किसी बीमारी के इलाज की शुरुआत ना ही करें। क्रोध से दूर रहें। काम और चोरी जैसे अनैतिक विचारों से आपकी मानहानि हो सकती है।

सिंह -आज का दिन मध्यम फलदायी है। दांपत्यजीवन में किसी बात पर रूठने-मनाने का दौर रहेगा। व्यापार में भी पार्टनर के साथ मनमुटाव हो सकता है। सामाजिक जीवन में सफलता मिलेगी।

कन्या -आज आपके लिए दिन शुभ है। घर में सुख-शांति का वातावरण छाया रहेगा। मन भी प्रसन्न रहेगा। सुख के प्रसंग बनेंगे। आपका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। बीमारी से पीड़ित व्यक्ति की परिस्थिति में सुधार आएगा।

तुला -आज आप का दिन सुखपूर्वक गुजरेगा। बौद्धिक चर्चाओं में दिन गुजरने की संभावना है। आज कल्पनाशक्ति से कोई बड़ा काम आसानी से कर पाएंगे। संतान से शुभ समाचार मिलेंगे।

वृश्चिक -आज का दिन शांतिपूर्ण रूप से व्यतीत करें, क्योंकि किसी बात को लेकर मन चिंताग्रस्त रहेगा। कुंटुंब या परिवार में किसी से वाद-विवाद हो सकता है। स्वास्थ्य के विषय में चिंता रहेगी। धनहानि एवं यशहानि हो सकती है।

धनु -आज आप ज्योतिष और आध्यात्मिक बातों में खूब रुचि लेंगे। भाई-बहनों के साथ आप का व्यवहार अच्छा रहेगा। नए काम की शुरुआत के लिए समय अच्छा है। मित्रों एवं स्नेहीजनों से मुलाकात होगी।

मकर -आज आप शेयर मार्केट में आज अपनी किस्मत आजमा सकते हैं। किसी बड़े निवेश में भी आपकी रुचि रहेगी। आकस्मिक धन लाभ होगा। परिजनों के साथ विवाद हो सकता है।

कुंभ -आज आप शारीरिक एवं मानसिक रूप से उत्साहित रहेंगे। आर्थिक रूप से दिन लाभदायी है। कुटुंबजनों एवं मित्रों के साथ बाहर कहीं घूमने जा सकते हैं। आध्यात्मिकता में आपकी रुचि रहेगी।

मीन -आज मानसिक व्याकुलता अधिक रहेगी और एकाग्र नहीं रह पाएंगे। धार्मिक कामों में धन खर्च हो सकता है। पूंजी निवेश में आज विशिष्ट ध्यान रखने की जरूरत है।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## आज का इतिहास

1551 – मुगल काल में अकबर के नवरत्नों में से एक अबुल फजल का जन्म।
1641 – यूनाइटेड ईस्ट इंडिया कंपनी ने मलक्का शहर पर विजय प्राप्त की।
1659 – एलवास के युद्ध में पुर्तगाल ने स्पेन को पराजित किया।
1741 –मराठाओं और अफगानों के बीच पानीपत का तीसरा युद्ध शुरू हुआ।
1742 – दुनिया का हेली कॉमेट से परिचय कराने वाले इंग्लैंड के सबसे प्रसिद्ध खगोलविद एडमंड हेली का निधन।
1758 – इंग्लैंड के राजा ने ईस्ट इंडिया कंपनी को भारत में लड़ाई में जीती हुई संपत्ति अपने पास रखने का अधिकार दिया।
1760 – फ्रांसीसी जनरल लेली ने पुडुचेरी अंग्रेज़ों को सौंपा।
1809 – इंग्लैंड और स्पेन ने 'नेपोलियन बोनापार्ट' के खिलाफ गठबंधन किया।
1867– पेरू ने स्पेन के खिलाफ जंग का ऐलान किया।
1898 – जोयी डार्लिंग ने टेस्ट मैच का पहला छक्का जड़ा।
1907 – जमैका में भूकंप से किंगस्टन शहर तबाह हो गया और लगभग 900 से ज्यादा लोग मारे गए।
1912 – रेमंड पोंकारे फ्रांस के प्रधानमंत्री बने।
1918– फ्रांस के पूर्व प्रधानमंत्री जोसेफ कैलाक्स को देशद्रोह के आरोप में गिरफ्तार किया गया।
1964– टेस्?ट गेंदबाज रमेशचंद्र गंगाराम नाडकर्णी ने आज के दिन लगातार 21 मेडन ओवर फेंकने का रिकॉर्ड बनाया था।
1969 – भारत के दक्षिणी राज्य मद्रास का नाम बदलकर तमिलनाडु किया गया।

## अमेरिका, चीन ने ताइवान समेत कई मुद्दों पर चर्चा की

**वाशिंगटन,** 13 जनवरी (एजेंसियां)। अमेरिका और चीन ने ताइवान जलडमरूमध्य पर स्थिरता समेत अन्य द्विपक्षीय एवं वैश्विक मुद्दों पर चर्चा की है।

अमेरिकी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने अपने बयान में कहा कि विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन और चीन के अंतर्राष्ट्रीय संपर्क विभाग के मंत्री लियू जियानचाओ के बीच शनिवार को ताइवान में होने वाले चुनाव से पहले यह बैठक हुई। उन्होंने बताया कि श्री ब्लिंकन ने ताइवान जलडमरूमध्य और दक्षिण चीन सागर में शांति और स्थिरता बनाए रखने के महत्व को दोहराया।

उन्होंने कहा कि श्री ब्लिंकेन और श्री जियानचाओं के बीच संभावित सहयोग के क्षेत्रों और मतभेद के क्षेत्रों पर भी रचनात्मक चर्चा हुई। दोनों पक्षों ने अमेरिका और चीन के बीच संचार के खुले चैनल बनाए रखने के महत्व पर प्रकाश डाला तथा यूक्रेन, उत्तर कोरिया और पश्चिम एशिया से संबंधित मामलों पर विचारों का आदान-प्रदान किया। इसके अलावा मादक द्रव्यों के खिलाफ सहयोग और सैन्य संचार पर हुई प्रगति को जारी रखने की पुष्टि की।

श्री मिलर ने कहा कि श्री ब्लिंकन ने उन अमेरिकी नागरिकों के मामलों को हल किये जाने पर भी जोर दिया, जिन्हें चीन में गलत तरीके से हिरासत में लिया गया है या बाहर निकलने पर प्रतिबंध लगाया गया है।


### बाइडेन की हूतियों की चेतावनी

# हमले जारी रहे तो होगी जवाबी कार्रवाई



**वाशिंगटन,** 13 जनवरी (एजेंसियां)। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने चेतावनी दी है कि अगर हूतियों ने अपना %अपमानजनक व्यवहार% जारी रखा तो उनके खिलाफ और भी जवाबी कार्रवाई की जाएगी। अमेरिका और ब्रिटेन द्वारा यमन में रात भर दर्जनों हवाई हमले शुरू करने के बाद शुक्रवार को बाइडेन ने यह टिप्पणी की। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि हमले सफल रहे और उन्हें लगा कि हूती एक आतंकवादी समूह है। हूतियों के अनुसार, हमले के दौरान यमन पर 70 से अधिक मिसाइलें दागी गईं। हूती प्रवक्ता मोहम्मद अब्दुस्सलाम ने कहा, उन्होंने (अमेरिका और ब्रिटेन) इस विश्वासघाती आक्रामकता के साथ मूर्खता की है। व्हाइट हाउस के राष्ट्रीय सुरक्षा प्रवक्ता जॉन किर्बी ने कहा, हमें यमन के साथ युद्ध में कोई दिलचस्पी नहीं है। हालाँकि, उन्होंने कहा कि बाइडेन हमारे सैनिकों और हमारी सुविधाओं और अंतर्राष्ट्रीय वाणिज्य की रक्षा के लिए आगे की कार्रवाई करने में संकोच नहीं करेंगे।

## विद्रोहियों के ठिकानों पर एक और हवाई हमला किया



**वाशिंगटन।** अमेरिका की सेना ने यमन में हाउती विद्रोहियों के ठिकानों पर एक और हवाई हमला किया है। सीएनएन ने अमेरिकी अधिकारियों के नामों का खुलासा न करने की शर्त पर उनके हवाले से अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। रिपोर्ट के मुताबिक शुक्रवार रात शुरू किये गये हमले अमेरिका और ब्रिटेन की ओर से गुरुवार को किये गये हमलों की तुलना में बहुत छोटे पैमाने पर थे। अमेरिका ने यह एक और अतिरिक्त हमला एकतरफा किया है। ज्वाइंट स्टाफ के निदेशक डगलस सिम्स ने बताया कि माना जाता है कि गुरुवार के हमलों से लाल सागर में जहाजों पर हमला करने की हाउती विद्रोहियों की क्षमता कमजोर हुई है।

### उज़्बेकिस्तान की हिन्दी विद्वान उल्फत बोली

# हिन्दी को कामकाज की भाषा बनाने के लिए भारतीयों को आगे बढ़ना होगा



**नई दिल्ली,** 13 जनवरी (एजेंसियां)। उज़्बेकिस्तान की हिन्दी विद्वान प्रो उल्फ़त मुखीबोवा का मानना है कि हिन्दी भाषा को कामकाज की भाषा बनाने और इसे वैश्विक स्तर पर स्थापित करने के लिए भारतीयों को आगे आना होगा तथा सरकार को प्रमुखता से हिन्दी में काम करने के लिए बाध्य करना होगा। भारत यात्रा पर आयीं प्रो मुखीबोवा ने शनिवार को यहां विशेष भेंट में कहा कि विश्व के कई देशों में हिन्दी भाषा को रोमन लिपि में लिखा जा रहा है, जो दुर्भाग्यपूर्ण है। इससे एक दिन हिन्दी भाषा के लिए पहचान का संकट पैदा हो जाएगा। प्रो मुखीबोवा ने वर्ष 1989 में तत्कालीन सोवियत संघ के सहयोग से बनी फिल्म %अली बाबा और चालीस चोर% का उल्लेख करते हुए कहा कि इस फिल्म के हिन्दी के संवाद जब रोमन लिपि में लिखे जा रहे, तो उन्होंने इसका विरोध किया था और हिन्दी फिल्म निर्देशक को इसके परिणामों के प्रति चेतावनी दी थी। उन्होंने कहा कि पूरी दुनिया और विशेषकर रुस तथा मध्य एशिया क्षेत्र में हिन्दी के प्रचार-प्रसार में हिन्दी फिल्मों का बहुत योगदान है। इस संदर्भ में उन्होंने खासतौर पर अभिनेता राजकपूर और उनकी कई फिल्म आवारा, श्री 420 आदि का उल्लेख किया। प्रो मुखीबोवा ने भारत में सरकारी कामकाज की भाषा अंग्रेजी होने पर दुख व्यक्त करते हुए कहा, भारत आकर मेरी हिन्दी बिगड़ जाती है और वाक्यों में अंग्रेजी भाषा के शब्द प्रयोग करने पड़ते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसा इसलिए है कि देश में ज्यादातर सरकारी कामकाज अंग्रेजी में हो रहा है। उन्होंने चीन, रुस, जापान, जर्मनी का उदाहरण देते हुए कहा कि अंग्रेजी का विरोध नहीं होना चाहिए, लेकिन भारत में सरकारी कामकाज हिन्दी में होना चाहिए और इसके लिए भारतीयों को अपनी सरकार पर दबाव बनाना होगा।

## 8 सालों में एआईआईबी की ताकत में इजाफा

**बीजिंग,** 13 जनवरी (एजेंसियां)। 16 जनवरी को एशियाई बुनियादी संस्थापन निवेश बैंक (एआईआईबी) की स्थापना की 8वीं वर्षगांठ है। इधर के कुछ सालों में विभिन्न पक्षों की समान कोशिशों से एआईआईबी स्थिरता से आगे बढ़ रहा है, जिसमें मजबूत जीवंत शक्ति नजर आ रही है। वर्तमान अंतरराष्ट्रीय आर्थिक व वित्तीय व्यवस्था सुधारने खासकर विकासशील देशों के ढांचागत निर्माण में एआईआईबी अपना विशिष्ट योगदान दे रहा है। एआईआईबी चीन के प्रस्ताव से स्थापित बहुपक्षीय विकास बैंक है।

उसका मुख्यालय पेइचिंग में स्थित है। 16 जनवरी 2016 को एआईआईबी औपचारिक रूप से शुरू हुआ। उसके 57 संस्थापक सदस्य हैं। चीन उसका सबसे बड़ा शेयरधारक है और भारत दूसरा सबसे बड़ा शेयरधारक है। वर्तमान में उसके सदस्यों की संख्या बढ़कर 109 हो गयी है, जो विश्व के छह महाद्वीपों में फैले हैं। एआईआईबी को एसएनपी, मूडीज और फिल्च तीन सबसे बड़ी अंतरराष्ट्रीय रेटिंग संस्थाओं की सर्वोच्च क्रेडिटिंग दर्जा मिली है। वह विश्व बैंक, एशियाई विकास बैंक समेत बीस से अधिक बहुपक्षीय संस्थाओं के साथ सहयोग करता है।

**पर्यावरण** *अब 2024 भी पिछले साल के नक्शे कदम पर*

# विश्व स्तर पर सबसे गर्म रहा पिछला साल

**लंदन, 13 जनवरी (एजेंसियां)। ब्रिटेन में मौसम कार्यालय और ईस्ट एंग्लिया विश्वविद्यालय द्वारा शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, वैश्विक स्तर पर 1850 से लेकर अब तक के दर्ज रिकॉर्ड में 2023 सबसे गर्म वर्ष रहा। वर्ष 2023 लगातार दसवां वर्ष है जब वैश्विक तापमान पुरा-औद्योगिक अवधि (1850-1900) से 1.0 डिग्री सेल्सियस या उससे ज्यादा अधिक रहा है। 2023 में वैश्विक औसत तापमान पुरा-औद्योगिक काल के औसत से 1.46 डिग्री सेल्सियस ऊपर था। यह 2016 के मान से 0.17 डिग्री सेल्सियस अधिक गर्म रहा, जो रिकॉर्ड पर पिछला सबसे गर्म वर्ष था।**

मौसम कार्यालय के जलवायु निगरानी और अनुसंधान वैज्ञानिक डॉ. कॉलिन मोरिस ने बताया, 174 वर्षों के अवलोकन में अब 2023 की दुनिया भर में औसतन सबसे गर्म वर्ष के रूप में पुष्टि की गई है। 2023 ने मासिक रिकॉर्ड की एक श्रृंखला भी स्थापित की, मासिक वैश्विक औसत तापमान जून के बाद से रिकॉर्ड स्तर पर बना हुआ है। अप्रैल के बाद से समुद्र की सतह का तापमान रिकॉर्ड स्तर पर बना हुआ है। मोरिस ने कहा, पूर्व-औद्योगिक स्तरों से ऊपर वैश्विक औसत तापमान में लगभग 1.25 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि की पृष्ठभूमि पर साल-दर-साल भिन्नताएं बैठती हैं। यह वार्मिंग ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन के माध्यम से मानव-प्रेरित जलवायु परिवर्तन के लिए जिम्मेदार है। दीर्घकालिक वार्मिंग के अलावा, अल नीनो



स्थितियों में परिवर्तन ने वर्ष के उत्तरार्ध में तापमान को और अधिक बढ़ाने में योगदान दिया। अल नीनो उष्णकटिबंधीय प्रशांत क्षेत्र में जलवायु परिवर्तनशीलता के एक पैटर्न का हिस्सा है जो वैश्विक वातावरण में गर्मी प्रदान करता है, जिससे एक व्यक्तिगत वर्ष के तापमान में अस्थायी रूप से 0.2 डिग्री सेल्सियस तक वृद्धि होती है।

यह जलवायु परिवर्तनशीलता के विपरीत पैटर्न, ला निवा के विपरीत है, जिसने 2021 और 2022 में वैश्विक औसत तापमान को दबा दिया। मौसम कार्यालय का अनुमान है कि 2024 में वैश्विक तापमान पूर्व-औद्योगिक काल (1850-1900) के औसत से 1.34 डिग्री सेल्सियस और 1.58 डिग्री सेल्सियस (केंद्रीय अनुमान 1.46 डिग्री सेल्सियस के साथ) के बीच रहेगा - यह लगातार 11वां वर्ष है जब तापमान पूर्व-औद्योगिक स्तर से कम से कम 1.0 डिग्री सेल्सियस ऊपर पहुंच गया। पच्चीस साल पहले, 1998 वैश्विक औसत तापमान के लिए एक रिकॉर्ड तोड़ने वाला वर्ष था। ईस्ट एंग्लिया विश्वविद्यालय की जलवायु अनुसंधान इकाई के प्रोफेसर टिम ओसबोर्न ने कहा, लेकिन पिछले साल का वैश्विक तापमान 1998 की तुलना में 0.5 डिग्री सेल्सियस अधिक था, जिससे यह सबूत मिलता है कि हमारा ग्रह प्रति दशक औसतन 0.2 डिग्री सेल्सियस गर्म हो रहा है।

## वर्ग पहेली 6436

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ■ | ■ | ३ | | ४ | |
| | ■ | | ■ | ५ | | | ■ | | ■ |
| ६ | | | ■ | | ■ | ७ | | | ८ |
| | ■ | | ■ | ९ | | | ■ | ■ | |
| ■ | १० | | ११ | | ■ | ■ | १२ | | |
| ■ | | ■ | | ■ | १३ | | | ■ | |
| १४ | | १५ | | ■ | | ■ | १६ | १७ | ■ |
| | ■ | | ■ | १८ | | १९ | ■ | | ■ |
| २० | | | ■ | | ■ | २१ | | | २२ |
| | ■ | २३ | | | | | ■ | ■ | |

**बायें से दायें:-**

१. कम पढ़ा-लिखा, कट्टर अक्षर पूजक या मौलवी
३. पहाड़ के नीचे की भूमि
५. पति (उर्दू)
६. विवाह विच्छेद (उर्दू)
७. वैद्यों को मिलने वाली एक उपाधि
९. दिखलाना
१०. गुत्थी, फंसाव या किसी समस्य का दूर होना
१२. कमल
१३. जिसके पास कोई हथियार न हो, नि:शस्त्र
१४. नशे में बड़बड़ाना व भ्रष्ट होना
१६. झुका हुआ
१८. जिसमें मन न लगे, अरुचिकर (उर्दू)
२०. सरस्वती, दुर्गा
२१. किसी भाषा के अक्षरों की क्रमबद्ध सूची
२३. उत्तर भारत में स्थित एक विश्वविख्यात ऐतिहासिक इमारत

**ऊपर से नीचे:-**

१. हथेली
२. भविष्य, भावी (उर्दू)
३. आवेश में आना, क्रुद्ध होना
४. क़ातिल
५. क्रय करना, मोल लेना (उर्दू)
८. पेचीदगी, कठिनता, घुमावदार होना
१०. संधि, मेल, समझौता
११. टूटकर गिरना, बरसना
१२. उठना, उठाना, बढ़ती, उन्नति
१३. ममतारहित, निष्ठुर
१४. ताकतवर
१५. कर देने वाला
१७. अनुवाद (उर्दू)
१८. पत्नी (उर्दू)
१९. नया, नवीन
२२. मुंह से निकलने वाला लसदार, तरल

### वर्ग पहेली-6435

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ मा | न | २ दे | य | ■ | ■ | ३ सु | प्र | ४ सि | द्ध |
| न | ■ | व | ■ | ५ वि | क्षि | प्त | ■ | त | ■ |
| ६ व | च | ना | मृ | त | ■ | ७ ज | न | म | ८ त |
| ता | ■ | ग | ■ | ९ र | स | न | ■ | ■ | ह |
| ■ | १० प | री | ११ क्ष | क | ■ | ■ | १२ बे | बा | की |
| ■ | रं | ■ | म | ■ | १३ प | तो | हू | ■ | का |
| १४ आ | तु | १५ र | ता | ■ | वि | ■ | १६ दा | १७ व | त |
| त्म | ■ | ण | ■ | १८ पा | त्र | १९ ता | ■ | रु | ■ |
| २० ह | टा | ना | ■ | ल | ■ | २१ प | रि | ण | २२ य |
| त्य | ■ | २३ द | र्द | ना | क | ■ | ■ | ■ | दि |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## दुनिया को जानें

# डब्ल्यूएचओ ने कोविड से खतरा बरकरार रहने की दी चेतावनी

**जिनेवा,** 13 जनवरी (एजेंसियां) । विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के एक वरिष्ठ विशेषज्ञ ने कहा कि कोविड-19 वायरस के कारण सार्वजनिक स्वास्थ्य जोखिम वैश्विक स्तर पर बना हुआ है, यह वायरस सभी देशों में फैल रहा है। महामारी रोकथाम के लिए जिम्मेदार डब्ल्यूएचओ की अंतरिम निदेशक मारिया वैन केरखोव ने एक विशेष ब्रीफिंग में जिनेवा में कहा कि अपशिष्ट जल विश्लेषण पर आधारित अनुमान के अनुसार, कोविड-19 का वास्तविक प्रसार रिपोर्ट किए गए मामलों की संख्या से दो से 19 गुना अधिक है। उन्होंने कई अंगों को प्रभावित करने वाली पोस्ट-कोविड स्थितियों (जिसे 'लॉन्ग कोविड' भी कहा जाता है) के उद्भव के बारे में भी चिंता व्यक्त की। जबकि चरम के बाद से कोविड से संबंधित मौतों में भारी कमी आई है, फिर भी 50 देशों में प्रति माह लगभग 10 हजार मौतें हो रही हैं। वान केरखोव ने वायरस की उभरती प्रकृति के बारे में चिंता व्यक्त की, इसमें डब्ल्यूएचओ द्वारा विश्लेषण किए गए वैश्विक अनुक्रमों में से लगभग 57 प्रतिशत का प्रतिनिधित्व करने वाले कोविड-19 जेएन.1 वैरिएंट का प्रतिनिधित्व किया गया है।

# प्रादेशिकी

## कोहरे के चलते जनजीवन प्रभावित

**हरिद्वार।** धर्मनगरी हरिद्वार में भी ठंड प्रकोप जारी है। शीतलहर और घने कोहरे की वजह से जन जीवन बुरी तरह से प्रभावित हो रहा है। आसमानों में दिन-भर बादलों का डेरा रहता है। शनिवार को भी लोगों को ठंड से राहत नहीं मिली, दिन भर आसमानों में बादल छाए रहे। हरिद्वार में ठंड का असर अब यातायात व्यवस्थाओं पर भी पड़ने लगा है। भारी ठंड के चलते सड़कों पर भी आवाजाही बेहद कम हो रही है। दूसरे राज्यों से आने वाले यात्रियों की संख्या भी बेहद कम रही, जिसके चलते यात्रियों और स्नानार्थियों से गुलजार रहने वाली हर की पौड़ी और अन्य घाटों पर सन्नाटा छाया रहा। लोग ठंड के बचने के लिए अलाव का सहारा ले रहे है।

# देवभूमि उत्तराखंड की स्वच्छता का संदेश देश-दुनिया तक जाए : धामी

**देहरादून,** 13 जनवरी (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्यमंत्री आवास में उच्च स्तरीय बैठक लेते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि राज्य में स्वच्छता अभियान व्यापक स्तर पर चलाया जाए। उन्होंने कहा कि स्वच्छता के प्रति

- **बोले-राज्य में जन सहभागिता से स्वच्छता अभियान व्यापक स्तर पर चलाया जाए**
- **हर जनपद एवं ब्लॉक में एक-एक लाइब्रेरी बनेगी**



जागरूकता के साथ ही इसके लिए जन सहभागिता भी सुनिश्चित की जाय। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि एक साल के अंदर देहरादून, हरिद्वार, रुद्रपुर, हल्द्वानी और कोटद्वार को स्वच्छता रैंकिंग में ऊपर लाने के लिए सुनियोजित योजना बनाकर कार्य किए जाय। जिन राज्यों में स्वच्छता के लिए अच्छे कार्य हुए हैं, उन राज्यों की बेस्ट प्रैक्टिस को भी अपनाया जाय।

मुख्यमंत्री ने कहा कि देवभूमि उत्तराखंड में करोड़ों श्रद्धालु दर्शन करने के लिए आते हैं। यह सुनिश्चित किया जाय कि देवभूमि उत्तराखंड की स्वच्छता का संदेश देश- दुनिया तक जाए। उन्होंने कहा शहरों के सौंदर्यीकरण और इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट की दिशा में भी निरंतर कार्य किए जाय। उन्होंने कहा कि जन सहभागिता से ही जन सरोकारों से संबंधित अभियान सफल होते हैं, स्वच्छता अभियान में भी जन सहभागिता और सामाजिक संगठनों का पूरा सहयोग लिया जाय।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में बुके नहीं बुक की संस्कृति बनाई जाय, विभिन्न कार्यक्रमों और अतिथियों को भेंट करने के लिए बुके के स्थान पर बुक भेंट की जाय। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि हर जनपद एवं ब्लॉक में एक-एक लाइब्रेरी बनाई जाय। लाइब्रेरी में जन सामान्य और प्रतियोगी परीक्षाओं में भाग लेने वालों के लिए के लिए उपयोगी पुस्तकों की व्यवस्था की जाय।

मुख्यमंत्री ने कहा कि खेलों को बढ़ावा देने और युवाओं को नशा मुक्त अभियान से जोड़ने के उद्देश्य से स्कूलों में खेल मैदानों को सुदृढ़ करने के लिए शिक्षा विभाग से समन्वय कर विकास प्राधिकरण और नगर निकाय कार्य करें, ताकि शैक्षणिक समय के बाद इन खेल मैदानों का खेल प्रेमियों की सुविधा के लिए बेहतर उपयोग हो सके।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकारी आयोजनों में खाने की बर्बादी न हो, खाने के दुरुपयोग को रोकने के लिए प्रभावी कार्य योजना बनाई जाय। निजी समारोहों में खाने के दुरुपयोग को रोकने के लिए भी जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश मुख्यमंत्री ने दिए। बैठक में अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी, सचिव शैलेश बगोली, विनय शंकर पाण्डेय, विशेष सचिव डॉ. पराग मधुकर धकाते, एडीजी ए. पी अंशुमन, महानिदेशक शिक्षा बंशीधर तिवारी उपस्थित थे।

## धामी सरकार की राज्य कर्मचारियों को महंगाई भत्ते की सौगात

**देहरादून।** राज्य कर्मचारी, सहायता प्राप्त शिक्षण एवं प्राविधिक शिक्षण संस्थानों के साथ ही शहरी स्थानीय निकायों में नियमित और पूर्णकालिक कर्मचारी को महंगाई भत्ता दिए जाने से जुड़ा आदेश जारी किया गया है। वित्त विभाग ने इसको लेकर आदेश जारी किया है। अब तक राज्य में कर्मचारियों को 42 प्रतिशत महंगाई भत्ता दिया जाता था। जिसे बढ़ाकर 46 प्रतिशत किए जाने के आदेश दिए गए हैं।

- **सरकारी कार्मिकों और पेंशनर्स का बढ़ा 4 प्रतिशत महंगाई भत्ता**
- **2.5 लाख से ज्यादा कर्मचारी और पेंशनभोगियों को मिलेगा लाथ**

उत्तराखंड में राज्य कर्मचारियों को बढ़े हुए महंगाई भत्ते का लाभ 1 जुलाई 2023 से मिलेगा। यानी 6 महीने पहले से सरकार ने कर्मचारियों को यह भत्ता देने का फैसला लिया है। राज्य सरकार की तरफ से कर्मचारियों के अलावा सातवें वेतनमान का लाभ लेने वाले पेंशनर्स को भी 4 प्रतिशत बड़े हुए महंगाई भत्ते का लाभ देने का निर्णय लिया है। इस तरह उत्तराखंड के ढाई लाख से ज्यादा और पेंशनर्स सरकार के फैसले से लाभान्वित होने जा रहे हैं। बता दें कि राज्य कर्मचारियों की तरफ से लंबे समय से महंगाई भत्ते में बढ़ोतरी की मांग की जा रही थी। जिस पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अनुमोदन दिया था। अब इस मामले में आदेश जारी होने के बाद कर्मचारी संगठनों ने भी सरकार के इस निर्णय का स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री को इसके लिए आभार जताया है। हालांकि, इससे पहले कर्मचारी संगठन की तरफ से महंगाई भत्ता नहीं बढ़ाए जाने की स्थिति में विरोध प्रदर्शन करने की भी चेतावनी सरकार को दी गई थी, लेकिन राज्य सरकार ने इन सभी मांगों पर सहमति जताते हुए कर्मचारियों के विरोध के कार्यक्रम से पहले ही उन्हें महंगाई भत्ते का लाभ दे दिया है।उक्त वर्णित शतों एवं पूर्व में वर्णित शर्तों व प्रतिबन्धों के अधीन उपरोक्तानुसार स्वीकृत मंहगाई भत्ता उत्तराखण्ड राज्य के अधीन कार्यरत अखिल भारतीय सेवा के अधिकारियों को भी अनुमन्य होगा।

# एसजेवीएन अब एक प्रमाणित 'ग्रेट प्लेस टू वर्क' : शर्मा

**शिमला,** 13 जनवरी (देशबन्धु)। एसजेवीएन के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक,नन्द लाल शर्मा ने कहा कि यह गर्व की बात है कि एसजेवीएन को ग्रेट प्लेस टू वर्क के रूप में प्रमाणित किया गया है। यह प्रमाणन भारत के ग्रेट प्लेस टू वर्क द्वारा जारी किया गया है।

नन्द लाल शर्मा ने कहा कि यह प्रतिष्ठित अवार्ड एसजेवीएन की अपने कर्मचारियों के लिए सकारात्मक एवं सहायक कार्य संस्कृति को बढ़ावा देने की अटूट प्रतिबद्धता का प्रमाण है। शर्मा ने कहा, हम कार्य करने के लिए एक बेहतर कार्यस्थल के रूप में पहचाने जाने पर सम्मानित महसूस कर रहे हैं। यह उपलब्धि एक ऐसे कार्यस्थल को विकसित करने के लिए हमारी पूरी टीम के समर्पण को दर्शाती है, जो कर्मचारियों की भलाई को प्राथमिकता देता है और सहयोग एवं विकास की संस्कृति को बढ़ावा देता है।

एसजेवीएन के कर्मचारियों ने ट्रस्ट इंडेक्स सर्वे में बढ़-चढ़कर भाग लिया, जो विश्वसनीयता, सम्मान, निष्पक्षता, गर्व तथा सौहार्द्र के मापदंडों पर आधारित है। इस सर्वेक्षण में एसजेवीएन के 92 प्रतिशत कर्मचारियों ने भाग लिया, जिसके परिणामस्वरूप यह प्रमाणन प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा ह प्रमाणन कर्मचारियों के व्यापक फीडबैक और कार्यस्थल संस्कृति, नीतियों तथा प्रथाओं के मूल्यांकन के आधार पर प्रदान किया जाता है। एसजेवीएन ने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है और एक ऐसा कार्यस्थल बनाने के प्रति अपने समर्पण का प्रदर्शन किया है जहां कर्मचारी स्वयं को महत्वपूर्ण और प्रेरित महसूस करते हैं। ग्रेट प्लेस टू वर्कइ कार्यस्थल संस्कृति पर वैश्विक प्राधिकरण है। इसका मिशन प्रत्येक कार्यस्थल को सभी के लिए एक बेहतरीन कार्यस्थल बनाने में सहायता करना है। ग्रेट प्लेस टू वर्क0 के साथ 179 देश एफिलिएट है और यह प्रतिवर्ष दो करोड़ कर्मचारियों के साथ 18000 कंपनियों का सर्वेक्षण करता है।

## सार संक्षेप

### रामनगर में किशोरी से दुष्कर्म के दोषी को दस साल की सजा

**नैनीताल।** रामनगर में एक किशोरी से दुष्कर्म के मामले में पॉक्सो कोर्ट ने आरोप साबित होने पर अभियुक्त को 10 साल सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 20 हजार रुपये जुर्माना भी लगाया है। अक्तूबर 2020 में रामनगर की किशोरी के साथ नावेद ने संबंध बनाए थे। किशोरी के भाई व अन्य लोगों ने उसे कमरे से पकड़ा था। रामनगर थाने में उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ। विशेष न्यायाधीश पॉक्सो कोर्ट नंदन सिंह राणा ने इस मामले में सजा सुनाई। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता नवीन चंद्र जोशी ने बताया कि 11 अक्तूबर 2020 को यह घटना हुई थी। इसके बाद उसी दिन शाम को पीड़िता का मेडिकल भी किया गया था। मामले की जांच कर रही एसआई बबीता मेहरा ने सभी सैंपल जांच के लिए एफएसएल देहरादून को भेजे थे। मगर इस बीच पीड़िता और उसे पिता गवाही के दौरान आरोपों से मुकर गए। मगर जांच के लिए देहरादून भेजे गए सैंपल की रिपोर्ट में आरोपी और पीड़िता का डीएनए मैच हुआ था। इसके बाद आठ गवाह इस मामले में अदालत में पेश किए गए। इसमें एफएसएल में जांच करने वाले डा. मनोज अग्रवाल भी शामिल थे। आरोप साबित होने के बाद शुक्रवार को इस मामले में सजा सुनाई गई है। इसमें आरोपी को 10 साल की सजा और 20 हजार रुपये जुर्माना की सजा दी गई है।

### चमोली के चार गांव में लग जाता है कर्फ्यू, पूजा के हैं कठोर नियम

**चमोली।** जिले के सलूड और उर्गम गांवों में ऐसी पूजा होती है, जिसके नियम काफी कठोर होते हैं। इस दौरान गांव का कोई भी व्यक्ति गांव से बाहर कदम नहीं रख सकता है। न ही कोई बाहर का व्यक्ति गांव में घुस सकता है। इस पूजा को उबेद उखेल कहा जाता है, जो काफी कठोर नियमों के तहत होती है। उत्तराखंड के चार गांवों में अचानक लॉकडाउन लगा दिया गया। इन गांवों का कोई भी व्यक्ति न तो गांव की सीमा से बाहर जा सकेगा और न ही बाहर से कोई इन गांवों में प्रवेश कर सकेगा। दरअसल, देवभूमि उत्तराखंड में देवताओं की पूजा करने के लिए हर गांव और क्षेत्र के अपने-अपने अनुष्ठान और रिवाज हैं। ऐसा ही एक रिवाज सीमांत जिले चमोली की उर्गम घाटी के चार गांवों में खुशहाली, अच्छी फसल और सेहत के लिए अनुष्ठान चल रहा है। प्रत्येक 60 साल में होने वाली यह पूजा चार दिन तक चलेगी। पूजा-अर्चना निर्विघ्न चले, इसलिए गांवों की सीमाओं पर पूजित चावल व अन्य अनाज से मंत्रों के जरिए लक्ष्मण रेखा खींच दी गई है। जितने दिन तक पूजा-अर्चना होगी, उतने दिन तक इन गांवों का कोई भी व्यक्ति न तो गांव की सीमा से बाहर जा सकेगा और न ही बाहर से कोई इन गांवों में प्रवेश कर सकेगा। उर्गम घाटी के डुंग्री, बरोसी और जोशीमठ क्षेत्र के सलूड़ और डुंग्रा गांव के लोग इन दिनों भूमियाल देवता के मंदिर में पूजा अर्चना में मग्न हैं।

### सुडोकू 6436 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 7 | 1 | 6 | 8 | 4 | 9 | 2 | 5 |
| 8 | 2 | 4 | 1 | 5 | 9 | 7 | 6 | 3 |
| 9 | 6 | 5 | 3 | 2 | 7 | 4 | 1 | 8 |
| 5 | 8 | 7 | 2 | 4 | 1 | 6 | 3 | 9 |
| 2 | 9 | 3 | 8 | 6 | 5 | 1 | 4 | 7 |
| 4 | 1 | 6 | 7 | 9 | 3 | 8 | 5 | 2 |
| 1 | 4 | 9 | 5 | 3 | 8 | 2 | 7 | 6 |
| 6 | 5 | 8 | 4 | 7 | 2 | 3 | 9 | 1 |
| 7 | 3 | 2 | 9 | 1 | 6 | 5 | 8 | 4 |

# डेढ़ दशक पहले लगातार दो साल सर्दियों में रहा बारिश में लम्बा गैप

**देहरादून,** 13 जनवरी (देशबन्धु)। मानसून बाद इस बार तीन माह से ज्यादा लंबे 'ड्राइ स्पैल' ने कृषि के लिए 'सूखे'

- **अब भी 20 तक बारिश की संभावना नहीं**

के हालात पैदा कर दिए हैं। असिंचित भूमि में गेहूं को एक बार भी पानी नहीं मिल पाया है। बारिश और हिमपात न होने के कारण मौसम विज्ञानियों से लेकर आम लोगों तक सभी की चिंताएं बढ़ गई हैं। लेकिन, यह स्थिति पहली बार उत्पन्न नहीं हुई है। पिछले दो दशक में पहले भी पांच अलग-अलग वर्षों के दरमियान बारिश और हिमपात के मामले में हालात करीब-करीब ऐसे ही रहे हैं।

पिछले साल मानसून की बारिश अगस्त के बाद से आमतौर पर नहीं मिली। सितंबर में एकाध मौकों पर कुछ क्षेत्रों में ही हल्की बारिश हुई। मानसून की विदाई के बाद अक्तूबर में उच्च पहाड़ी क्षेत्रों को छोड़कर बाकी कहीं बारिश नहीं हुई। मौजूदा सर्दियों का सीजन बिना बारिश-बर्फ के ही गुजर गया है। बर्फबारी न होने से मसूरी-नैनीताल समेत उन पहाड़ी शहरों की आर्थिकी व्यापक तौर पर प्रभावित हुई है, जो पर्यटन सीजन पर निर्भर रहते हैं।

## पहाड़ों में तापमान सामान्य से ऊपर, बागवानी के लिए ठीक नहीं, मैदानों में 'कोल्ड डे कंडीशन'

मौसम विभाग के निदेशक बिक्रम सिंह कहते हैं कि असिंचित कृषि क्षेत्र वाले किसानों के लिए समस्याजनक स्थिति है। पहाड़ों में भी तापमान थोड़ा ज्यादा चल रहे हैं। यह भी बागवानी के लिए ठीक नहीं हैं। मौसम अभी 20 तक साफ ही रहने की उम्मीद है। हरिद्वार और ऊधम सिंह नगर में कोहरे के कारण कोल्ड डे कंडीशन बनी हुई है, जो अगले दो-तीन दिन रहेगी। अलबत्ता, 17 जनवरी को टिहरी, उत्तरकाशी, रूद्रप्रयाग, चमोली, पिथौरागढ़, बागेश्वर आदि अंदरूनी पहाड़ी जिलों में कहीं-कहीं हल्की बारिश हो सकती है।

# 9 पीसीएस व 10 पुलिस अफसरों का हुआ ट्रांसफर

**देहरादून,** 13 जनवरी (देशबन्धु)। उत्तराखंड में लोकसभा चुनाव से ठीक पहले अब अधिकारियों के तबादलों का सिलसिला तेज हो गया है। इसी कड़ी में शासन ने जहां कई पीसीएस अधिकारियों के तबादले की सूची जारी की तो वहीं पुलिस मुख्यालय ने भी 10 पुलिस अधिकारियों की जिम्मेदारी में बदलाव किया गया है। उत्तराखंड शासन ने 9 पीसीएस अधिकारियों की जिम्मेदारी में बदलाव किया है। इस दौरान शासन ने दो अलग-अलग आदेश जारी किए हैं। एक आदेश में तीन पीसीएस अधिकारियों के तबादले किए गए हैं तो वहीं दूसरी सूची में 6 पीसीएस अधिकारियों को बदला गया है।



उत्तराखंड में हुए ताबड़तोड़ तबादले

शासन में अपर सचिव कार्मिक कर्मेंद्र सिंह ने तीन पीसीएस अधिकारियों के तबादलों की सूची जारी की है। इनमें किशन सिंह नेगी को विशेष भूमि अध्यप्ति अधिकारी के पद से हटाते हुए उप मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय मुख्य निर्वाचन अधिकारी देहरादून की जिम्मेदारी दी गई है। सुश्री मुक्ता मिश्रा को संयुक्त निदेशक शहरी विकास के अलावा उपमुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय मुख्य निर्वाचन अधिकारी का अतिरिक्त प्रभार भी दिया गया है।

स्मृता परमार को उपसचिव उत्तराखंड सूचना आयोग से हटाते हुए विशेष भूमि अध्यप्ति अधिकारी देहरादून की जिम्मेदारी दी गई है। राहुल कुमार गोयल को नगर आयुक्त नगर निगम ऋषिकेश से हटाया गया है। उन्हें गढ़वाल मंडल के आयुक्त कार्यालय में सम्बद्ध किया गया है। शैलेश सिंह नेगी को डिप्टी कलेक्टर टिहरी की जिम्मेदारी से हटाते हुए नगर आयुक्त नगर निगम ऋषिकेश की बड़ी जिम्मेदारी दी गई है। चतर सिंह चौहान को डिप्टी कलेक्टर उत्तरकाशी के पद से हटाते हुए डिप्टी कलेक्टर पौड़ी बनाया गया है। युक्ता मिश्रा को डिप्टी कलेक्टर देहरादून से डिप्टी कलेक्टर पौड़ी के लिए भेजा गया है। अबरार अहमद को पौड़ी से डिप्टी कलेक्टर चमोली भेजा गया। नवाजिश खालिक को डिप्टी कलेक्टर पौड़ी से हटाते हुए डिप्टी कलेक्टर उत्तरकाशी की जिम्मेदारी दी गई।

**पुलिस विभाग में भी तबादले**

उधर दूसरी तरफ पुलिस मुख्यालय ने भी बड़ी संख्या में आईआरबी और पीएसी में अधिकारियों की जिम्मेदारी में बदलाव किए हैं। अपर पुलिस महानिदेशक अमित कुमार सिन्हा द्वारा जारी आदेश में पुलिस उपाधीक्षकों की जिम्मेदारी बदली गई है। बलजीत सिंह भाकुनी को सहायक सेना नायक आईआरबी प्रथम रामनगर, श्याम दत्त नौटियाल को सहायक सेनानायक 40 पीएसी हरिद्वार, भूपेंद्र सिंह भंडारी को जनपद नैनीताल भेजा गया है।भूपेंद्र सिंह धोनी को सहायक सेनानायक 31 पीएसी रुद्रपुर, अविनाश वर्मा को सहायक सेनानायक 46वीं पीएसी रुद्रपुर, सुरेंद्र प्रसाद बलूनी को सहायक सेनानायक 40 पीएसी हरिद्वार, वंदना वर्मा को सहायक सेनानायक 31 पीएसी रुद्रपुर, शिवराज सिंह को सहायक सेनानायक 46 पीएसी रुद्रपुर, राकेश रावत को सेनानायक आईआरबी प्रथम रुद्रपुर और पूर्णिमा गर्ग को सहायक सेनानायक आईआरबी द्वितीय देहरादून भेजा गया है।

# मकर संक्रांति स्नान के लिए तैयार हरिद्वार

**हरिद्वार,** 13 जनवरी (देशबन्धु)। लोहडी व मकर सक्रान्ति स्नान को सकुशल संपन्न कराने के लिए पुलिस विभाग ने रणनीति बनाकर पुलिस कर्मियों को सख्त निर्देश दिये कि डयूटी के दौरान

- **7 जोन, 17 सेक्टर में बंटा मेला क्षेत्र, भारी पुलिस फोर्स तैनात**
- **लोहड़ी-मकर सक्रान्ति स्नान सकुशल संपन्न कराने के लिए पुलिस ने बनाई रणनीति**



लापरवाहीं बर्दाश्त नहीं की जायेगी।

आज यहां पुलिस अधीक्षक नगर (नोडल अधिकारी मेला) स्वतंत्र कुमार सिंह द्वारा अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में लोहड़ीध् मकर सक्रान्ति स्नान पर्व हेतु नियुक्त फोर्स को ब्रीफ किया गया। उन्होंने कहा कि स्थानीय अभिसूचना ईकाई के अधिकारी गुप्त रूप से पूरे मेला क्षेत्र में कड़ी नजर रखेंगे लाभप्रद सूचना से उच्च अधिकारियों को तत्काल अवगत कराएंगे, प्रत्येक जोन अधिकारी अन्य अधिकारीगण के साथ मिलकर क्षेत्र के संभ्रांत व्यक्तियों से समन्वय व्यवस्थाओं को दुरुस्त बनाने में अपना पूर्ण योगदान देंगे। ड्यूटी पर नाम मात्र का खड़ा नहीं होना है हमें जिम्मेदारियां का निर्वहन करना है तथा जो असुविधा हो रही है उसका समाधान ढूंढ कर व्यवस्था को दुरुस्त बनाना है। आवश्यक कार्य को छोड़कर किसी भी दशा में अनावश्यक बात विचार या मोबाइल का प्रयोग नहीं करना है छोटी सी लापरवाही कभीकृकभी बड़ा रूप ले लेती है जिस हेतु हमें अपने प्वाइंटों पर सतर्क रहना है। विगत स्नानों में देखा गया कि लोहड़ीध् मकरसक्रान्ति स्नान पर अचानक से भीड़ बढ़ जाती हैं जिससे हमें पहले से ही छोटी बड़ी सभी तैयारी करके रहना है। प्रत्येक जोनल अधिकारी अपने अपने क्षेत्र में वैकल्पिक मार्गों का भीड़ बढ़ने की दशा में उपयोग कर जनसंख्या के दबाव को नियंत्रित करेंगे। मनसा देवी, चंडी देवी में ड्यूटी प्रभारी यह सुनिश्चित करेंगे की श्रद्धालुगण कतार में ही आगे बढ़ें। भीड़ का दबाव बढ़ने पर तत्काल कंट्रोल रूम को जानकारी देने के साथ व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखेंगे। महिला घाट पर नियुक्त महिला कर्मी मुस्तैदी के साथ अपनी ड्यूटी का निर्वहन करें। जिस स्थान पर अधिक भीड़ की संभावनाएं रहती हैं क्योंकि प्रत्येक महिला एवं उसके परिजन उसी के आसपास रहते हैं। किसी को स्नान के लिए बहुत अधिक समय नहीं दिया जाए। महिला घाट से श्रद्धालुओं को लगातार बाहर निकलते हुए उनके गंतव्य को भेजा जाए। स्नान के दौरान प्रत्येक कर्मी को सही समय पर अपने डयूटी प्वाईंट पर आकर मुस्तैदी के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करना है। स्नान के दौरान घाटों पर श्रद्धालुओं के डूबने की संभावनाएं बनी रहती हैं, घाटों पर नियुक्त जल पुलिस की टीमें लगातार मौजूद व सतर्क रहें जिससे कि किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके।

**मकर संक्रांति स्नान के लिए दिशा निर्देश**

विगत स्नानों में देखा गया कि लोहड़ी व मकर सक्रान्ति स्नान पर अचानक से भीड़ बढ़ जाती है। जिससे हमें पहले से ही छोटी बड़ी सभी तैयारी करके रहना है।

प्रत्येक जोनल अधिकारी अपने अपने क्षेत्र में वैकल्पिक मार्गों का भीड़ बढ़ने की दशा में उपयोग कर जनसंख्या के दबाव को नियंत्रित करेंगे।

# कार खाई में गिरी चार घायल

**नैनीताल,** 13 जनवरी (देशबन्धु)। शनिवार की सुबह एक टैक्सी खाई में जा गिरी। हालांकि टैक्सी 20 मीटर गहरी खाई में गिरकर एक बिजली के पोल से जा टिकी जिससे कार सवार चार लोग सुरक्षित बच सके। चारों सामान्य घायल बताए जा रहे है। मिली जानकारी के अनुसार मल्लीताल के सात नंबर क्षेत्र स्थित अल्मा कॉटेज में एक टैक्सी अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरी। बताया जा रहा है कि हादसे के समय 33 वर्षीय मदनए 40 वर्षीय केशवए 31 वर्षीय उमेश व एक अन्य कार में मौजूद थे। जैसे ही चालक ने वाहन को स्टार्ट किया तो वो अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरी। गनीमत रही कि कार 20 मीटर नीचे जाकर एक बिजली के पोल पर टिक गई। अगर कार पोल पर नहीं रुकती तो बहुत गहरी खाई में



गिरती और न जाने कितना बड़ा नुकसान हो जाता। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसे के समय कार में चार लोग सवार थे। कार को गिरता देख सभी स्थानीय लोग मदद को पहुंचे और घायलों को कार से बाहर निकाला। इसके बाद चारों घायलों को नजदीकी सड़क तक ले जाया गया और दूसरी कार में बैठाकर स्थानीय बीण्डीण्पाण्डे अस्पताल भेज दिया गया। चिकित्सको का कहना है कि कार हादसे के घायलों को लाया गया थाए जिसमें दो की हालत स्थिर है और दो का उपचार चल रहा है।

## नागा संन्यासियों का जत्था अयोध्या के लिए रवाना

**हरिद्वार,** 13 जनवरी (देशबन्धु)। 22 जनवरी को अयोध्या में श्री रामलला के अभिषेक के लिए जूना अखाड़े के नागा संन्यासियों का जत्था उत्तराखंड के समस्त तीर्थो के पवित्र जल कलशों के साथ हर की पैड़ी पर मां गंगा तथा दक्ष प्रजापति पर भगवान शिव की पूजा अर्चना कर अयोध्या के लिए रवाना हो गया।

शनिवार की सुबह जय श्री राम, हर हर महादेव के जय घोष के साथ नागा संन्यासी आनंद भैरव व हरिद्वार की अधिष्ठात्री देवी माया देवी की पूजा अर्चना कर अखाड़े के अंतर्राष्ट्रीय सचिव श्री महंत महेश पुरी, मुख्य पुजारी श्रीमंहत सुरेशानंद सरस्वती के नेतृत्व में नागा संन्यासियों का जत्था हर की पैड़ी पहुंचा। जहां मां गंगा की पूजा अर्चना कर दुग्ध अभिषेक कर पवित्र गंगाजल से कलश भरा। इसके साथ ही उत्तराखंड के समस्त तीर्थों से लाये जल से पूरित कलश का भी पूजन किया गया। यहां से पवित्र कलशों को लेकर नागा सन्यासी दक्षेश्वर महादेव मंदिर कनखल पहुंचे तथा भगवान शिव का अभिषेक कर अयोध्या में राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की निर्विघ्न संपन्न होने की प्रार्थना की।

# आगामी अक्तूबर माह से गाड़ियों की मैनुअल फिटनेस जांच बंद होगी

**शिमला,** 13 जनवरी (देशबन्धु)। हिमाचल में आगामी अक्तूबर माह से गाडियों की मैनुअल फिटनेस जांच बंद होगी। परिवहन विभाग वाहनों की जांच के लिए आटोमैटिड टेस्टिंग सेंटर खोलेगा। आटोमैटिड टेस्टिंग सेंटर (एटीसी) में फिटनेस में 2 मर्तबा फेल गाड़ी को स्कैप घोषित किया जाएगा। उप मुख्यमंत्री एवं परिवहन मंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने पत्रकार वार्ता में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि नई व्यवस्था को पहली अक्तूबर से लागू किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि पुराने वाहनों को स्क्रैप घोषित करने की व्यवस्था लागू की जाएगी। प्रदेश में छह वाहन स्क्रैपिंग सेंटर स्थापित किए जा रहे हैं। इनके लिए एक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्ट (ईओआई)जारी कर दिए गए हैं। स्क्रैपिंग सेंटर खुलने के बाद इन्हीं में गाडियों की स्क्रैपिंग होने लगेगी। वर्तमान में मेटल स्क्रैप ट्रेड स्क्रैपिंग कॉरपोरेशन ऑफ़ इण्डिया में ऐसे वाहनों को भेजा जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 15 साल से ज्यादा की सरकारी गाडियों की रजिस्ट्रेशन रद्द कर दी गई है और उनको स्क्रैप में भेजा जा रहा है।

## फैंसी नंबर की सीरीज से 11 करोड़ रुपए कमाए

अग्निहोत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार ने अब एक नंबर की



सीरीज को भी निजी वाहनों के लिए देने का फैसला लिया है। पहले यह सीरीज केवल सरकारी गाडियों के लिए रखी गई थी। अब इसको निजी वाहनों को बोलियों पर दिया जा रहा है और इसके लिए 5 लाख से ज्यादा की बोलियां रखी गई हैं। प्रदेश में एक नंबर की सीरीज के पांच नंबर जारी किए जा चुके हैं जिनमें से एक 35 लाख में भी बिका है। इसके साथ ही अभी तक गाडयिों के कुल 3155 फैंसी नंबर जारी किए जा चुके हैं जिनसे परिवहन विभाग को 11 करोड़ की आय हुई है।

## पैसेंजर एंड गुड्स टैक्स न जमा कराने वालों को राहत

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि कई सालों से पैसेंजर एंड गुड्स टैक्स जमा न करवाने वालों वाहन मालिकों को राहत देने का सरकार ने फैसला लिया है। ऐसा वाहन मालिकों को परिवहन विभाग द्वारा लगाई गई पैनल्टी का सिर्फ 10 फीसद ही जमा करना होगा। नई व्यवस्था को लागू करने से परिवहन विभाग के खजाने में 50 लाख की रकम आई है।

## घायलों को अस्पताल पहुंचाने वालों को 5 हजार का ईनाम

अग्निहोत्री ने कहा कि दुर्घटना में घायलों को अस्पताल पहुंचाने वालों को पुलिस तंग नहीं करेगी ,बल्कि इनको अब 5 हजार रुपए का ईनाम मिलेगा। कहा कि परिवहन विभाग लोगों को ट्रैफिक रूल्स के बारे में जागरूक करने के लिए रोड सेफ्टी अभियान 15 जनवरी से शुरू करेगा जोकि तीन माह तक चलेगाण् इसके बाद नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्ती बरती जाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार ब्लैक स्पॉट की पहचान कर इन्हें सुधारेगी। कहा कि परिवहन विभाग में भी अब ई चालान की सुविधा मिलेगी और मौके पर जुर्माना भी लोग चुका सकेंगे। इसके साथ परिवहन विभाग के 12 बैरियरों को इंटेलीजेंट मैनेजमेंट सिस्टम से लैस करने के बाद यहां पर आटोमैटिड चालान शुरू होने लगेंगे।




देशबन्धु नई दिल्ली, रविवार, 14 जनवरी, 2024, डाक पंजीयन संख्या :- DL (ND)-11/6176/2015-16-17

### सोशल मीडिया से ब्रेक की घोषणा के एक दिन बाद इंस्टाग्राम पर लौटीं सेलेना गोमेज

**लॉस एंजेलिस।** सेलेना गोमेज सोशल मीडिया पर वापस आ गई हैं। सिंगर और एक्ट्रेस द्वारा कुछ समय के लिए सोशल मीडिया से ब्रेक लेने की योजना की घोषणा करने के एक दिन बाद, उन्होंने शेफ गॉर्डन रामसे के साथ एक कोलेबोरेटिव कूकिंग वीडियो को बढ़ावा देने के लिए इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया। पीपल मैगजीन की रिपोर्ट के अनुसार, 31 वर्षीय गोमेज ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर क्लिप के साथ लिखा, गॉर्डन रामसे ने मेरी रसोई में कदम रखा और मुझे बताया कि एक अद्भुत नाश्ता बर्गर कैसे बनाया जाता है। पूरे वीडियो में, 57 वर्षीय रामसे, सेलेना को नाश्ते के बर्गर के लिए तले हुए अंडे से लेकर टर्की बेकन और बहुत कुछ पकाने और सामग्री इकट्ठा करना सिखाते हैं।

## समृद्धि शुक्ला ने 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' में भूमि त्रिवेदी के साथ स्टेज किया शेयर



**मुंबई,** 13 जनवरी (एजेंसियां)। एक्ट्रेस समृद्धि शुक्ला ने मकर संक्रांति सेगमेंट के शो 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' में बॉलीवुड सिंगर भूमि त्रिवेदी के साथ स्टेज साझा करने के अपने एक्सपीरियंस को साझा करते हुए इसे अद्भुत और अनोखा बताया है। 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' भारतीय टेलीविजन पर सबसे लंबे समय तक चलने वाला शो है, और शो की विरासत को समृद्धि (अभीरा) और शहजादा धामी (अरमान) ने आगे बढ़ाया है। दर्शकों को एक घंटे का स्पेशल एपिसोड देखने को मिलेगा, जिसमें शो 'बातें कुछ अनकही सी' से सायली सालुंखे (वंदना) और मोहित मलिक (कुणाल) भी शामिल होंगे। परिवार मकर संक्रांति उत्सव की तैयारी कर रहे हैं। शो में समृद्धि, शहजादा, सायली और मोहित मकर संक्रांति मनाते नजर आएंगे। भूमि, जो 'राम-लीला', 'रईस', 'जीरो' जैसी फिल्मों में अपने गानों के लिए जानी जाती हैं, शो का मुख्य आकर्षण होंगी और उत्सव के लिए अपने लोकप्रिय ट्रैक प्रस्तुत करके मकर संक्रांति का जश्न मनाती नजर आएंगी।

उसी के बारे में बात करते हुए, समृद्धि ने कहा कि भूमि त्रिवेदी के साथ स्टेज साझा करने का अनुभव अद्भुत और अनोखा था। वह काफी प्रोफेशनल है और यही वह बात है जिसकी मैं उनकी सबसे अधिक प्रशंसा करती हूं।

उन्होंने कहा कि मकर संक्रांति मेरे पसंदीदा त्योहारों में से एक है। शो बातें कुछ अनकही सी के साथ एक इंटीग्रेशन है जो दर्शकों को देखने को मिलेगा और एक बड़ा ड्रामा भी उनका इंतजार कर रहा है। यह स्पेशल एपिसोड 14 जनवरी को स्टार प्लस पर प्रसारित होगा।

# मोटे लोगों में ब्लड कैंसर होने का खतरा अधिक

■ जांचकर्ताओं ने 2,628 व्यक्तियों को नामांकित किया ■ मल्टीपल मायलोमा विकसित होने का खतरा अधिक

**न्यूयॉर्क,** 13 जनवरी (एजेंसियां)। नए शोध के अनुसार, मोटे लोगों में बिनाइन ब्लड कंडीशन होने की संभावना अधिक होती है, जो अक्सर मल्टीपल मायलोमा (प्लाज्मा सेल्स का ब्लड कैंसर) से पहले होती है। शोधकर्ताओं ने पाया कि वजन, धूम्रपान की आदतें और व्यायाम किसी के मल्टीपल मायलोमा विकसित होने की संभावना को प्रभावित कर सकते हैं। बिनाइन ब्लड कंडीनशन, जिसे अनिर्धारित महत्व की मोनोक्लोनल गैमोपैथी (एमजीयूएस) कहा जाता है, प्लाज्मा सेल्स द्वारा उत्पादित एक असामान्य प्रोटीन की विशेषता है, जो मल्टीपल मायलोमा का एक ज्ञात अग्रदूत है।




एमजीयूएस वाले अधिकांश लोगों में कोई महत्वपूर्ण लक्षण नहीं दिखते हैं और वे तुरंत बीमार नहीं होते हैं। ब्लड एडवांसेज जर्नल में प्रकाशित अध्ययन में कहा गया है कि एमजीयूएस की उपस्थिति मल्टीपल मायलोमा जैसी अधिक गंभीर स्थितियों के संभावित विकास की निगरानी के लिए एक चेतावनी के रूप में कार्य करती है, जो एमजीयूएस में बदल सकती है।

मैसाचुसेट्स जनरल हॉस्पिटल के इंटरनल मेडिसिन रेजिडेंट डेविड ली ने बताया कि मल्टीपल मायलोमा के लिए चिकित्सा विज्ञान में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है, यह एक लाइलाज बीमारी बनी हुई है, जिसका अक्सर निदान तब किया जाता है जब मरीजों को पहले से ही अंतिम अंग क्षति का अनुभव हो चुका होता है।

उन्होंने कहा कि हमारा अनुसंधान समूह एमजीयूएस के जोखिम कारकों और एटियोलॉजी की जांच करने पर केंद्रित है ताकि यह बेहतर ढंग से समझा जा सके कि एमजीयूएस विकसित होने और इसके मल्टीपल मायलोमा में बढ़ने का खतरा किसे बढ़ सकता है।

जांचकर्ताओं ने 2,628 व्यक्तियों को नामांकित किया, जिनमें स्व-पहचान की गई नस्ल और हेमटोलोगिक विकृतियों के पारिवारिक इतिहास के आधार पर मल्टीपल मायलोमा विकसित होने का खतरा अधिक था। प्रतिभागियों की एमजीयूएस के लिए जांच की गई।

उम्र, लिंग, नस्ल, शिक्षा और आय पर नियंत्रण करने के बाद, टीम ने पाया कि सामान्य वजन वाले व्यक्तियों की तुलना में मोटापे के कारण एमजीयूएस होने की संभावना 73 प्रतिशत अधिक है।

अत्यधिक सक्रिय व्यक्तियों में बीएमआई वर्ग के लिए समायोजन के बाद भी एमजीयूएस होने की संभावना कम थी, जबकि जो लोग भारी धूम्रपान और कम नींद की शिकायत करते थे, उनमें एमजीयूएस का पता लगाने योग्य स्तर होने की अधिक संभावना थी। जबकि, जांचकर्ताओं ने एमजीयूएस, मोटापा और जीवनशैली कारकों के बीच एक मजबूत संबंध पाया है, लेकिन उनके पास कारण मानने के लिए पर्याप्त सबूत नहीं हैं।

डॉ. ली ने बताया कि ये परिणाम कैंसर के खतरे पर वजन, व्यायाम और धूम्रपान जैसे परिवर्तनीय जोखिम कारकों के प्रभाव को समझने में हमारे भविष्य के शोध का मार्गदर्शन करते हैं।

## 'हनुमान' के निर्देशक प्रशांत वर्मा ने किया खुलासा, मामूली बजट में बनी है फिल्म

**मुंबई,** 13 जनवरी (एजेंसियां)। दर्शकों से अच्छी प्रतिक्रिया पाने वाली सुपरहीरो फिल्म 'हनुमान' सीमित बजट में बनाई गई है। फिल्म के निर्देशक प्रशांत वर्मा ने खुलासा किया कि यह प्रोजेक्ट हाई-बजट एक्शन फिल्म नहीं है। यह फैंस और क्रिटिक्स से समान रूप से शानदार रिव्यूज प्राप्त करके रिकॉर्ड बना रही है। सीमित बजट पर फिल्म बनाने के बावजूद, प्रशांत को एक सुपरहीरो फिल्म बनाने के लिए सराहना मिली है जो देखने में मनोरम है और अच्छाई बनाम बुराई की एक मनोरंजक कहानी प्रस्तुत करता है।

वर्मा की प्रतिभा किसी से कम नहीं है, यह फिल्म यह दिखाते हुए शैली में नए मानक स्थापित करती है कि एक सुपरहीरो फिल्म को पैसे से ज्यादा दूरदर्शिता की जरूरत होती है। मास्टरस्ट्रोक कदम में, वर्मा ने फिल्म को फ्रेश लुक, विजन और पैलेट देने के लिए वीएफएक्स स्टार्टअप कंपनियों और नए डिजाइनरों के साथ भी काम किया। इसका रिस्पांस जबरदस्त रहा। उन्होंने कहा कि फिल्म को हमने बहुत कम बजट में शुरू किया था, लेकिन जैसे-जैसे हम आगे बढ़ते गए। जैसे-जैसे हनुमान बड़े होते जा रहे हैं, दर्शकों के प्यार से प्रोजेक्ट भी बड़ी होती जा रही है। शुरुआत में हमने एक क्रिएटिव जारी किया और फिर, किसी ने इसे देखा, वे इसमें आए और वे इसके निर्माण में भागीदार बन गए। उन्होंने फिल्म को उससे भी बड़ा बना दिया। यह बहुत ही खूबसूरत फिल्म है जो अच्छाई बनाम बुराई के बारे में बहुत अच्छी कहानी बताती है। उन्होंने आगे कहा कि साथ ही, कुछ एपिक मोमेंट भी होंगे।



## आखिर दुआ कबूल हुई कश्मीरियों की, बर्फ गिरी पर मामूली सी

■ सुरेश एस डुग्गर

